RNI NO. 26443/66

सफल व्यक्ति कोई नया काम नही करता, बल्कि वो काम को नए तरीके से करता है।

पोस्टल रजि. नं. जोधपुर/09/2024-26

# दैनिक जलते दीप

संस्थापकः स्व. श्री माणक मेहता | जोधपुर एवं जयपुर से एक साथ प्रकाशित | वर्ष 55 अंक 128 | जोधपुर, शुक्रवार 9 फरवरी 2024 | मूल्यः 4.00 रु. | पृष्ठः 12 | ईमेलः jaltedeep@gmail.com

## 'दीया' ने अंतरिम बजट में सब को कुछ ना कुछ 'दिया'

# बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य पर फोकस



**राजस्थान अंतरिम बजट - 2024-25**

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की भजन लाल सरकार ने गुरुवार को विधानसभा में अपना पहला बजट पेश किया।

उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी ने अंतरिम बजट पेश किया जिसमें वार्षिक वित्तीय अनुमान वर्ष 2024-25 में 67 हजार 240 करोड़ 48 लाख रुपए का राजकोषीय घाटा, 23 हजार 869 करोड़ 36 लाख रुपए का राजस्व घाटा, दो लाख 82 हजार 247 करोड़ 65 लाख रुपए राजस्व व्यय, दो लाख 58 हजार 378 करोड़ 29 लाख रुपए की राजस्व प्राप्तियां तथा चार लाख 86 हजार 615 करोड़ 10 लाख रुपए का कुल व्यय बताया गया है।

बजट में युवाओं को रोजगार देने के लिए 70 हजार पदों पर भर्तियां करने, पांच लाख से अधिक घरों पर सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य एवं प्रतिमाह 300 यूनिट तक बिजली निःशुल्क, इंटर-स्टेट सहित जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा जैसे शहरों के लिए 500 इलेक्ट्रिक बसों की व्यवस्था, जल जीवन मिशन में 25 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल के लिए लगभग 15 हजार करोड़ रुपए व्यय करने, वंचित क्षेत्रों में महाविद्यालय , विद्रूालय , चिकित्सालय, प्रशासनिक कार्यालय आदि की स्थापना एवं क्रमोन्नयन के लिए एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान सहित कई घोषणाएं की गई हैं।

**जोधपुर, जयपुर व कोटा में 500 इलेक्ट्रिकल बसें चलेंगी**

■ जलतेदीप, जयपुर

वित्त और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने घोषणा की है कि राजस्थान के पांच लाख घरों में सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। इसके अलावा प्रदेश में सड़कों के विकास के लिए पंद्रह सौ करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया जा रहा है। हंगामे के बीच गुरुवार को प्रदेश की वित्त और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी विधानसभा में अंतरिम बजट पेश कर रहीं हैं। उन्होंने ऐलान किया कि प्रदेश में 70 हजार पदों पर भर्तियां होगी। दीया ने बजट भाषण में गहलोत सरकार पर आरोप लगाए तो विपक्ष ने हंगामा किया। हंगामा बढ़ने लगा तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दखल देना पड़ा। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार की गलत नीतियों के फलस्वरूप विरासत में बड़ा कर्ज मिला है। कर्ज दोगुना होकर पांच लाख करोड़ से ज्यादा हो गया है। देश में पंजाब के बाद सबसे ज्यादा कर्ज हम पर है। पिछली सरकार ने 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपए में से मात्र 93 हजार करोड़ का खर्च पूंजीगत व्यय के रूप में किया गया। यानी 60 प्रतिशत कर्ज का उपयोग गैर पूंजीगत व्यय के रूप में किया गया। उन्होंने कहा कि जयपुर मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। नए रूट के लिए डीपीआर को मंजूरी दी गई है। वहीं जोधपुर, कोटा और जयपुर में 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। बजट भाषण के दौरान पूर्व सरकार पर आरोपों को लेकर विपक्ष हंगामा करने लगा। विपक्ष की टोकाटाकी पर नाराजगी जताते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि मुझे बोलने तो दीजिए, आपको महिला वित्त मंत्री से दिक्कत है क्या? विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विपक्ष के विधायकों को चेतावनी दी। हंगामा बढ़ने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दखल देते हुए कहा कि महिला बजट पढ़ रही हैं, आपको प्रोत्साहित करना चाहिए। यह बजट है, यह बहस नहीं है। इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि हम हंगामा नहीं करेंगे यदि वित्त मंत्री राजनीतिक टिप्पणियां नहीं करते हुए अपना लिखित भाषण पढ़ें।

### विधानसभा का प्रथम सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

विधानसभा अध्यक्ष डॉ.वासुदेव देवनानी द्वारा राजस्थान विधानसभा के प्रथम सत्र को गुरूवार दोपहर 1 बजे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।



## 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के सपने को साकार करने वाला बजट है : शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनता जनार्दन की आशाओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने बजट 2024-25 (लेखानुदान) प्रस्तुत किया है। इसमें यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार महिलाओं, किसानों, छात्रों, व्यापारियों एवं कार्मिकों सहित सभी वर्गों को बड़ी सौगातें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि आपणो अग्रणी राजस्थान के सपने को साकार करने की दिशा में इस बजट में महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए हैं। शर्मा गुरूवार को उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट (लेखानुदान) के संबंध में प्रतिक्रिया दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट राज्य सरकार के सुराज संकल्प के सपने को साकार करने वाला और प्रदेश को विकास एवं उन्नति के पथ पर अग्रसर करने वाला साबित होगा। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास एवं सबका कल्याण' को केंद्र में रखते हुए इस बजट में अंतिम छोर पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति को भरपूर राहत देने की ठोस पहल की गई है।

## राजस्थान के पांच लाख घरों में सोलर प्लांट लगेंगे, 70 हजार पदों पर होंगी भर्तियां

वित्त मंत्री दियाकुमारी ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में लेखानुदान प्रस्तुत करते हुए बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य पर फोकस करने का सरकार का इरादा जाहिर कर दिया। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने के साथ वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज के किराए में छूट देने के साथ किसानों के लिए भी कई ऐलान किए। उन्होंने बजट में युवाओं के लिए 70 हजार नई भर्तियों की घोषणा की गई है। वहीं, बुजुर्ग और महिलाओं की पेंशन में 150 रुपये का इजाफा किया गया है। इसके अलावा किसानों के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड स्कीम भी शुरू होगी और 5 लाख गोपालकों को कर्ज दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1000 से बढ़ाकर 1150 की गई है। इसके लिए 1800 करोड़ का वित्तीय प्रावधान किया गया है। स्ट्रीट वेंडर्स और मजदूरों के लिए मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना शुरू की जाएगी। इसमें 100 रुपए तक मासिक प्रीमियम देना होगा। इसके बाद 60 साल के बाद 2000 रुपए पेंशन मिलेगी। 60 से 80 साल तक के वरिष्ठ नागरिकों को अब रोडवेज में आधा किराया ही लगेगा। छूट 30 से बढ़ाकर 50 फीसदी की गई है। उन्होंने कहा कि चिरंजीवी योजना का नाम अब मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना किया गया है। इस योजना में कैंसर का डे केयर इलाज भी शामिल होगा। अगले साल से हाईवे पर एक्सीडेंट में जान बचाने के लिए 25 एडवांस लाइफसपोर्ट एंबुलेंस उपलब्ध करवाई जाएंगी।

बजट में किसानों के लिए भी कई घोषणाएं की गई। इनमें 2000 करोड़ का कृषि क्षेत्र के लिए राजस्थान एग्रीकल्चर कोष बनाने के साथ 20 हजार फॉर्म पोन्ड, 5000 किसानों के लिए वर्मी कम्पोस्ट, फूडपार्क और हॉर्टीकल्चर हब और 500 कस्टमर हायरिंग सेंटर बनाने की घोषणा शामिल है। किसानों को मुफ्त बीज किट दिए जाएंगे। किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट कार्ड दिया जाएगा। पहले फेज में 5 लाख गोपालक परिवारों को कर्ज दिया जाएगा।

### युवाओं व महिलाओं को खास प्राथमिकता

उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान का अंतरिम बजट 2024-25 पेश किया। बजट में महिलाओं को खास प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ने महिलाओं के लिए रसोई का पिटारा खोल दिया है। इसमें उन्होंने 450 रुपए में घरेलू सिलेंडर देने के अलावा महिलाओं को कई बड़ी सौगातें दी हैं। साथ ही, राज्य कर्मचारियों को भी खुश करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि चीनी और गुड़ पर मंडी टैक्स खत्म होगा। राजस्थान इकोनॉमिक रिवाइवल टास्क फोर्स बनेगी। बकाया वैट के मामलों के लिए 31 जुलाई तक के लिए एमनेस्टी योजना चलाएंगे। वाहन कर से जुड़ी एमनेस्टी योजना चलाई जाएगी। माइनिंग एमनेस्टी योजना में ओवरलोडिंग में कंपांउड राशि में 96 फीसदी तक छूट दी जाएगी। निवेशकों के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन और सभी जिलों में 24 घंटे काम करने वाले आदर्श स्टेशन शुरू किए जाएंगे।

## सरसरी नजर

### दस हजार 523 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी को मंजूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने दूरसंचार सेवाओं और कवरेज की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से विभिन्न मेगाहर्ट्ज के तहत 10523.1 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम नीलामी को गुरुवार को मंजूरी दे दी, जिससे सरकार को आरक्षित मूल्य पर 96317.65 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने का अनुमान है।

### मोदी जन्म से नहीं है ओबीसी : राहुल

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति को लेकर सवाल उठाया और तीखे अंदाज में देश की जनता को बताया कि मोदी ओबीसी नहीं हैं।

### फटकारो...




## दिशाहीन, विजनविहीन और जनाकांक्षाओं के विपरीत भ्रामक बजट : गहलोत



■ जलतेदीप, जयपुर

कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा गुरुवार को विधानसभा में प्रस्तुत लेखानुदान बजट को दिशाहीन, विजनविहीन और प्रदेश की आठ करोड़ जनता के लिए घोर निराशाजनक बताते हुए इसे जनाकांक्षाओं के विपरीत भ्रामक बजट की संज्ञा दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान की वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए लेखानुदान में प्रदेश के लिए विजन की बजाय पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप ही दिखाई दिए हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि राजस्थान सरकार पर कर्ज दो लाख करोड़ बढ़ गया, पर मैं उनकी जानकारी में लाना चाहूंगा कि भारत सरकार पर यूपीए सरकार के समय 2014 तक 55 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था जो 2023 तक 106 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 161 लाख करोड़ रुपये हो गया है। राजस्थान सरकार के सभी फाइनेंसियल इंडिकेटर भारत सरकार से बेहतर रहे हैं। राजस्थान की स्टेट जीडीपी 2018 में करीब 9 लाख करोड़ थी जो 2023 में लगभग 15 लाख करोड़ रुपये हो गई एवं राजस्थान आर्थिक विकास दर में उत्तर भारत में नंबर 1 और देश में नंबर 2 तक पहुंचा। उन्होंने आरोप लगाया कि आज के लेखानुदान से राजस्थान की भाजपा सरकार ने 'मोदी की गारंटी' की हवा निकाल दी है क्योंकि मोदी जी ने चुनाव में राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीमतें गुजरात और यूपी जैसे पड़ोसी राज्यों के समान करने की गारंटी दी थी पर आज लेखानुदान में इसका जिक्र तक नहीं किया गया है। यह दिखाता है कि मोदी की गारंटी पूरी तरह खोखली हैं। वैसे गारंटी शब्द ही मोदीजी ने कांग्रेस के कैंपेन से चुराया है। गहलोत ने कहा कि किसान विरोधी सोच को प्रदर्शित करते हुए भाजपा सरकार ने हमारी सरकार द्वारा शुरू किए गए पृथक कृषि बजट को समाप्त कर दिया है जबकि वर्तमान बीजेपी सरकार के कृषि मंत्री ने पदभार संभालने के बाद हमारी इस पहल का स्वागत किया था।

इसके अलावा लेखानुदान में सीतापुरा से अंबाबाड़ी मेट्रो की डीपीआर की घोषणा करना बताता है कि 10 वर्ष पहले भी हमारी सरकार का विजन सही था।

**राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन-2024**

## राज्यसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी, नामांकन प्रक्रिया शुरू

■ जलतेदीप, जयपुर

राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन-2024 के लिए गुरूवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नांमाकन पत्र भरने की प्रक्रिया 8 फरवरी से आरंभ हो गयी है। मुख्य निवार्चन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 फरवरी, 2024 तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया के लिए राजस्थान विधानसभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा को रिटर्निंग ऑफिसर एवं सुरेश चंद्र पारीक को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक विधानसभा में जमा किए जा सकते हैं। विधानसभा के कमरा नं. 110 से अभ्यर्थी नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते हैं एवं इन्हें कमरा नं. 106 में जमा कराया जा सकेगा।

## सरकार ने 10 दिन के लिए तबादलों से रोक हटाई, शिक्षा विभाग में नहीं होंगे ट्रांसफर

### पिछले साल 15 जनवरी को लगी थी रोक

■ जलतेदीप, जयपुर

तबादलों पर लगे रोक को हटने का इंतजार कर रहे कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार ने गुरुवार को एक आदेश जारी करके 10 दिन के लिए तबादलों से बैन हटाया है। अब सभी विभाग, निगम, बोर्डों में अपनी जरूरत के अनुसार कर्मचारियों के तबादले 10 से 20 फरवरी के बीच किए जा सकेंगे। प्रशासनिक सुधार विभाग से जारी आदेश के अनुसार, पिछले साल 15 जनवरी से प्रदेश के सभी विभागों में ट्रांसफर-पोस्टिंग पर बैन लगा दिया था। विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बदल गई और अब बड़ी संख्या में मेडिकल हेल्थ, पीएचईडी, ट्रांसपोर्ट, यूडीएच, बिजली, फाइनेंस, पीडब्ल्यूडी समेत अन्य विभागों के कर्मचारियों की तबादले के लिए विधायकों के पास डिजायर आ रही है।

### शिक्षा मंत्रालय में नही होंगे तबादले

जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि शिक्षा विभाग में अभी तबादले नही होंगे। उन्होंने कहा कि अभी निकट समय में बोर्ड की परीक्षा होनी है इसलिए तबादले करना संभव नहीं है । तबादलों से स्कूल छात्रों की परीक्षा व्यवस्था मै व्यवधान उत्पन्न होगा । इसलिए छात्र हित में अभी तबादले नही किए जायेगे। परीक्षा पूर्ण होने के बाद विचार किया जाएगा।

## विश्व के पहले ओम् आश्रम का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव कल से, मुख्य समारोह 19 को

### 60 देशों से आएंगे 2200 से ज्यादा विदेशी मेहमान, नौ दिन तक चलेगी शिव महापुराण कथा





पाली, 8 फरवरी (निसं)। पाली जिले के जाडन स्थित विश्व के एकमात्र ओम् के आकार का शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 10 फरवरी से शुरू होगा। मुख्य कार्यक्रम 19 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। ओम् अलखपुरीजी सिद्धपीठ परम्परा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी महेश्वरानंद ने इसकी स्थापना की। स्वामी महेश्वरानंद के उत्तराधिकारी अवतार पुरी व प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यकारिणी के सलाहकार नेमीचंद चोपड़ा ने बताया कि महोत्सव को भव्य बनाने के लिए 500 से ज्यादा लोगों की टीम जुटी हुई हैं। 60 देशों से 2200 से ज्यादा देशी-विदेशी मेहमानों के रुकने के लि डोम, स्वीट कॉटेज, हवन यज्ञ, भव्य प्रवेश द्वार बनाए गए है। महोत्सव के दौरान 150 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। इसके साथ ही जगह-जगह सीसीटीवी कै मरे लगाए गए है। स्वामी योगेश पुरी ने बताया कि ओम आकार का यह भवन अगले 300 सालों तक सुरक्षित रहेगा। भवन को भूकम्प, तेज हवा, आंधी-तूफान से नुकसान न पहुंचे इसको देखते हुए डिजाइन किया गया है और उसी मजबूती से बनाया गया है। तेज भूकम्प के झटकों का भी इस भवन में असर नहीं होगा। (शेष पेज 2 पर)

## मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने जारी किया 'ब्लैक पेपर'

■ एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस ने गुरुवार को मोदी सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर जारी कर केन्द्र सरकार की कमियां गिनाईं और मोदी सरकार पर झूठी गारंटी देने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल पर ब्लैक पेपर जारी करते हुए कहा कि बीते 10 वर्षों में इस सरकार की नीतियों से गरीब, किसान, नौजवान और महिलाएं परेशान रही हैं। ये सरकार सिर्फ झूठ की गारंटी दे रही है। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जब भी संसद में अपनी बात रखते हैं तो अपनी असफलताओं को छिपाते हैं।

### नवी मुम्बई के बाहरी भाग में स्थित जसाई में हुआ शांतिदूत का पावन पदार्पण

## मानव जीवन रूपी अमूल्य पूंजी का लाभ उठाएं : आचार्यश्री महाश्रमण

■ विशेष प्रतिनिधि, जसाई (नवी मुम्बई)

नवी मुम्बई के वाशी में आयोजित होने वाले तेरापंथ धर्मसंघ के 160वें मर्यादा महोत्सव से पूर्व तेरापंथ धर्मसंघ के वर्तमान अधिशास्ता, युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी नवी मुम्बई के उपनगरों को भी अपनी चरणरज से पावन बना रहे हैं। गुरुवार को प्रातःकाल की मंगल बेला में शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी ने उरण के उरण एजुकेशन सोसायटी से मंगल प्रस्थान किया। पनवेल-नवी मुम्बई राजमार्ग पर लगभग बारह किलोमीटर का विहार कर आचार्यश्री अपनी धवल सेना के साथ जसाई में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज व उनके गुरु को समर्पित शिव समर्थ स्मारक में पधारे। आचार्यश्री का आज का प्रवास यहीं हुआ।

इसी म्यूजियम के हॉल में उपस्थित जनता को महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी ने पावन पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन को दुर्लभ बताया गया है और इस दुर्लभ जीवन को प्राप्त करने के बाद धर्म के संदर्भ में लाभ प्राप्त कर लेता है, वह जीव धन्य बन जाता है। जो मनुष्य इस मानव जीवन को प्रमाद और व्यसनों में गंवा देता है, वह एक अभागा आदमी होता है। वह आदमी अधम होता है, जो धर्म को छोड़कर भोग, व्यसन, चोरी, हत्या, पाप आदि में लिप्त होकर अधर्म की ओर चला जाता है। इस दुर्लभ मानव जीवन की तुलना कल्पवृक्ष, चिन्तामणि रत्न और गजराज से की गई है। जिस प्रकार एक मूढ़ मनुष्य इन पदार्थों को प्राप्त करने के बाद भी उनका त्याग कर अनुपयोगी वस्तुओं को प्राप्त करने में लग जाता है।



तीन प्रकार के मानव इस संसार में बताए गए हैं। जो मानव अधर्म, पाप, चोरी, हिंसा, हत्या, झूठ, छल-कपट, आदि में लग जाता है, वह अपनी मानव जीवन रूपी अमूल्य सम्पत्ति का नाश कर अधोगति को प्राप्त कर लेता है। दूसरा मानव जो पाप तो नहीं करता, किन्तु किसी प्रकार का धर्म भी नहीं करता, वह इस दुर्लभ मानव जीवन रूपी पूंजी को संचय मात्र करता है, न गंवाता है और उससे कमाई कर पाता है, वह पुनः मानव जीवन को प्राप्त कर सकता है। तीसरे प्रकार का आदमी जो मानव जीवन रूपी पूंजी का लाभ उठाता है और धर्म, ध्यान, साधना, सेवा, परोपकार आदि जैसे कार्यों में लगाकर मानव जीवन रूपी पूंजी को इतना बढ़ाता है कि वह ऊर्ध्वगति को प्राप्त कर लेता है। वे मनुष्य धन्य होते हैं जो इस मानव जीवन का पूर्ण लाभ उठाकर मोक्षश्री का वरण कर लेते हैं।

यह मनुष्य जीवन की महिमा है कि आदमी यहां से उन्नत साधना कर सीधे मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। इसलिए आदमी को इस दुर्लभ मनुष्य जीवन का लाभ उठाने का प्रयास करना चाहिए। जितना संभव हो सके, जीवन में धर्म की चेतना पुष्ट होती रहे। तेरापंथी श्रावक-श्राविकाएं प्रतिदिन एक सामायिक करने का प्रयास करें। सुबह-सुबह एक सामायिक हो जाए तो कितनी अच्छी बात हो सकती है। शनिवार की सायं सात से आठ बजे की सामायिक तो बोनस ही हो जाएगी। शेष पृष्ठ 2 पर

## दीया कुमारी ने भजन लाल सरकार के अंतरिम बजट में प्रदेश की उम्मीदों को रोशन करने का प्रयास किया

■ गोपेन्द्र नाथ भट्ट

राजस्थान में बीस वर्षों के बाद किसी स्वतंत्र वित्त मंत्री के रूप में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को विधान सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार का पहला लेखानुदान बजट रखा है। प्रदेश में वर्ष 2003 में अशोक गहलोत के वित्त मंत्री प्रद्युम्न सिंह ने एक स्वतंत्र वित्त मंत्री के रूप में विधान सभा के पटल पर आखिरी बजट रखा था, उसके बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों के शासन काल में वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत ही बारी बारी से विधान सभा में मुख्यमंत्री के साथ साथ वित्त मंत्री के रूप में बजट पेश करते रहे। राजस्थान विधान सभा में आज गुरुवार को एक अलग ही प्रकार की छटा देखने को मिली। गुलाबी रंग की राजस्थानी प्रिंट की राजसी साड़ी में दिया कुमारी बजट प्रस्तुत करने जब विधान सभा पहुंची तो ट्रेजरी बेंच सत्ताधारी पक्ष के विधायकों ने मेजें थपथपा कर भारी उत्साह से उनका स्वागत किया और

**त्वरित टिप्पणी**

दिया कुमारी जब अंतरिम बजट (लेखानुदान) प्रस्तुत कर रही थी तो प्रतिपक्ष की ओर से हंगामा हुआ लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक बार फिर से अपनी राजनीतिक कुशलता प्रदर्शित करते हुए और यह कह कर कि एक महिला बजट पेश कर रही है इसलिए हम सभी को उनका सम्मान करना चाहिए स्थिति को संभाला।

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तरह उप मुख्य मंत्री दिया कुमारी ने भी आगामी मई जून में लोकसभा चुनाव पूर्ण होने तक चार महीने के खर्चों की भरपाई के लिए विधान सभा में अंतरिम बजट (लेखानुदान) पेश किया है। कहने को तो यह एक अंतरिम बजट है लेकिन आने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसे भजनलाल सरकार ने लोक लुभावन बनाने का हर संभव प्रयास किया गया है। दिया कुमारी के अंतरिम बजट में भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान घोषित संकल्प घोषणा पत्र की घोषणाओं की झलक भी दिखाई दे रही है। हालांकि जुलाई अगस्त में आने वाले पूर्ण बजट में और भी घोषणाएं शामिल की जा सकती है शेष पृष्ठ 2 पर

## महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, ग्रामीण उत्थान को समर्पित संतुलित व प्रगतिशील बजट

जयपुर, 8 फरवरी। राजस्थान सरकार के वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राजस्थान की उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में प्रस्तुत



अंतरिम बजट (लेखानुदान) पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. के. एल. जैन व मानद महासचिव डॉ. अरुण अग्रवाल ने इसे राजस्थान के विकास के रोडमैप वाला बजट करार दिया। अध्यक्ष डॉ. के. एल. जैन ने कहा कि वसुन्धरा राजे के बाद यह प्रथम अवसर है कि राज्य की महिला वित्त मंत्री ने राज्य के विकास का एक नया खाका राज्य की जनता के समक्ष प्रस्तुत किया है। कर्ज में डूबे राजस्थान को उबारने हेतु इकोनामिक रिवाइवल टास्क फोर्स के गठन का उद्देश्य राज्य की खराब आर्थिक हालात को सुदृढ़ करना है। राजस्थान चैंबर इसकी सराहना करता है। प्रस्तुत बजट में, गांव, गरीब, किसान, पशु पालक, महिला, उद्यमी, युवा, बेरोजगारों, वरिष्ठ नागरिकों, छात्र-छात्राओं, श्रमिको आदि सभी के लिए कुछ न कुछ प्रावधान किये गये है, जो सराहनीय है। बजट में अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे, इसका सराहनीय प्रयास किया गया है। डॉ. अरुण अग्रवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा, सड़क परिवहन, जयपुर मेट्रो विस्तार, विद्युत उत्पादन बढ़ाने, बालिका शिक्षा, विद्यालयों को क्रमोन्नत करने, गांव की सड़कों को शहरों से जोड़ने के प्रावधानों का राजस्थान चैम्बर ने स्वागत किया। किसी प्रकार का नवीन कर न लगाकर भी राज्य की आर्थिक स्थिति को पटरी पर लाने के भरसक प्रयासों की राजस्थान चैम्बर सराहना करता है।

## प्रदेश को गति देने वाला संतुलित बजट : डा. रवि जिंदल



जयपुर, 8 फरवरी। आल इंडिया टैंट डेकोरेटर वेलफ़ेयर एसोसिएशन के राष्टीय अध्यक्ष डा. रवि जिंदल ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट पूरी पारदर्शिता के साथ पेश किया गया है। सभी क्षेत्रों में विकास के लिए प्रावधान रखा गया है। यह बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर प्रदेश को गति देने वाला संतुलित व सराहनीय अंतरिम बजट है।

## फोर्टी ने किया लेखानुदान की घोषणाओं का स्वागत

### प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर दिया गया जोर : अग्रवाल

जयपुर, 8 फरवरी। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के बाद और लोकसभा चुनाव से पहले लेखानुदान की परम्परा है। इसमें नई बजट घोषणाएं नहीं होती। केवल 3-4 महीनों के सरकारी खर्च के लिए सदन से अनुमति मांगी जाती है। लेकिन बजट घोषणाओं बाबत कोई संवैधानिक पाबंदी नहीं है। इसलिए उपमुख्यमंत्री और प्रथम महिला वित्त मंत्री दिया कुमारी ने लेखानुदान में भी प्रदेश में भजनलाल सरकार के विजन को विधानसभा के पटल पर रखा। इसमें कई पूर्व योजनाओं का दायरा बढ़ाया गया है। फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) ने लेखानुदान के प्रावधानों का स्वागत किया है। फोर्टी ने राज्य सरकार के अंतरिम बजट के सीधे प्रसारण के लिए अग्रवाल पीजी कॉलेज सभागार में विशेष व्यवस्था की। यहां अंतरिम बजट की घोषणा के बाद विशेषज्ञों की ओर से बजट पर परिचर्चा भी की गई। इसमें फोर्टी अध्यक्ष सुरेश




अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष चानणमल अग्रवाल, मुख्य सचिव गिरधारी खंडेलवाल, यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव पंकज गुप्ता, संयुक्त सचिव प्रशांत शर्मा, अग्रवाल शिक्षा समिति के पदाधिकारी कमल नानुवाला, ओपी गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, अराटिया अध्यक्ष बनेचंद जैन, फोर्टी वुमन विंग अध्यक्ष डॉ सुनीता शर्मा, उपाध्यक्ष नीलम मित्तल, सारिका, सीए दीपिका अग्रवाल शामिल हुए। फोर्टी अध्यक्ष अग्रवाल ने कहा कि जयपुर मेट्रो के विस्तार का फैसला स्वागत योग्य है। इससे वीकेआई से सीतापुरा दोनों औद्योगिक क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी और शहर में जाम और यातायात की समस्या का समाधान होगा। राजस्थान इकोनॉमिक रिवाइवल टास्क फोर्स का गठन, निवेशकों के लिए जिला स्तर पर आदर्श रजिस्ट्रेशन केंद्र बेहतरीन प्रयास है। चानणमल अग्रवाल का कहना है कि ट्रांसपोर्ट एमनेस्टी स्कीम बेहतरीन घोषणा है। लेकिन पेट्रोल-डीजल पर वैट कम करने की घोषणा का अभी भी इंतजार है। गिरधारी खंडेलवाल का कहना है कि लेखानुदान में भी वित्त मंत्री ने कई बड़ी घोषणाएं की हैं, ये घोषणाएं जमीन पर उतर आएं तो राजस्थान सबसे आगे होगा। फोर्टी वुमन विंग अध्यक्षा डॉ सुनीता शर्मा का कहना है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बजट में काफी घोषणाएं हैं, लेकिन इन सेवाओं की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके साथ महिला उद्यमियों के लिए महिला वित्त मंत्री की ओर से विशेष घोषणा की उम्मीद पूरी नहीं हुई। नीलम मित्तल का कहना है कि बजट में सड़क पानी बिजली जैसी प्राथमिकताओं के साथ शिक्षा, चिकित्सा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर जोर दिया गया। फोर्टी यूथ विंग के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल का कहना है कि लम्बे समय बाद वित्त मंत्री ने राजस्थान का लेखानुदान सदन में पेश किया है। लम्बे समय से मुख्यमंत्रियों के पास ही वित्त विभाग का भार था। इससे प्रदेश में योजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृतियां आसान और जल्दी होंगी।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 12 को

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक 12 फरवरी को सुबह 11 बजे अतिरिक्त जिला कलक्टर के सभागार में आयोजित होगी। बैठक की जानकारी जिला सडक़ सुरक्षा समिति एवं अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग (नगर वृत जोधपुर) के सदस्य सचिव ने दी।

## कमेटी का मजलिस से कोई नाता नही, चुनाव संबंधी समाचार का खंडन

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। मजलिस हमदर्दाने कौम मेड़ती सिलावटान के सदर अमानुल्लाह ने कथित चुनाव कमेटी से मजलिस से किसी प्रकार के संबंध से इंकार किया है। उन्होंने बताया कि खुद को चुनाव समिति का चेयरमेन बताने वाले नदीम राणा को मजलिस ने चुनाव करवाने की इजाजत नही दी है। गौरतलब हैं कि मोहम्मद नदीम ने खुद को चुनाव समिति का चेयर बताते हुए कौम के चुनाव 1 मार्च करवाने की घोषणा करते हुए की थी। जिसका सदर अमानुल्लाह ने खंडन किया है।

## सांवलिया जी सेठ के भंडार से निकले 6 करोड़ 17 लाख 75 हजार

### शेष राशि की गणना बाकी

मंडफिया, 8 फरवरी(निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार का भंडार चतुर्दशी गुरुवार को चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर आलोक रंजन, मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरूलाल गुर्जर एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी राजेंद्र कुमार की उपस्थिति में खोला



गया। प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि चतुर्दशी को खोले गए भंडार से 6 करोड 17 लाख 75 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए। उन्होंने ने बताया कि भंडार से बची राशि एवं भंडार से निकले सोने चांदी का तोल होना बाकी है। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि मंदिर कार्यालय में विभिन्न भक्तों द्वारा भेंट किए गए सोने चांदी का तोल एवं भक्तों द्वारा भेंट रुपयों की गिनती होना शेष है। इस मौके पर मंदिर मंडल की ओर से यात्रियों की सुविधाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई। भंडार गिनती में कपासन प्रधान एवं मंदिर बोर्ड सदस्य भैरूलाल जाट, संजय कुमार मंडोवरा, अशोक शर्मा, भेरूलाल सोनी, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार, ममतेश शर्मा, श्रीलाल पाटीदार, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, सांवलिया जी विश्रांति ग्रह चित्तौड़गढ़ के प्रबंधक राजेंद्र कुमार शर्मा, लेहरी लाल गाडरी, मनोहर लाल चौबीसा, कार्यालय के मनीष दाधीच, ऊंकार लाल अहीर, पूरण शर्मा, दीपक तिवारी, नारायण लाल गाडरी सहित मंदिर एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित थे। इसी प्रकार समीपवर्ती नरबदिया गांव स्थित अनगढ़ बावजी तीर्थ स्थल का भंडार भी खोला गया। अमरा भगत सेवा संस्थान के सचिव भेरुलाल गाडरी भूतखेड़ा ने बताया कि खोले गए भंडार से 03 लाख 11 हजार 440 रुपए नगद प्राप्त हुए। संस्थान के सचिव गाडरी ने बताया कि भंडार गिनती में संस्थान के अध्यक्ष कालूराम गाडरी सोहन खेड़ा सहित पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

राजनीति का आकाश और अणुव्रत सांसद संगोष्ठी

# अणुव्रत अणुबम से भी ताकतवर, आचार्य तुलसी ने वर्षों पूर्व आचार संहिता बनाई : अर्जुनराम मेघवाल

- नीति गोपेन्द्र भट्ट

नई दिल्ली, 8 फरवरी। केंद्रीय कानून, संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री एवं अणुव्रत संसदीय मंच के संयोजक अर्जुनराम मेघवाल ने कहा है कि चुनाव आयोग राजनीतिक पार्टियों और नेताओं के लिए चुनाव से कुछ समय पूर्व ही आचार संहिता लागू करता है जबकि अणुव्रत अनुशास्ता महान संत आचार्य तुलसी ने अपनी दूरदर्शी सोच से वर्षों पूर्व स्वयं द्वारा प्रवर्तित अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से न केवल नेताओं बल्कि आम व्यक्ति के लिए सटीक आचार संहिता बना दी थी जो कि आज भी सर्वाधिक प्रासंगिक है। मेघवाल नई दिल्ली में पुराने संसद भवन के संविधान सदन कक्ष में अणुव्रत अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में अणुव्रत विश्व भारती के तत्वावधान में साध्वीश्री अणिमाश्री जी के सानिध्य में






अणुव्रत संसदीय मंच द्वारा ÷राजनीति का आकाश और अणुव्रत÷ विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिभा भौमिक, विभिन्न प्रदेशों के सांसद गण, साध्वी वृन्द और अणुव्रत की विभिन्न घटक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि यह सुखद संयोग ही है कि देश की आजादी के साथ ही यह वर्ष अणुव्रत का भी अमृतकाल वर्ष है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी स्वयं प्रेक्षाध्यान करते हैं और अणुव्रत के सिद्धांतों के अनुरूप संकल्प से सिद्धि की भावना से देश की सेवा में जुटे हुए हैं। इसी प्रकार आरएसएस के सर संघचालक डा. मोहन भागवत भी प्रतिवर्ष तीन दिनों तक आचार्य महाश्रमण के सानिध्य में रह कर और उनसे भेंट कर अणुव्रत को अंगीकार करते हैं। मेघवाल ने कहा कि अणुव्रत अणुबम से भी अधिक ताकतवर है, क्योंकि अणुव्रत रचनात्मकता से भरा हुआ है जबकि अणुबम विध्वंसकारी है। उन्होंने कहा कि तेरापंथ के वर्तमान आचार्यश्री महाश्रमणजी आचार्य तुलसी एवं आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा प्रतिपादित अणुव्रत के छोटे-छोटे लेकिन बड़े उद्देश्य वाले सिद्धांतों को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। मेघवाल ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी और सुषमा स्वराज के बाद उन्हें अणुव्रत संसदीय मंच के संयोजक का दायित्व मिलना सौभाग्य का विषय है। इस अवसर पर अपने आशीवर्चन में साध्वी अणिमाश्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सानिध्य में अयोध्या में भगवान राम लला की दिव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होना पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति की मर्यादा, सत्य, चरित्र और मर्म के साथ ही हमारे सनातन धर्म के वसुधैव कुटुम्बकम् की भावनाके साथ ही एक विश्व, एक समाज और एक चुनाव का संदेश देने वाला है। साध्वी अणिमाश्री ने कहा कि आज दुर्भाग्य से दुनिया आतंकवाद की समस्या के दंश से घिरी हुई है । आचार्य तुलसी द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों से ही इससे उबरा जा सकता है। आज विश्व के सभी देशों को किसी भी निरपराधी की हत्या नही करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि आचार्य तुलसी एक दिव्य पुरुष थे जिन्होंने जीव मात्र के कल्याण के लिए सौ वर्षों से अधिक दूर की सोच रखते हुए मानव निर्माण की शानदार बुनियाद रखी।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ऋषि और कृषि प्रधान है जो एक ओर जीवों की उदर पूर्ति एवं आजीविका के उपक्रमों को दर्शाती है। साथ ही बेजोड़ आध्यात्मिकता और जीवन दर्शन का संदेश भी देती है। साध्वीश्री ने कहा कि सयंम आत्मानुशासन से ही संभव है और व्रत की चेतना में ही वह ताकत है जो सयंम और साधना का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने सांसदों का आह्वान किया कि जन प्रतिनिधियों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे स्वयं के साथ समाज में नैतिकता और चारित्रिक उन्नयन तथा नैतिकता को पुनर्जीवित करने की जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करें तभी समाज में व्याप्त हो रही बुराइयों, नैतिक ह्रास एवं पतन को रोका जा सकेगा। साध्वीश्री ने बताया कि भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद से लेकर देश के अनेक नेता अणुव्रत के अनुयायी बने हैं ।

संगोष्ठी में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिभा भौमिक ने कहा कि जैन समाज ने देश में ही नही पूरे विश्व में अपने कारोबार, व्यवसाय और उद्योग धंधों आदि से भारत की धाक जमाई है। साथ ही इनका देश की जीडीपी को बढ़ाने में भी अतुलनीय योगदान रहा है। इस मौके पर इंदौर के सांसद शंकर लाल लालवानी, जम्मू कश्मीर के जुगल किशोर, वडोदरा की रंजना भट्ट, जयपुर के राम चरण बोहरा, सिरसा की सुनीता दुग्गल, मेरठ के राजेन्द्र अग्रवाल, कर्नाटक के लहर सिंह सिरोया, महसाना की शांता बहन आदि ने अणुव्रत संसदीय मंच की सराहना करते हुए संयम, अपरिग्रह, नैतिकता, सत्य, अहिंसा के मूल मंत्रों को अंगीकार करने के साथ ही युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। समारोह के प्रारंभ में साध्वीश्री सुधा प्रभा जी, साध्वीश्री सम्यक्तव यशा जी एवं समणी स्वर्णप्रज्ञा नें अणुव्रत गीत से मंगलाचरण किया। अणुव्रत विश्व भारती के अध्यक्ष अविनाश नाहर ने अपने स्वागत भाषण में अणुविभा द्वारा संपादित किये जा रहे विभिन्न प्रकल्पों को सांसदो के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उनसे सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने सांसदों को अणुव्रत के जीवन विज्ञान पाठ्यक्रम की जानकारी भी दी और बताया कि देश की कई प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी और शिक्षण संस्थाएं इसे संचालित कर रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अणुविभा की संगठन मंत्री डॉ कुसुम लुनिया ने बताया कि अणुव्रत जीवन परिष्कार की भव्य प्रक्रिया है। इसके शाश्वत मूल्यों के साथ ही सांसद राजनीति के आकाश में स्थिर रह सकते हैं। संगोष्ठी के अंत में महामंत्री भीखम सुराणा ने सभी का आभार ज्ञापन किया।

संगोष्ठी में सांसद राहुल कस्वां, रतन सिंह, गीता बेन रतवा, मितेश भाई पटेल के साथ ही अणुव्रत विश्व भारती के ट्रस्टी तेज करण जैन, सलाहकार कैलाश चंद्र जैन, उपाध्यक्ष, राजेश महाचंद सुराणा, जैन तेरापंथ समाज दिल्ली के अध्यक्ष सुखराज सेठिया, अणुव्रत इतिहास के संयोजक प्रमोद कुमार जैन, अणुव्रत आर्बिटेटर बोर्ड के सदस्य शांति लाल जैन, जनप्रतिनिधि सम्मेलन के संयोजक बाबूलाल दुग्गड, बीकानेर संभाग के प्रभारी विनोद कुमार बाछावत, पदम चंद दफ्तरी, अणुव्रत समिति दिल्ली के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन, सचिव राजेश कुमार जैन, अनुविभा के सलाहकार सुरेश राज जैन, कानूनी सलाहकार नवनीत दुग्गड, नवीन शर्मा, अणुव्रत से जुड़े गोपेन्द्र नाथ भट्ट और अणुव्रत ट्रस्ट के शांति लाल जैन पटावरी आदि भी मौजूद थे।

## अभियान के दौरान अब तक हटाये 90 अवैध जल कनेक्शन

लूणी, 8 फरवरी (निसं)। लूणी विधान सभा क्षेत्र में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पर्याप्त पानी पहुंचाया जा सके इसको लेकर जन स्वा. विभाग द्वारा अवैध जल कनेक्शन हटाने का अभियान चलाया जा रहा है।

विभाग के सहायक अभियंता उपखण्ड डोली नरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि अधिशासी अभियंता महेंद्र किराड़ के निर्देशानुसार लुणावास भाकर से सिनाली होकर जाने वाली मुख्य पाइप लाइन 6 इंची से कनिष्ठ अभियंता जितेंद्र सारस्वत द्वारा कार्रवाई करते हुए गुरुवार को 51 अवेध जल कनेक्शन हटाए। जो एक दिन में अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही है।

उन्होंने बताया की अभियान के दौरान अब तक 90 अवैध जल कनेक्शन हटा दिए है। वहीं अवैध जल कनेक्शन हटाने से लूणावास भाकरी से जुड़े गांवों में पेयजल सप्लाई सुचारु रूप से की जा सकेगी। अभियान आगे भी निरन्तर जारी रहेगा। अवैध जल कनेक्शन कर पानी चोरी कर बेचने वाले सभी दोषियो के खिलाफ विभाग द्वारा मुक़दमा दर्ज करवा कर कार्रवाई की जाएगी।

शेष पृष्ठ प्रथम के...

## ओम् आश्रम...

**प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कल से-** महामंडलेश्वर फूल पुरी ने बताया कि 10 फरवरी से महोत्सव के कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। 10 से 19 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक यज्ञ होगा। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का अभिजित मुहूर्त दोपहर साढ़े 12 से दोपहर डेढ़ बजे तक रहेगा। आरती का समय शाम साढ़े 6 बजे, सत्संग का समय शाम 8 बजे रहेगा। गौरतलब है कि 28 सालों के बाद ऊँ आश्रम का सपना साकार हो रहा है। जाडन में 1995 से बन रहे देश के पहले ऊँ आकार के चार मंजिला मंदिर में 108 पिलर्स पर 300 मूर्तियां लगाई गई हैं। 1008 शिव नाम की मूर्तियां भी है। 30 सालों से आश्रम का निर्माण कार्य जारी होने के साथ ही 500 से ज्यादा राजस्थान सहित पूरे देश के मजदूरों ने सेवा दी है। इनमें उड़ीसा और पिंडवाड़ा के शिल्पकारों की ओर से पत्थरों को तराशते हुए मूर्तियां भी परिसर में ही उकेरी गई। आश्रम में स्कूल, वेदाश्रम, कॉलेज, गोशाला और अस्पताल का निर्माण भी है। डायरेक्टर डॉ. सुरेश गर्ग ने बताया कि वेदाश्रम में 21 बच्चे, स्कूल में 450 व महाविद्यालय में 375 बच्चे पढ़ रहे हैं। अनाथ और जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है।

**मंदिर के शिखर की ध्वजा पर सोने की परत-** 125 फीट की ऊंचाई पर बन रहे शिखर को तीन हिस्से में बनाया गया है। शिखर का निर्माण नागर शैली, वास्तु कला और स्थापत्य कला को ध्यान में रखते हुए करने के साथ ही मंदिर शिखर के ऊपर 11 फीट की वजनी ध्वजा चढ़ाई जाएगी। शिखर के ऊपर 11 फीट की विशाल ध्वजा पंच धातुओं के मिश्रण के साथ सोने की परत भी चढ़ी हुई है। ओम आश्रम के सचिव सुरेश घांची और डॉ सुरेश कुमार गर्ग ने बताया कि महोत्सव के तहत 9 दिन तक शिवमहापुराण कथा का आयोजन होगा। व्यासपीठासीन के स्वामी चिदम्बरानंद महाराज मुम्बई कथा का वाचन करेंगे। 10 से 18 फरवरी तक दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक कथा होगी। इसके तहत 10 फरवरी को पहले दिन कथा माहात्म्य, 11 को शिवलिंग प्रदुर्भाव, 12 को नारदजी मोह भंग कथा, 13 को भगवान शिव-पार्वती विवाह, 14 को गणेशजी का जन्मोत्सव, 15 को त्रिपुराशुर वध, भगवान रूद्र अवतारों की कथा, 16 को द्वादश ज्योतिर्लिंग का महात्म्य, 17 को भगवान श्रीकृष्ण द्वारा शिवजी की तपस्या व 18 फरवरी को कथा विश्राम होगी।

## त्वरित टिप्पणी...

लेकिन इस बार छह बड़ी घोषणाएं भी की गई है जिसमें कुछ वर्ग के छात्र-छात्राओं को केजी से पीजी तक निःशुल्क शिक्षा, बुजुर्गों को भी महिलाओं की भांति रोडवेज बसों में 50 प्रतिशत किराए की छूट, राजस्थान में भी लाडली और लखपति दीदी योजना शुरू करने तथा लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत गरीब परिवारों में बालिकाओं का जन्म होने पर एक लाख रुपये का सेविंग बॉन्ड देने, 70 हजार पदों पर भर्ती करने, ईआरसीपी की पूर्व में अनुमानित योजना की 37250 करोड़ की राशि बढ़ाकर 45 हजार करोड़ करने तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना लागू करने आदि कई लोक लुभावन घोषणाएं की गई है। ईआरसीपी का पानी अब 13 की जगह 21 जिलों को मिलेगा।

इसके अलावा अगले साल से अल्प आय वर्ग, लघु, सीमांत, बटाईदार किसानों, खेतिहर श्रमिकों आदि के लिए नई योजना, कई राज्यों के सैटेलाइट सिटी की अवधारणा की तर्ज पर जयपुर के पास हाईटेक सिटी बनाने तथा इस हाईटेक टाउनशिप में आईटी, फिनटेक, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, न्यू एज सब्जेक्ट और एआई एमआई संस्थान होंगे, आदि की स्थापना के लिए स्पेशल इंसेंटिव देने तथा जयपुर वासियों को वर्ल्ड क्लास सिटी अनुरूप सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने, जयपुर मेट्रो का विस्तार करने तथा टोंक रोड से सीतापुरा, अंबावाड़ी होते हुए विद्याधर नगर तक बढ़ाने के लिए डीपीआर तैयार करने आदि घोषणाएं भी की गई है। दिया कुमारी ने मध्य प्रदेश आदि प्रदेशों की तरह मीसा आदि बंदियों के लिए राजस्थान लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि अधिनियम लाने की घोषणा भी की है। इससे ऐसे सेनानियों की पेंशन, चिकित्सा सहायता को कानूनी दर्जा मिल सकेगा। इसी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए राज. अनुग्रह सेवा प्रदायगी अधिनियम की घोषणा की गई है। इसके अलावा आरजीएचएस के तहत कॉनफेड के जरिये दवाइयों की डोर स्टेप डिलीवरी तथा आईपीडी के साथ डे केयर पैकेज जोड़ने, ईडब्ल्यूएस के 1-8 कक्षा के विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी एक हजार रुपये की सहायता देना, कक्षा 9 से 12वीं की छात्राओं को भी 1 हजार रु की सहायता से करीब 70 लाख विद्यार्थियों को लाभान्वित करने आदि घोषणाएं भी अहम हैं।

इसी तरह बजट भाषण में भजनलाल सरकार ने युवाओं को नई भर्तियों से नवाज़ा है। साथ ही हर जिले में रोजगार मेले और स्किल डवलपमेंट प्रोग्राम की घोषणा के साथ ही लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन बोर्ड का वार्षिक भर्ती कैलेंडर जारी करने की घोषणा भी हुई है। प्रदेश में पर्यटकों की सुविधा के लिए करीब 20 हजार युवाओं को गाइड हॉस्पिटेलिटी की ट्रेनिंग मिलेगी। साथ ही प्रदेश के किसानों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा का तौहफा दिया गया है। इसके अलावा अल्प आय वर्ग, सीमांत किसानों के बच्चों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा मिलेगी। बजट में प्रदेश के किसानों के लिए कई योजनाओं की घोषणा की गई है। साथ ही क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिए पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा उपेक्षित इलाकों के लिए भी विशेष बजट प्रावधान रखा गया है।

वित्त मंत्री दीया कुमारी ने लेखानुदान पेश करते हुए कहा कि किसानों को प्रति हमारी सरकार की संवेदनशीलता है। उन्होंने बिजली के हालात सुधारने के लिए विशेषज्ञों की मदद लेने की बात कही। साथ ही बिजनेस प्लान व 10 साल के पावर का ÷ब्लू-प्रिंट÷ तैयार होगा। दीया कुमारी ने कहा कि सौर ऊर्जा के लिए राजस्थान में पीएमयू का गठन कर घरों पर 5 लाख से अधिक सोलर यूनिट का गठन किया जाना प्रस्तावित है। इससे प्रतिमाह 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली मिल सकेगी। बड़े शहरों के लिए 500 इलेक्ट्रिक बसें शुरू की जाएंगी। दिया कुमारी ने कहा कि अब राजस्थान में डबल इंजन की सरकार है, यहां किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। आधार भूत सुविधाओं के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी जोर दिया जाएगा। हमारी सरकार ने समस्त गरीब परिवारों की महिलाओं को 450 रुपए में एलपीजी देकर 73 लाख परिवारों को राहत दी है। चिरंजीवी योजना का नाम बदलकर अब मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना नाम होगा। भजनलाल सरकार के लेखानुदान में घोषणा की गई। योजना में शामिल परिवार पात्र होंगे। कैंसर का डे केयर ट्रीटमेंट भी योजना में शामिल होगा। राजस्थान के राजमार्गों को 25 लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस मिलेगी।

पर्यटन विकास के लिए प्रदेश के प्रमुख मंदिरों गोविंद देव जी, मेहंदीपुर बालाजी, रणकपुर, डिग्गी कल्याण जी अन्य आस्था केंद्रों का विकास किया जाएगा तथा 20 मंदिर और आस्था केंद्रों के विकास के लिए 300 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। महाराणा प्रताप से जुड़े क्षेत्रों के लिए महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट बनेगा। 10 म्यूजियम एवं आर्काइव गैलरी के लिए क्रमश 50 और सशस्त्र सेवा संग्रहालय के लिए 2 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। वित्त मंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की घोषणा की है। साथ ही राजस्थान इकोनॉमिक रिवाइवल टास्क फोर्स भी बनेगी।

विधानसभा में अपना पहला अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि हमें विरासत में बहुत बढ़ा कर्ज भार मिला है। पंजाब के बाद राजस्थान का कर्ज सर्वाधिक है। राजस्थान में संभावित 70, 800 रुपए प्रति व्यक्ति कर्ज है। पिछली सरकार में 2 लाख 24 हजार 392 करोड़ के ऋण में से 93 हजार 577 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय किया गया। पिछली सरकार ने बिना आर्थिक प्लानिंग के घोषणा की। उन्होंने लेखानुदान में राजस्थान की अर्थव्यवस्था की तस्वीर भी पेश की। बजट पर प्रतिपक्ष की पार्टियों और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निराशा व्यक्त की है और इसे बिना विजन का बजट बताया है। इस तरह दिया कुमारी ने भजन लाल सरकार के अंतरिम बजट में प्रदेश की उम्मीदों को रोशन करने का प्रयास किया है। देखना है जुलाई अगस्त में आने वाले पूर्ण बजट में दिया कुमारी प्रदेश की उम्मीदों को और किस सीमा तक रोशन करेंगी?

## आचार्यश्री महाश्रमण...

इस प्रकार आदमी को अपनी चेतना को उन्नत बनाने का प्रयास करना चाहिए। आचार्यश्री ने मंगल प्रवचन के उपरान्त कहा कि आज छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े हुए स्थान में आना हुआ है। उनके गुरु समर्थ गुरु रामदासजी को समर्पित है। सभी के जीवन में शक्ति का अच्छा विकास होता रहे।

## कोलकाता समाचार

## लायंस मल्टीपल 322 द्वारा ग्लोबल सर्विस वीक 2024 का आयोजन

### अंतराष्ट्रीय पदाधिकारी विशेष रूप से आयोजन में उपस्थित रहे

- सच्चिदानंद पारीक

कोलकाता, 8 फरवरी । लायंस मल्टीपल 322 द्वारा आयोजित ग्लोबल सर्विस सप्ताह का लायंस चिल्ड्रन कॉर्नर देश प्रिय पार्क में गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर इंटरनेशनल प्रेसिडेंट डॉक्टर पेटी हिल, लायंस क्लब फाउंडेशन के चेयरमैन ब्रायन शीन, इंटरनेशनल वाइस




प्रेसिडेंट ए पी सिंह तथा इंटरनेशनल के 40 पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। स्पेशली एबल्ड बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने इंटरनेशनल प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सभी खेलों का आनंद उठाया । इस अवसर पर लायंस जिला 322 बी 2 की क्लब्स द्वारा शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के लिए कृत्रिम पैर वितरण व कैलिपर वितरण कैंप का आयोजन भी किया गया था। खेल प्रतियोगिताओं के बाद सभी बच्चों को खाद्य पदार्थ एवं स्कूली बैग तथा गुड्डी बैग भी प्रदान किया गया। एक नई क्लब का भी उद्घाटन इस मौके पर किया गया । पूर्व अंतराष्ट्रीय निर्देशक संगीता जटिया, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन कनक दूगड़, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय जोधानी, लायन स्वाति गोस्वामी, कैबिनेट सेक्रेटरी नितिन अग्रवाल, कैबिनेट ट्रेजरार पारस अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, आशीष झुनझुनवाला, महावीर जैन, बिपिन रस्तोगी, विवेक अग्रवाल, संजय अग्रवाल आदि आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रहे। यह जानकारी पूर्व जिला गवर्नर लायन महेंद्र जैन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

## सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी, न्यूटाउन का वार्षिक खेल कार्यक्रम आयोजित

### विद्यार्थियों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये गये

कोलकाता, 8 फरवरी। सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी, न्यूटाउन का वार्षिक खेल कार्यक्रम विश्वविद्यालय के खेल के मैदान में आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, पूर्व छात्रों और




सहायक कर्मचारियों ने आयोजन में हिस्सा लिया। इस दौरान वाइस चांसलर डॉ जॉन फेलिक्स राज ने सर्वश्रेष्ठ एथलीट, पुरुषों और महिलाओं के लिए स्कॉलरशिप शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा, %सेंट जेवियर्स, लड़कों व लड़कियों के समग्र विकास में दृढ़ता से विश्वास करता है और उन्हें मूल्यों और सिद्धांतों के साथ एक अच्छे इंसान के रूप में विकसित करता है। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में अपनी खोज के साथ-साथ विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को एकेडमिक उत्कृष्टता के लिए अपनी खोज के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। जेवियर लॉ स्कूल के मास कम्युनिकेशन विभाग के अरकिश हुसैन और नुसरा रहमान ने इस साल का बेस्ट एथलीट का अवॉर्ड जीता। ये दोनों प्रथम स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप के विजेता बने। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर आरके सिंह, डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मुख्यालय, बंगाल सब-एरिया उपस्थित थे। गोरखा राइफल्स और बिहार रेजिमेंट के पाइप्स और ड्रम्स वाले आर्मी बैंड ने अपने संगीत सुरों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों, शिक्षकों, पूर्व छात्रों और सहायक कर्मचारियों की परेड का नेतृत्व सेना की टुकड़ी ने किया। ब्रिगेडियर आरके सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की।

## तिरंगा काव्य मंच का ऑनलाइन कवि सम्मेलन आयोजित

### 'नववर्ष के स्वागत' विषय पर कवियों ने भावयुक्त सुंदर सृजन किया

कोलकाता, 8 फरवरी। तिरंगा काव्य मंच द्वारा 43वें मासिक ऑनलाइन कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का भव्य आयोजन किया गया । वरिष्ठ साहित्यकार एवं संपादक कुंवर वीर सिंह मार्तण्ड (कोलकाता) की अध्यक्षता में उनके द्वारा दिये गये विषय 'नववर्ष के स्वागत' पर सभी



कवियों ने सुंदर भावयुक्त सृजन किया । मुशायरे में विनय सागर (बरेली) की सदारत में सभी शायरों ने खूबसूरत गज़लों की प्रस्तुति दी। कवि सम्मेलन का शुभारंभ नई दिल्ली की कवयित्री चंचल हरेंद्र वशिष्ट द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की वंदना से हुआ। कवि सम्मेलन और मुशायरे में सम्मिलित होने वाले कलमकारों में चंचल हरेंद्र वशिष्ट, डॉ सुभाष चन्द्र शुक्ल, महेंद्र सिंह प्रखर, भुवनेश्वर गोपाल, सुषमा राय पटेल, अमिता गुप्ता, विश्वजीत सागर शर्मा, गजेन्द्र नाहटा, कुंवर वीर सिंह मार्तण्ड, उषा अग्रवाल जलकिरण, राम पुकार सिंह पुकार गाज़ीपुरी, राम शिरोमणि उपाध्याय पथिक, जौनपुर, डॉ अलका शर्मा, भिवानी, अलका मित्तल, मेरठ, ग्वालियर, प्रदीप श्रीवास्तव, ग्वालियर, डॉ. भागिया खामोश, अहमदाबाद, बसंत ठाकुर, अहमदाबाद, रीमा पांडेय, कोलकाता, गिरीश पाण्डेय, वाराणसी व विनय सागर जायसवाल प्रमुख रूप से रहे। मुशायरे का संचालन चंचल हरेंद्र वशिष्ट और रीमा पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। तिरंगा काव्य मंच पर यह कवि सम्मेलन और मुशायरा मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यक्रम संयोजक दिवंगत शम्भू लाल जालान निराला की स्मृतियों को समर्पित किया गया। संयोजक गजेन्द्र नाहटा द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## माहेश्वरी महिला संगठन ने बस्ती इलाके में पहुंचकर प्रदान की खाद्य सेवा

### जरूरतमंद लोगों के बीच किया दूध, फल, गजक, लड्डू आदि का वितरण

कोलकाता, 8 फरवरी। बेलघरिया माहेश्वरी महिला संगठन ने संकल्प सिद्धा (ग्रामीण राष्टीदयो समिति) के अंतर्गत बस्ती इलाके में पहुंचकर




खाद्य सेवा प्रदान की। ग्यारस को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए करीबन 55 लोगों के बीच दूध, फल, तिल, गजक और लड्डू का वितरण किया गया। कोलकाता प्रदेश उपाध्यक्ष दीपा लखोटिया, अंचल अध्यक्ष चंदा सोमानी, मंत्री सुनीता चांडक, प्रविता चांडक, लता लखोटिया, तनु मुन्ना की सक्रिय भागीदिता ने आयोजन को सफल बनाया। पदाधिकारियों ने बताया कि बेलघरिया अंचल के सभी बहनों के सहयोग से यह सेवा कार्य संचालित किया गया।

# आम जनता का बजट: भाजपा, चुनाव के मद्देनजर लोक लुभावनी घोषणा वाला बजट: कांग्रेस

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा गुरुवार को विधानसभा में पेश किए गए अंतरिम बजट पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई है। किसी ने इस बजट को चुनावी करार दिया है तो किसी ने इसे आम जनता का बजट बताया है।

**विकसित भारत की नींव रखेगा बजट-** राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि बजट विकतिस भारत की नींव रखने वाला है। यह बजट राजस्थान के युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं गरीबों को समर्पित है, जो विकासोन्मुखी है। बजट देश व प्रदेश के भविष्य के निर्माण का बजट है।

**सबका साथ सबका विकास की संकल्पना-** शहर विधायक अतुल भंसाली ने कहा कि बजट में 70000 नई भर्तियां करने, गोपालको के लिए ब्याज मुक्त ऋण की व्यवस्था करने, सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए 5 लाख घरों में सोलर पैनल लगाने, 25 लाख घरों तक नल से जल पहुंचाने जैसी कई महत्वपूर्ण घोषणा की गई है, साथ ही लाडो प्रोत्साहन योजना में गरीब परिवारों की बेटियों को 100000 का सेविंग बॉन्ड देने, प्रसव की राशि 1000 से बढ़कर 6000 करने की घोषणा कर महिलाओं को सशक्त करने का प्रयास किया गया है। गरीब परिवारों की बेटियों के लिए केजी से पीजी तक शिक्षा मुक्त करने की भी महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जोधपुर और कोटा में 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की घोषणा की है, इससे आमजन को सस्ता ,सुलभ परिवहन उपलब्ध होगा और पर्यावरण प्रदूषण से भी शहर को निजात मिलेगी।

**बजट सन्तुलित व संवेदनशील-** उत्कर्ष क्लासेज के सीईओ निर्मल गहलोत ने कहा कि राज्य का बजट सन्तुलित व सभी वर्गों के लिए संवेदनशील सोच के साथ रखा गया है। गरीब परिवारों के लिए एलपीजी सिलेन्डर की कीमत 450 ही रखी गई यह सराहनीय है। आरपीएससी व कर्मचारी चयन बोर्ड का वार्षिक कैलेण्डर जारी करने की घोषणा व युवाओं के लिए 70000 भर्तियों की घोषणा भी अच्छा कदम है। इसके अतिरिक्त 5 लाख घरों में सोलर प्लांट स्थापित कर 300 यूनिट की बिजली प्रतिमाह फ्री देने का निर्णय भी सकारात्मक है। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर व कोटा में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की घोषणा से आमजनों के पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुलभ होगा। वृद्धजनों के लिए बस में 50 प्रतिशत की छूट भी अच्छा निर्णय है। लाडो प्रोत्साहन योजना व चिरंजीवी योजना को नए नाम के साथ जारी रखने की योजना सभी के लिए उपयोगी होगी। इसके अलावा महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न घोषणाएं महिमा आत्मसम्मान में वृद्धि करेगी।

**राजस्थान बनेगा मजबूत, सुरक्षित और विकसित-** भाजपा शहर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा ने कहा कि समावेशी बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। मेवाड़ एवं प्रदेश के गौरव महाराणा प्रताप की राजतिलक स्थली गोगुंदा सहित उनके सभी स्मृति स्थलों के विकास हेतु 100 करोड़ रूपये की घोषणा करने पर विशेष आभार व्यक्त जताया। जिला महामंत्री विजय राजोरिया ने कहा कि हर जिले में एंटी रोमियों स्कावाड बनाने और 174 पुलिस थानों में महिला हेल्प डेस्क बनाने जैसी अनेक घोषणाएं मील का पत्थर साबित होगी। जिला महामंत्री मनीष पुरोहित ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जो अंतरिम बजट पेश किया है वह राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में सकारात्मक एवं दूरदर्शी पहल है। भाजपा संभाग मीडिया संयोजक जगदीश धाणदिया ने बताया कि पहली से आठवीं के सभी छात्र और कक्षा 9 से 12वीं की छात्राओं को 1000 रुपए देन की घोषणा से 70 लाख स्टूडेंट्स को लाभ मिलेगा।

## अंतरिम बजट पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं

**नई उम्मीद, नया संकल्प-** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जगतनारायण जोशी ने कहा कि राजस्थान बजट एक नया सवेरा, नई उम्मीद, नया संकल्प है। प्रदेश के विकास को एक नई रफ्तार प्रदान करेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुदृढ़ कनून व्यवस्ता, इंफ्रास्ट्रक्चर, नारी सशक्तिकरण तथा गरीब कल्याण पर केंद्रित ये बजट हर वर्ग के लिए एक नया सवेरा लेकर आएगा। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार अपने हर वादे को पूरा करने के लिए संकल्पित व समर्पित है।

**आम जनता का बजट-** भाजपा पोकरण विधानसभा प्रभारी शिवकुमार सोनी ने इसे आज का बजट आम जनता का बजट बताया। उन्होने कहा कि बजट में चीनी व गुड पर मंडी शुल्क समाप्त करना स्वागत योग्य है। बेरोजगारों के लिए 70000 पदों की भर्ती की घोषणा तथा भर्ती परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी करना भी प्रशंसनीय है। सीनियर सिटीजन के लिए रोडवेज में 50 प्रतिशत किराया माफ करना, भूमि कर समाप्त करना, वृद्धावस्था पेंशन को 1000 से 1150 करने तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर जिले में एंटी रोमियो स्काड बनाने से आमजन में खुशी की लहर है।

**डबल इंजन से विकास को पंख लगेंगे-** भाजपा के अचल सिंह मेडतिया व दिनेश चौधरी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार आने से विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। बजट में 70,000 पदों पर भर्ती करने के साथ ही भर्ती परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर जारी करने की बात कही गई है, जो सराहनीय है। अंतरिम बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास में मिल का पत्थर साबित होगा।

**बजट में रखा गया है सभी वर्गो का ध्यान-** जोधपुर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष एन.के. जैन ने कहा कि बजट में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने तथा आमजन के जीवन स्तर के उत्थान व जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सार्थक कदम उठाते हुए प्रदेश के आर्थिक उन्नयन के लिए ''राजस्थान आर्थिक पुनरुद्धार टास्क फोर्स'' के गठन की घोषणा की गई है। सचिव सी.एस.मंत्री, सहसचिव अनुराग लोहिया, पूर्व अध्यक्ष आशाराम धूत ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट पूर्णतः किसान और मध्यम वर्ग को समर्पित है। पूर्व अध्यक्ष अशोक बाहेती, कोषाध्यक्ष सोनू भार्गव, कार्यकारिणी सदस्य अरूण जैसलमेरिया, यशपाल पाहवा, गुरचरण सिंह बग्गा ने स्वागत किया और बजट में सभी वर्गो के हितों का ध्यान रखने और उनके लिए विभिन्न प्रकार की हितकारी योजनाओं की घोषणा करने के लिए का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालड़ ने कहा कि बजट मे भूमि कर को हटाकर उद्यमियो को बहुत बड़ी राहत प्रदान की और पूरे उद्योग जगत मे खुशी की लहर छा गयी है। मरूधरा टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पीएम चौपड़ा ने बजट को सर्वजन हित वाला बताया है।

**जनता के साथ छलावा है अंतरिम बजट-** नगर निगम उत्तर के पार्षद हसन खान ने कहा कि बजट में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान की जनता के साथ चुनाव में किए गए वादों के बिल्कुल विपरीत जनता के आकांक्षाओं के विरुद्ध बजट प्रस्तुत किया है । बजट मैं पूवर्ति सरकार की योजनाओं के नाम बदलकर झूठी वह वही लेने का प्रयास किया गया है । राज्य सरकार ने पेट्रोल डीजल के भाव में कमी का वादा भी नहीं निभाया है । चुनाव में भाजपा द्वारा डीजल पेट्रोल सस्ता करने का वादा किया था मगर सरकार ने जनता से वादा खिलाफी करते हुए डीजल पेट्रोल से वेट कम नहीं किया साथ ही पूवर्ति कांग्रेस सरकार द्वारा राजस्थान की जनता को प्रशासन शहरों की ओर कैंप लगाकर पट्टा देने का जो जन कल्याणकारी कार्य किया उसे पर भी भाजपा की सरकार ने कोई घोषणा नहीं की चुनाव जीतने के बाद गरीबों के मिलने वाले पटो पर भी रोक लगा दी थी । लाखों गरीब भाजपा सरकार बनने के बाद अपने मकान के पट्टो से वंचित है । वही नगर निगम नगर परिषदों नगर पालिकाओं के लिए भी कोई अलग से बजट घोषणा नहीं की गई ।

राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विशेष आवश्यकता वाले छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा से अधिस्नातक तक की मुफ्त शिक्षा, राजकीय पाठशालाओं में भौतिक संसाधन उपलब्ध करवाने, आर्थिक रूप से कमजोर कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले समस्त विद्यार्थियों तथा कक्षा 9 से 12 की छात्राओं को प्रतिवर्ष ?1000 की आर्थिक सहायता देने, पद्दौन्ति में 2 वर्ष की छूट देने, निरंतर जारी रखने,कुक कम हेल्पर का मानदेय वृद्धि सहित ऐतिहासिक निर्णयों का राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलामंत्री सुभाष विश्नोई ने स्वागत किया। हार्दिक स्वागत करता है।

बजट प्रदेश के युवा, गरीब, किसान और महिलाओं पर केन्द्रित है, बजट को देखकर लगता है कि राजस्थान सरकार सर्वांगीण और सर्वसमावेशी विकास के लिए काम कर रही है। केन्द्र सरकार की योजनाओं को प्रदेश में क्रियान्वित करते हुए आमजन तक पहुंच बढाने वाला बजट है। 70 हजार पदों पर भर्ती से युवाओं में खुशी की लहर है। संभाग मुख्यालयों पर युवा साथी केन्द्र खोलने का निर्णय भी अच्छा है। प्रत्येक संभाग में रोजगार मेले, कैंपस प्लेसमेंट, स्किल डवलपमेंट प्रशिक्षण प्रोग्राम आयोजित किये जाएंगे। समयबद्ध भर्ती परीक्षाओं का आयोजन, राजस्थान लोक सेवा आयोग, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड आदि का वार्षिक भर्ती परीक्षा कैलेण्डर जारी करने का निर्णय काबिले तारीफ है।

उधर जोधपुर शहर जिला कांग्रेस सेवादल दक्षिण के अध्यक्ष हेमन्त शर्मा ने बजट को महज लोक लुभावन और पीएम के गुणगान का भरा हुआ बताया है। सेवादल दक्षिण के अध्यक्ष हेमन्त शर्मा ने इस बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि वित्त मंत्री दीया कुमारी केन्द्र की योजनाओं का बार बार गुणगान कर रही थीं, जो सरकार निजीकरण का समर्थन कर सभी उपक्रमों को निजी हाथों में सौप रही है वहीं सरकार इस बजट में युवाओं को 70000 रोजगार का दिवा स्वप्न दिखा रही है। खिलाडियों के दैनिक और यात्रा भत्ते के साथ साथ प्रोत्साहन राशि में भी कोई बढ़ोतरी नही की। साथ ही बजट में विकास की महत्वपूर्ण योजनाओं में विषेषकर जोधपुर को दरकिनार कर भाजपा सरकार ने जोधपुर के साथ सौतेला व्यवहार किया है। इसी प्रकार शहर जिला अध्यक्ष सलीम खान ने बजट को पूरी तरह दिशाहीन और खोखला बताया। इसमें न पेट्रोल डीज़ल पर वेट कम हुआ, न रोज़गार की कोई बात की गई , न चिकित्सा या शिक्षा के साथ ही राज्य में उद्योगों के लिए भी न कोई राहत न ही योजना की घोषणा हुई। इन्होंने वादा किया था की कॉग्रेस सरकार की कोई योजना बंद नहीं करेंगे लेकिन चिरंजीवी बंद कर आयुष्मान भारत में सिर्फ़ 5 लाख का इलाज वो भी सिर्फ़ बीपीएल श्रेणी के लोगों के लिए, राज्य से बाहर इसका कोई लाभ नहीं ले सकता इसके अलावा कोई भी नई चीज़ इस बजट में देखने को नहीं मिली।

## साइबर क्राइम से बचाव के लिए सतर्क रहना जरूरी: प्रो. मेहता

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के पुराना परिसर स्थित वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययन संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन गुरुवार को प्रथम सत्र में विकास, शक्ति और प्रभाव पर व्याख्यान आयोजित किया गया एवं द्वितीय सत्र में साइबर क्राइम पर शिविर का आयोजन किया गया। वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययन संकाय के अधिष्ठता प्रो (डॉ) सुनील मेहता ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर क्राइम फ्रॉड बढ़ता ही जा रहा है एवं व्यक्ति उनके झांसे में आकर न सिर्फ अपनी जानकारी दे देते हैं किंतु धोखे के शिकार भी हो जाते हैं, इसलिए हम सभी को इसके प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रशिक्षक, वक्ता व साइबर अपराध हस्तक्षेप अधिकारी डॉ अमृता एस दुदिया ने कहा कि अपराधी द्वारा व्यक्ति के निजी डेटा को चुरा लिया जाता है और उसका गलत उपयोग किया जाता है। उन्होंने साइबर क्राइम के प्रकार बताते हुए बताया कि इसमें मालवेयर, फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग व ऑनलाइन ठगी से किया प्रकार व्यक्ति शिकार हो जाता है बताया एवं उसके बचाव के तरीके और यदि साइबर क्राइम के शिकार हो जाए तो किस तरह इस से निपटा जाए के बारे में भी प्रकाश डाला। डॉ निशांत गहलोत ने स्वागत उद्बभोषण दिया। स्वयंसेवक निखिल पुरोहित, युवराज गौड, मुकुल सोलंकी, जसवंत गहलोत, विशेष गौड़, लक्ष्मण सोनी व कोमल सोनी ने सहयोग दिया। डॉ आशीष माथुर ने आभार जताया।



# सेवा नियमों संशोधन करने से शिक्षकों की पदोन्नतियों का रास्ता खुलेगा: देवड़ा

## 50000 से ज्यादा शिक्षक लाभान्वित होंगे

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। शिक्षा विभाग में 3 वर्षो से अटके पदोन्नति का पिटारा खोलने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। इससे राजस्थान (राज्य एवं अधीनस्थ) शिक्षा नियम 2021 के बनने से शिक्षकों में भारी असंतोष था। 2021 से लगातार किसी प्रकार की पदोन्नति नहीं हो रही थी इसमें अनेक तकनीक की कमियों के चलते पदोन्नतियां अटकी हुई थी। भजनलाल सरकार ने राजस्थान सेवा नियम में आवश्यक संशोधन कर सेवा नियम 2024 के तहत आवश्यक संशोधनों को मंजूरी प्रदान कर सभी तकीनीकी कमियों को दूर कर दिया। इससे शिक्षकों के सभी वर्ग के लिए पदोन्नति की राह आसान होगी। साथ ही द्वितीय श्रेणी से व्याख्याता बनने में आ रही बाधा विषयों में असमानता को सुसंगत करके तथा प्रधानाचार्य के रिक्त पदों को भरने हेतु आवश्यक शीथिलन प्रदान कर पदोन्नति की राह को आसान हो जाएगी। देवड़ा ने कहा कि जिस त्वरित गति से मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री जी ने सेवा नियमों में संशोधन कर तकनीकी कमियों में सुधार किया। वह अद्भुत है इससे शिक्षा की गुणवत्ता में इजाफा होगा व रिक्तपदों को तत्काल प्रभाव से भरा जा सकेगा।



शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पदाधिकारी शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से भेंट करते।

इसी प्रकार राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने राज्य सरकार के राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम 2021 में संशोधन करने के राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत किया है।संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम 2021 के जारी होने पर शिक्षा विभाग में कार्यरत विभिन्न वर्गों के कार्मिकों में संशय की स्थिति बनी हुई थी। संगठन ने तत्कालीन शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर सेवा नियमों में संशोधन की मांग करते हुए इन नियमों की समीक्षा करने का आग्रह किया था, लेकिन कोई विचार नहीं किया। वर्तमान सरकार द्वारा अल्प समय में सेवा नियमों में संशोधन करना शिक्षा को लेकर प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री से वार्ताकर स्थिति स्पष्ट की। प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम ने बताया कि सेवा नियमों के कारण उत्पन्न हुई विसंगतियों से प्रदेश के कार्मिकों ने इन नियमों के विरुद्ध न्यायालय का रुख किया। इसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में विभिन्न संवर्गों की पदौन्नतियों सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्यो पर विराम लग गया।

प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि तत्कालीन सरकार की हठधर्मिता और बिना दूरदर्शिता के निर्णय का परिणाम ही है जो पिछले 3 वर्षो की सभी संवर्गो की डीपीसी बकाया चल रही है।सरकार के पास तृतीय श्रेणी शिक्षकों की नई भर्ती से लगभग 11000 पदों पर पदस्थापन होना है। लेकिन डीपीसी नियमित नहीं होने से शिक्षा विभाग में रिक्तियों को वास्तविक स्थिति ही स्पष्ट नहीं हो पाई और सरकार का कार्यकाल पूर्ण हो गया। सरकार ने आनन फानन में नए सेवा नियमों की समीक्षा नहीं करने के कारण माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों में नवीन सृजित उप प्रधानाचार्य पदों पर ऑफलाइन पदौन्नति देने के बावजूद उनका पदस्थापन नहीं हो पाया। इसी प्रकार की स्थिति सभी संवर्गो पर हुई।वर्तमान सरकार ने संगठन के सुझाव पर शीघ्र मंथन कर सेवा नियमों में संशोधन का गजट नोटिफिकेशन जारी किया है।

संघ ने जिला अध्यक्ष आईदान राम चौधरी ने बताया कि इस प्रकार की पहल के लिए संगठन के प्रदेश सभा अध्यक्ष अशोक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संपत सिंह,उपाध्यक्ष डॉ अरुणा शर्मा,अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य,महिला मंत्री जयमाला पानेरी ,अरुणा कुमारी सहित अनेक पदाधिकारियों ने प्रदेश के शिक्षकों की ओर से सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आयुक्त उत्तर ने शहर के प्राचीन जल स्त्रोतों का निरीक्षण किया

### जल स्त्रोतों की साफ सफाई और मरम्मत के दिए निर्देश

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। नगर निगम आयुक्त उत्तर अतुल प्रकाश ने बुधवार को शहर के विभिन्न प्राचीन जल स्त्रोतों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त उत्तर अतुल प्रकाश ने महामंदिर स्थित नाथ जी का झालरा, चांदपोल स्थित क्रिया का झालरा, जालेची झालरा, रघुनाथ बावड़ी, गुलाब सागर, महिला बाग का झालरा, त्रिपोलिया स्थित गौराधाय बावड़ी और जालौरी गेट बारी स्थित नाजर की बावड़ी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने इन सभी जल स्त्रोतों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली, साथ ही साफ-सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी मुख्य सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया कि इन जल स्त्रोतों की नियमित रूप से साफ सफाई की जाए। आयुक्त ने इन जल स्त्रोतों में कचरार, सीवरेज या अन्य अपशिष्ट पदार्थ डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिविल विंग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जल स्त्रोतों पर मरम्मत की आवश्यकता है, उसके लिए तकनीमा रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें, ताकि इन जल स्त्रोतों की मरम्मत कार्य को पूरा किया जा सके। इस दौरान अधीक्षण अभियंता पीएस तंवर, अधिशासी अभियंता सुनील व्यास, संदीप माथुर, मुख्य सफाई निरीक्षक अपूर्व कुमार, लक्ष्मण और दीपक मौजूद थे।

## पुलिस करेगी लव मैरिज करने वाले कपल की सुरक्षा

### मदद के लिए बनाए नोडल अधिकारी, हेल्पलाइन नंबर जारी

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। राजस्थान में लव मैरिज (स्वेच्छा से शादी) करने वाले बालिग युवक-युवतियों की सुरक्षा और मदद के लिए राज्य स्तर और जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर जारी किए है। सुरक्षा व मदद के लिए कपल बनाए गए नोडल अधिकारी से कॉन्टैक्ट कर सकते है। उपमहानिरीक्षक पुलिस (आर्म्ड बटालियन) श्वेता धनखड़ को नोडल अधिकारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (महिला अत्याचार निवारण प्रकोष्ठ सिविल राइट्स जयपुर) नवीता खोखर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस उपमहानिदेशक (आर्म्ड बटालियन एवं राज्य नोडल अधिकारी) श्वेता धनखड़ ने बताया कि बालिग युवक-युवतियों के स्वेच्छा से शादी करने के बाद परिवारजन और जाति-समाज के व्यक्तियों की ओर से परेशान करने या अनुचित कार्रवाई करने पर पीड़ित कपल राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर 8764871150 या उनके मोबाइल नम्बर 9413179228 और सहायक नोडल अधिकारी नवीता खोखर से मोबाइल नम्बर 9468952828 से कॉन्टैक्ट कर सकते है। इसी प्रकार जिला स्तर पर पुलिस कंट्रोल रूम के नम्बर और नियुक्त जिला नोडल अधिकारियों से उनके मोबाइल नम्बर पर कॉन्टैक्ट किया जा सकता है। जोधपुर पूर्व में आरपीएस निशांत भारद्वाज से 9413909296, जोधपुर पश्चिम में आरपीएस प्रेम धणदे से 8764519418 पर कॉन्टैक्ट कर सकते है।

जोधपुर ग्रामीण में आरपीएस जयदेव सियाग से 9413639755, जैसलमेर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार राजोरा से 8764865175, बाड़मेर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आवड दान रतनू से 9413192050, फलोदी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौरभ तिवारी से 9829361146, बालोतरा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष खोजा से 8764504302 पर कॉन्टैक्ट कर सकते है। पाली में आईपीएस भोमाराम से 9414084222, सिरोही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेश सोनी से 9530431302 व 8764524301, जालौर में उप निरीक्षक सरिता से 8764516507 व 9057561137, सांचौर में एएसपी जसाराम बोस से 9414754280 पर कॉन्टैक्ट कर सकते है। जीआरपी अजमेर में पुलिस निरीक्षक अनिल देव से 979922771 तथा जीआरपी जोधपुर में आईपीएस गौतम कुमार से 8764539402 पर कॉन्टैक्ट कर सकते है।

## ब्लॉक स्तरीय शिक्षण अभिनव पुरस्कार प्रतियोगिता सम्पन्न

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। शिक्षा विभाग और भारती फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षण अभिनव पुरस्कार प्रतियोगिता लूणी एवम धवा ब्लॉक की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरानाडा में



सम्पन्न हुई। भारती फाउंडेशन के प्रतिनिधि रामावतार ने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रारम्भिक स्तर, माध्यमिक स्तर ,दो श्रेणियों में आयोजित हुई। जिसमें प्रारम्भिक स्तर के शिक्षक -शिक्षिकाओ ने भाग लिया इसी तरह माध्यमिक स्तर में शिक्षक -शिक्षिकाओ ने भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इस प्रतियोगिता में शिक्षक अपने विषय से संबंधित शिक्षण सहायक सामग्री के साथ उपस्थित हुये जिनका निर्णायक मंडल द्वारा तय मानदंडों के अनुसार आंकलन किया गया।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में राजकुमार उपप्रधानाचार्य राउमावि बोरानाडा, प्रधानाचार्य जयप्रकाश जांगिड़ राउमावि झंवर, प्रधानाचार्य हुक्माराम राउमावि नारनाड़ी व्याख्याता अर्जुन राम राउमावि बोरानाडा व भारती फाउंडेशन से संदीप सारदा , रीजनल हेड , राजस्थान , विवेक चतुर्वेदी, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर एवम मोहित शर्मा रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सीबीईओ कार्यालय धवा से आरपी गोविंदराज व जूरी सदस्य रहे। अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। भारती फाउण्डेशन के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर विवेक चतुर्वेदी ने बताया शिक्षण अभिनव पुरस्कार का उद्देश्य शिक्षकों को प्रोत्साहन देकर उनकी क्षमताएं और रचनात्मक कौशल को बढ़ाकर विषयों को आकर्षक बनाना एवं अधिगम में नवाचार को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेंद्र प्रताप सिंह, नीरज कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## सेमिनार में विद्यार्थियों ने सीखे कॉमर्स में भविष्य के अवसर

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। केन्द्रीय विद्यालय एयरफोर्स वन में विधार्थियों एवं टीचर्स ने वार्षिक करियर मार्गदर्शन सेमिनार में सीएस मुकेश बंसल से सफल करियर के मन्त्र सीखे।



बंसल ने कहा कि सफलता के लक्ष्यों पर नज़र रखते हुए विद्यार्थी टाइम मैनेजमेंट के बजाय माइंड मैनेजमेंट करें। टाइम टेबल के बजाय टारगेट टेबल बनाये। जीवन के प्रति गंभीर होने के बजाय कटिबद्ध होना जरुरी है, अपने जीवन की जिम्मेदारी स्वय लेनी होगी, कोई और करेगा तो जीवन उसका होगा, आपका नहीं और निरंतर दौड़ना जरुरी है। सीपी राजावत ने संचालन किया।

## नैत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर कल

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। ताराबाई देसाई आफथाल्मिक चैरिटेबल ट्रस्ट एवं महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी जोधपुर व जिला अंधता निवारण समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय श्रीमती बदन कंवर एवं स्वर्गीय छोटमल डागा के स्मरण के पर राजकुमार डागा के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर अंबेडकर पार्क के पास ,शनि मंदिर प्रांगण में ,प्रताप नगर में 10 फरवरी, प्रातः9.30 से 11ः30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष जे एम कुंभट एवं सचिव राजीव सक्सेना ने बताया की चयनित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन ताराबाई देसाई नेत्र चिकित्सालय शास्त्री नगर में किया जाएगा एवं अन्य मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी जाएंगी।



## राव मीडिया संयोजक नियुक्त

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी के निर्देशानुसार व सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक वीरेन्द्र कौशिक के साथ विचार विमर्श कर पार्टी जोधपुर देहात जिलाध्यक्ष जगराम विश्नोई ने महिपाल राव सियारा को भोपालगढ़ विधानसभा का सोशल मीडिया संयोजक नियुक्त किया।

## जनसम्पर्क सेवा के 26 अधिकारी पदोन्नत

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक राजस्थान लोक सेवा आयोग सदस्य प्रो. अयूब खान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सूचना एवं जनसम्पर्क सेवा के 26 अधिकारियों एवं 01 वरिष्ठ निजी सचिव को पदोन्नति दी गई। बैठक में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा वीसी के जरिए शामिल हुए। सदस्य सचिव के रूप में आयुक्त सुनील शर्मा एवं कार्मिक विभाग के प्रतिनिधि के रूप में पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के उप महानिरीक्षक रामचन्द्र उपस्थित रहे। बैठक में 10 जिलों जयपुर, भरतपुर, नागौर, उदयपुर, सवाईमाधोपुर, मुम्बई, अजमेर, जोधपुर, धौलपुर एवं करौली के 26 अधिकारियों को पदोन्नति दी गई। इनमें एक अतिरिक्त निदेशक, 5 संयुक्त निदेशक, 7 उपनिदेशक एवं 13 सहायक निदेशक शामिल है। एक वरिष्ठ निजी सचिव को भी पदोन्नति दी गई है। दो साल से रूकी पड़ी पदोन्नति होने से विभाग के अधिकारियों व कार्मिकों में खुशी की लहर है। सूचना एवं जनसम्पर्क कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो. अयूब खान का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में इससे पूर्व अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी से प्रशासनिक अधिकारी के चार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी से अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के 12, वरिष्ठ सहायक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी के 24 एवं कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक स्तर के 49 पदों की डीपीसी भी सम्पन्न हो चुकी है। विभाग में कुल 116 अधिकारियों व कार्मिकों की डीपीसी हुई है।

## हाईकोर्ट की सुरक्षा में सेंध, फर्जी नियुक्ति पत्र के साथ युवक को पकड़ा

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। हाईकोर्ट की नई बिल्डिंग में गुरुवार को सुरक्षा में सेंध लग गई। यहां एक युवक फर्जी नियुक्ति पत्र के साथ पकड़ा गया। वह मुख्य न्यायाधीश से मिलने के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर आया था। कुड़ी भगतासनी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू हाईकोर्ट परिसर में एक संदिग्ध युवक को वहां घूमते देख एफ कंपनी प्रथम बटालियन के आरक्षक सुखराम ने उससे पूछताछ की। युवक ने खुद को झोटड़ा सांचोर हाल कुड़ी भगतासनी निवासी सुरेश विश्नोई बताया। इस पर घूमने का कारण पूछने पर बताया कि वह हाईकोर्ट में लिपिक पद पर लगा हुआ है। तब उसके द्वारा बताया नियुक्ति पत्र फर्जी प्रतीत होने पर कुड़ी पुलिस को बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया। पूछताछ में पता लगा कि वह मुख्य न्यायाधीश के साथ फोटो खिंचवाना चाहता था। इसलिए वह यहां आया था। पुलिस को अंदेशा है कि वह फोटो खींचने के बाद उसका गलत इस्तेमाल भी कर सकता था। उससे फर्जी नियुक्ति पत्र के बारे पूछताछ की जा रही है।

दैनिक जलते दीप
जोधपुर, शुक्रवार 9 फरवरी 2024

## कार्यशील श्रमबल में महिलाओं की निराशाजनक भागीदारी

आजादी के बाद भी देश के कार्यशील श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी निराशाजनक ही रही है। यूं तो परिवार में महिलाओं के योगदान का मूल्यांकन किसी पैमाने से संभव नहीं है,लेकिन अब महिलाएं घर-गृहस्थी को संबल देने के अलावा तमाम अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। दरअसल, जब भी महिलाओं की तरक्की की बात होती है, तो जो समाज के उदाहरण दिये जाते हैं, वे महज प्रतीकात्मक होते हैं। वे उच्च वर्ग या मध्यम वर्ग के प्रतिनिधि चेहरे होते हैं। जमीनी हकीकत बेहद विषमताओं से भरी है। जहां आम स्त्रियों के लिये लैंगिक भेदभाव के चलते अनुकूल कार्य परिस्थितियां उपलब्ध नहीं हैं। उनको न्यायसंगत मेहनताना भी नहीं मिलता है। इसके बावजूद व्यक्तिगत व स्वयं सहायता समूहों की तरफ से उत्साहवर्धक शुरुआत हुई है। सरकारी आंकड़ों पर विश्वास करें तो महिला श्रम बल की भागीदारी में वृद्धि हुई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी 32.8 फीसदी थी, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 37 फीसदी हो गई है। निश्चिय रूप से 4.2 फीसदी की वृद्धि उत्साहजनक है। हाल ही में अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उत्साहवर्धक जानकारी दी कि देश में एक करोड़ कर्मशील महिलाएं लखपति बन चुकी हैं, अब तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। दरअसल, लखपति दीदी योजना का मकसद साधनविहीन महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये, उन्हें स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल करके आय अर्जन के योग्य बनाना है। उन्हें अपना बिजनेस शुरू करने के लिये प्रेरित किया जाता है। स्वयं सहायता समूहों के साथ जुड़कर इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है। महिलाएं अपने निकटवर्ती आंगनवाड़ी केंद्र में से इस बाबत सूचना प्राप्त कर सकती हैं। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्हें ड्रोन संचालन, कृषि उत्पादों के बाजारीकरण तथा एलईडी बल्ब बनाने आदि का प्रशिक्षण देकर अपना काम शुरू करके आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास होता है। हाल के अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की बात कही। निश्चित रूप से महिलाएं जिस तरह ईमानदारी, प्रतिबद्धता तथा जीवटता के साथ काम करती हैं उससे लगता है कि देश की महिलाओं की भागीदारी से अर्थव्यस्था को नई गति मिल सकेगी। निस्संदेह जीवन में सुगमता व उद्यमशीलता से आत्मनिर्भर हुई महिलाओं का आत्मसम्मान भी बढ़ेगा। वित्त मंत्री ने यह भी बताया था कि मुद्रा योजना के तहत महिलाओं को तीस करोड़ रुपये के ऋण प्रदान किये गये। इन आंकड़ों को कार्यक्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के रूप में भी देखा जाना चाहिए। निस्संदेह, मोदी सरकार ने महिलाओं की स्थिति सुधारने से जुड़े कार्यक्रमों को खासी तवज्जो दी है। लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिये एक तिहाई सीटें आरक्षित करके केंद्र ने महिलाओं के उत्थान को प्राथमिकता बनाकर उनके उत्थान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के नाम या साझे मालिक के रूप में सत्तर फीसदी मकान उपलब्ध कराकर नारी शक्ति को सम्मान-भरोसा व आर्थिक ताकत दी है। जब भी प्रधानमंत्री देश में सिर्फ चार जातियों के उत्थान की बात गरीब, किसान, युवा व महिला के रूप में करते हैं तो महिलाएं उनकी प्राथमिकता में होती हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये चलायी जा रही योजनाओं में लखपति दीदी योजना महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस योजना से नौ करोड़ महिलाओं के जीवन में बदलाव आने की बात कही। निस्संदेह, स्वयं सहायता समूहों के जरिये महिलाएं शृंखलाबद्ध रूप से संस्थाओं से जुड़ जाती हैं। वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल लेकर उन्हें बाजारी उत्पाद बनाने के क्रम में अनेक महिलाओं को अपने साथ शामिल कर लेती हैं। दरअसल, बहुत सारी महिलाएं घर से काम करने को सुविधाजनक मानती हैं। स्थानीय कच्ची सामग्री व अन्य संसाधन उनकी भूमिका को बढ़ा देते हैं। सबसे महत्वपूर्ण है कि उन्हें अपना घर चलाने में आर्थिक स्वावलंबन मिलता है। जरूरत उन्हें लैंगिक भेदभाव से मुक्त करने की भी है।

## सहजीवन को मर्यादित बनाने के प्रयास

सहजीवन यानी बिना विवाह के युवा जोड़ों के साथ रहने पर लंबे समय से बहस होती रही है। समाज का एक बड़ा हिस्सा इसे अनुचित मानता है। मगर निजता के संवैधानिक अधिकारों के चलते इस पर कोई कानूनी अंकुश लगाना संभव नहीं है। अब उत्तराखंड सरकार ने सहजीवन को अवैध तो करार नहीं दिया है, पर मर्यादित करने का प्रयास जरूर किया है। समान नागरिक संहिता विधेयक में उसने एक प्रावधान सहजीवन को लेकर भी शामिल किया है। उसके तहत कोई भी प्रेमी युगल अगर सहजीवन में रहता या रहना चाहता है, तो उसे पहले क्षेत्रीय पंजीयक के पास पंजीकरण कराना होगा। अगर उन दोनों में से किसी की उम्र इक्कीस वर्ष से कम है, तो पंजीयक उसके माता-पिता को भी इस संबंध में सूचना देगा। उनकी मंजूरी के बाद ही संबंधित जोड़े के सहजीवन में रहने का पंजीकरण हो सकता है। अगर कोई जोड़ा पंजीकरण नहीं कराता है, तो उसे तीन महीने की कैद या दस हजार रुपए जुर्माने का दंड या दोनों भोगना पड़ सकता है। इसे लेकर विपक्षी दल स्वाभाविक रूप से एतराज जता रहे हैं। वे इस प्रावधान पर कुछ ठहर कर विचार करने की मांग कर रहे हैं। सहजीवन को मर्यादित बनाने के पीछे सरकार की मंशा समझी जा सकती है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में बिना विवाह के साथ रह रहे प्रेमी युगल के बीच अनबन और विच्छेद की अनेक ऐसी अप्रिय घटनाएं हो चुकी हैं, जिनसे निपटना प्रशासन के लिए मुश्किल साबित हुआ। कई लड़कियों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बहुत-सी लड़कियां सहजीवन में रहने के बाद ठगी महसूस करती हैं। ऐसे मामलों में घरेलू हिंसा, संपत्ति का अधिकार, भरण-पोषण के दावे आदि के कानूनी प्रावधान लागू नहीं होते। इसलिए ऐसे अनेक मामलों में अदालत में गुहार लगाने के बाद भी लड़कियों को न्याय नहीं मिल सका है। उत्तराखंड सरकार इन्हीं समस्याओं से पार पाने के इरादे से यह कानून लागू करना चाहती है। सहजीवन संबंधी प्रावधान में स्पष्ट उल्लेख है कि पंजीकरण के बाद साथ रहने वाले प्रेमी युगल के संबंधों को कानूनी रूप से वैध माना जाएगा और महिला को वे सभी अधिकार प्राप्त होंगे, जो विवाह के बाद प्राप्त होते हैं। उनसे पैदा हुए बच्चे को उत्तराधिकार का अधिकार प्राप्त होगा। अगर लड़का किन्हीं स्थितियों में लड़की को छोड़ देता है, तो लड़की उससे भरण-पोषण पाने की हकदार होगी। इस तरह से यह कानून सहजीवन को कानूनी संरक्षण प्रदान करता है। कई बार कुछ जोड़े तय कर चुके होते हैं कि वे विवाह करेंगे, इसके लिए उनके परिवार वालों की भी मंजूरी होती है, मगर पढ़ाई-लिखाई, रोजगार आदि की विवशताओं के चलते वे विवाह को टाल देते हैं। विवाह से पहले साथ रहने लगते हैं। ऐसे जोड़ों को पंजीकरण से शायद ही कोई दिक्कत हो। मगर जो युवा चोरी-छिपे, बस शारीरिक सुख के लिए साथ रहने लगते हैं, उनमें विवाद की गुंजाइश सदा बनी रहती है। ऐसे ही जोड़ों को मर्यादित करने के लिए ऐसे कानून की जरूरत महसूस की गई होगी। मगर निजता के समर्थक कुछ लोगों को यह कानून नैतिक निगरानी रखने का प्रयास लग सकता है। निजता के अधिकार की रक्षा अवश्य होनी चाहिए, मगर इस अधिकार की आड़ में या इसका बेजा फायदा उठाते हुए अगर कुछ लोग समाज और व्यवस्था के सामने मुश्किलें पैदा करते रहते हैं, तो उन्हें अनुशासित करने की जिम्मेदारी से भला कोई राज्य कैसे बच सकता है।

### प्रसंगतः खुशी का राज

एक बार एक सज्जन पंडित जवाहरलाल नेहरु से मिलने आए और बोले, 'यदि आप इजाजत दें तो मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूं।' नेहरू जी ने सहर्ष इसकी अनुमति दे दी। उनकी सहमति मिलने पर उस सज्जन ने कहा, 'आप इस उम्र में भी एकदम ताजा गुलाब की तरह स्वस्थ और आकर्षक नजर आते हैं जबकि आपके ऊपर काम का अत्यधिक बोझ है। लेकिन आपको तो देखकर लगता है कि आप पर जैसे उम्र का कोई असर ही नहीं है। अपनी प्रसन्नता का रहस्य हमें बताएं।' यह सुनकर नेहरू जी हंसकर बोले, 'अरे भाई, यह तो बहुत ही सहज है। कोई भी व्यक्ति यदि केवल तीन बातों पर ध्यान दे तो वह भी हमेशा ताजा गुलाब की तरह तरोताजा रह सकता है।' उस सज्जन ने पूछा, 'वे कौन सी तीन बातें हैं। हमें भी तो बताइए।' नेहरू जी ने कहा, 'सबसे पहली बात तो यह कि मैं बच्चों से घुल-मिल जाता हूं, उन्हें प्यार करता हूं। उनके भोलेपन और मासूमियत में मैं स्वयं को भी उन्हीं के जैसा महसूस करता हूं। कभी-कभी बच्चों के साथ बच्चा बनकर खेलने में बहुत आनंद आता है और दिल को सुकून मिलता है। दूसरी बात, मैं कुदरत के सुंदर दृश्यों से गहरा संबंध रखता हूं। पहाड़, नदी, झरने, पक्षी, चांद, सितारे, हरे-भरे जंगल और हवाएं भी मेरी जिंदगी को गुलाब की तरह ताजा रखती हैं। प्रकृति से तो स्वास्थ्य का बहुत गहरा संबंध है। तीसरी बात, ज्यादातर लोग छोटी-छोटी किस्म की बातों में फंस कर तनावग्रस्त हो जाते हैं। मैं ऐसा नहीं करता। जिंदगी को लेकर मेरी सोच और नजरिया बिल्कुल अलग है। जीवन है तो समस्याएं भी होंगी। इसलिए सबका मुकाबला धैर्य और शांति से करें। यह जान लीजिए कि समस्याएं हमेशा रहेंगी। अगर हम उनसे डरकर तनावग्रस्त हो जाएं तो हमारा जीवन संकटग्रस्त हो जाएगा।' नेहरू जी की बात से वह सज्जन संतुष्ट हो गए।

# सर्वधर्म-समभाव मनुष्य होने की पहली शर्त



- विश्वनाथ सचदेव

रामधुन गायी हो भले ही न गायी हो किसी ने, पर सुनी तो अवश्य होगी। 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम', यह शब्द कभी न कभी दिल से या मस्तिष्क से टकराये तो होंगे ही। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रिय भजन था यह। बताया जा रहा है कि यह भजन मूलतः पंडित लक्ष्मणाचार्य ने लिखा था और उसमें 'ईश्वर अल्लाह तेरो नाम' वाली पंक्ति नहीं थी। हो सकता है गांधी जी ने यह शब्द जोड़े हों। लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इससे न तो मूल भजन की महत्ता कम होती है और न ही मूल भजन के प्रति किसी अवमानना का कोई भाव सामने आता है। कुछ सकारात्मक जुड़ ही रहा है इस पंक्ति से। देखा जाये तो यह 'एकम् सत् विप्रा बहुधा वदन्ति' का ही एक रूप है। ईश्वर एक है उसे किसी भी नाम से पुकार लो, ध्वनि पहुंचेगी उसी एक जगह जहां वह है। रोज सुबह अपनी प्रार्थना-सभा में ईश्वर अल्लाह तेरे नाम का संदेश देकर गांधी धर्म के नाम पर फैलती या फैलायी जा रही कटुता को समाप्त करने का संदेश ही दे रहे थे। पता नहीं मूल भजन में यह शब्द बापू ने जोड़े थे या किसी और ने पर जिसने भी जोड़े थे उसके प्रति हमें आभार व्यक्त करना चाहिए– इससे भजन को नया आयाम मिला है और जब हम कहते हैं, 'सबको सन्मति दे भगवान' तो इसका सिर्फ एक ही अर्थ निकलता है कि हम संपूर्ण मनुष्य जाति के कल्याण की कामना कर रहे हैं। इसे कोई और अर्थ देने का अथवा कोई और मंतव्य निकालने का मतलब 'एकम् सत्य' की मूल भावना को ही नकारना होगा।



ऐसा ही एक मंतव्य हमारे संविधान में दिये गये शब्द 'सेक्युलर' या 'पंथ-निरपेक्ष' का निकालने की कोशिश की जा रही है। कहा यह भी जा रहा है कि यह शब्द मूल संविधान में नहीं था, इसे संविधान में संशोधन करने के बाद जोड़ा गया। सही है यह बात। हमारे संविधान के निर्माताओं ने सेक्युलर या धर्म-निरपेक्ष शब्द जोड़ने से इंकार किया था। संविधान सभा में के.टी. शाह ने एक संशोधन प्रस्ताव रखते हुए 'भारत धर्म-निरपेक्ष, संघीय समाजवादी राज्यों का संघ होगा' शब्द जोड़ने का आग्रह किया था। तब बाबा साहेब अंबेडकर ने यह कहकर प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था कि धर्मनिरपेक्षता संविधान की संरचना में ही निहित है। जवाहरलाल नेहरू ने अंबेडकर की बात से सहमति जतायी थी। संविधान सभा में तब यह भी कहा गया था कि आने वाली पीढ़ियां यदि चाहेंगी तो आवश्यकता के अनुसार शब्द जोड़ सकती हैं। वर्ष 1976 में, आपातकाल के दौरान, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने यही किया था। संविधान के 42वें संशोधन के अनुसार तब संविधान के आमुख में 'पंथनिरपेक्ष' और 'समाजवाद' शब्द जोड़े गये थे। आपातकाल घोषित करने के लिए इंदिरा गांधी को किसी भी दृष्टि से सही नहीं ठहराया जा सकता, पर बयालीसवें संशोधन की उपयोगिता को नहीं नकारा जाना चाहिए।

सेक्युलरिज्म का यह अर्थ कदापि नहीं है कि सरकार धर्म-विरोधी है। संविधान में इसे जोड़ने का उद्देश्य सिर्फ इस बात को रेखांकित करना है कि देश की सरकार किसी धर्म विशेष को प्रश्रय नहीं देगी। उसकी दृष्टि में सब नागरिक समान हैं, भले ही नागरिक किसी भी धर्म को मानने वाला क्यों न हो। सरकार का कोई धर्म नहीं होगा। सरकार की दृष्टि में सब धर्म समान होंगे का अर्थ सिर्फ यही है कि धर्म-निरपेक्ष भारत में सरकार किसी भी धर्म विशेष के प्रति कोई विशेष आग्रह नहीं रखेगी।

सब धर्म समान हैं, सब धर्मों का लक्ष्य एक है। यह लक्ष्य है मनुष्य को बेहतर मनुष्य बनाना। यदि हम इस बात को समझ लेते हैं, स्वीकार कर लेते हैं तो किसी भी भारतीय के प्रति हमारे मन में कोई द्वेष-भाव नहीं पनपेगा। हमारा साझा आंगन होगा, हमारा साझा चूल्हा होगा। यही धर्म-निरपेक्षता है। धर्म-निरपेक्षता का अर्थ धर्म का विरोध नहीं है, सर्व धर्म समभाव है। लोगों को उनकी जाति और धर्म के बावजूद प्यार करना ही धर्म-निरपेक्षता की भावना को समझना है। हमारे लिए यह समझ नयी नहीं है। सच तो यह है कि हमारी समावेशी संस्कृति भी हमें यही संदेश देती है। हाल ही में भारतरत्न से सम्मानित लालकृष्ण आडवाणी ने वर्ष 1998 में संविधान की समीक्षा के संदर्भ में लिखे अपने एक लेख में कहा था, 'सेक्युलरिज्म भारत की संस्कृति में है'। आडवाणी जी तब देश के गृहमंत्री थे। कुछ ऐसी ही बात सन् 2015 में पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने भी कही थी। अपने एक भाषण में उन्होंने कहा था 'भारत सिर्फ इसलिए सेक्युलर नहीं है, क्योंकि यह हमारे संविधान में है। भारत सेक्युलर है क्योंकि सेक्युलरिज्म हमारे डी.एन.ए में है।'

कभी इकबाल ने कहा था, हिंदी हैं हम वतन है हिन्दोस्तां हमारा'। यहां हिंदी का अर्थ हिंदू नहीं है, हिंदुस्तानी है, भारतीय है। हम चाहे किसी भी धर्म को मानने वाले क्यों न हों, हमारी पूजा-पद्धति चाहे कैसी भी क्यों न हों, हम सब पहले भारतीय हैं। अपने आप को, या किसी को भी मंदिर-मस्जिद अथवा ईश्वर-अल्लाह में बांटकर देखना, सच पूछें तो मनुष्यता के प्रति एक अपराध है। धर्म का यह वैविध्य हमारी विशेषता ही नहीं, हमारी ताकत भी है। इस विविधता को बनाये रखने की आवश्यकता है, इस ताकत को बचाये रखने, इसे और मज़बूत बनाने की आवश्यकता है।

सवाल यह है कि यह कैसे हो? इस प्रश्न का उत्तर भी उसी भजन में है जिसे गांधीजी रोज़ सुबह अपनी प्रार्थना-सभा में गाया करते थे ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम, सबको सन्मति दे भगवान। इस बात का कोई मतलब नहीं है कि यह शब्द मूल भजन में थे या नहीं। मतलब है तो सिर्फ इस बात से कि यह शब्द, यह भाव, हमें बेहतर मनष्य बनने की ओर ले जाते हैं।

कैसे बनें हम बेहतर मनुष्य? इस प्रश्न का उत्तर भी इसी तथ्य में छिपा है कि हमें मनुष्य बने रहना है। धर्म, जाति, वर्ग, वर्ण के नाम पर मनुष्यता को टुकड़ों में बांटने से तो हम स्वयं इतने बंट जाएंगे कि हमारी पहचान ही खो जायेगी। मनुष्य होने की इस पहचान को जिंदा रखने का अर्थ है उस सत्य को स्वीकार करना, उस बात को समझना कि सत्य एक है, विद्वान उसे अलग-अलग तरीके से समझाते हैं। ईश्वर को अल्लाह या गॉड या भगवान के रूप में बांटना अपने आप को ही बांटना है। आज बंटने की नहीं, जुड़ने की आवश्यकता है। राजनेता इस बात को नहीं समझेंगे। शायद उनके स्वार्थ हमें बांटने से सधते हों। पर हमारा, यानी हर भारतीय नागरिक का हित राजनीति के जंजाल से मुक्त होने में है। हमें सत्ता की राजनीति नहीं, सेवा की राजनीति की आवश्यकता है। आवश्यकता इस बात की भी है कि हम अपने संविधान में अंतर्निहित समानता, न्याय और बंधुत्व के विचारों से जुड़े रहें। संविधान के जिस आमुख में यह तीन शब्द हैं, उन्हीं के साथ सेकुलरिज्म यानी पंथ-निरपेक्षता भी है। सर्व धर्म समभाव की भावना को रेखांकित करने वाला यह शब्द सब धर्मों को आदर की दृष्टि से देखने का संदेश देता है। इस संदेश को समझना ही होगा। मनुष्य बने रहने की शर्त है यह।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# अब नहीं तो फिर कब बोलोगे?

- वेदव्यास

20वीं शताब्दी के अनुभव संसार को लेकर इक्कीसवीं शताब्दी में प्रवेश कर चुका मनुष्य हमसे आज कई सवाल पूछ रहा है। यह जानना चाहता है कि विज्ञान और प्रकृति के बीच मेरे साथ कौन रहेगा। अध्यात्म और अर्थशास्त्र के रास्ते पर मेरे साथ कौन चलेगा? मनुष्य और राज्य सत्ता के आपसी रिश्ते कौन तय करेगा। वह यह भी समझना चाहता है कि क्या अब मनुष्य के लिए भूख, अशिक्षा और असमानताओं के शोषण से मुक्ति संभव है। क्या अब हजारों वर्ष पूर्व उद्घोषित वेदों के मानवतावाद और समवेत का दर्शन मनुष्य को लगातार की पराजय से बचा पाएगा और क्या अब साहित्य का मनुष्य के दैनिक जीवन में कोई हस्तक्षेप रह जाएगा। ऐसे ही बहुत सारे प्रश्न हैं जो हमें इस शताब्दी ने विरासत में दिए हैं। लेकिन बीते हुए समय की कहानी के अनेक महानायक ही आज हमें यह बताते हैं कि मनुष्य के पास सत्य और असत्य के बीच, अंधकार और प्रकाश के बीच, मंडी और मुद्रा के बीच, विज्ञान और विकास के बीच तथा विचार और विवेक के बीच घटित होने वाले साम, दाम, दंड, भेद को समझने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

अब जब धरती छोटी होती जा रही है और मनुष्य अपनी इच्छाओं के नित नए ग्रह-उपग्रह खोज रहा है तब भला साहित्य और संस्कृति की भूमिका का कौनसा स्वरूप वह अपने लिए तय करेगा इस बात पर हमें भी अभी से सोचना चाहिए। क्योंकि मनुष्य की विकास यात्रा का हमारा सम्पूर्ण अनुभव अनेक त्रासदियों से भरा हुआ है तथा अब स्थिति यह है कि मनुष्य अपनी समस्त नकारात्मक चेतना और प्रवृत्तियों के साथ परिवर्तन की ऊखली में सिर डाले हुए छटपटा रहा है। अब मनुष्य को साहित्य, सम्पदा, विज्ञान और विकास में से कौन बचाएगा और कौन मनुष्य को धर्म के नाम पर जोड़ पाएगा यह यक्ष प्रश्न भी आज मेरे सामने है। अपनी चर्चा की चौखट पर आज मेरा सरोकार केवल मात्र एक साहित्य ही है जो मनुष्य को नवीन विज्ञान देता है, इतिहास, और भूगोल का सामान्य अनुसंधान देता है, जीव और जगत का विज्ञान देता है और सम्पूर्ण लोकमंगल की तलाश में उसे सम्भोग से समाधि, युद्ध से शांति, आत्मा से परमात्मा, द्वैत से अद्वैत, व्यष्टि से समष्टि, विनाश से विकास और कलुषित से सुभाषित की ओर ले जाता है। यह साहित्य मूलतः मनुष्य की चेतना के मनोविज्ञान का दर्पण है तथा मनुष्य के जीवन का ऐसा अमर फल है जो काल से मरता नहीं है, प्रकृति से डरता नहीं है और शब्द तथा भाषा के सभी बंधनों से आगे शब्दब्रह्म की तरह रहता है। साहित्य उनके लिए नहीं है जो मनुष्य के भीतर एक मंडी की तलाश करते हैं, साहित्य उनके लिए भी नहीं है जो समय के तत्काल को जीते हैं, साहित्य से उनका भी कोई लेना-देना नहीं है जो इसे सुख की सिंहासन बत्तीसी समझते हैं। साहित्य तो एक अनुभव संसार से ही जमीन का तल और मनुष्य का जल नापा जाता है और साहित्य से ही ज्ञान का बल और मनुष्य का छल परिभाषित होता है।

पिछली अनेक शताब्दियों में साहित्य के सभी आवरण बदल गए हैं लेकिन उसकी मूल खोज का शाश्वत रास्ता और अध्याय कहीं देखें तो पता चलेगा कि मनुष्य के मन, वचन और कर्म की परतों में केवल रचनाकार ही अनवरत झांक रहा है। जिसे सबने त्याग दिया है वही आज सृजनधर्मी का सरोकार है तथा साहित्य ही अब एक ऐसी शब्दों और भावों की सुरंग है जिसमें मनुष्य की कविता का अनहदनाद अनवरत जारी है। जो मनुष्य में विश्वास करता है वही साहित्य का अभिप्रेत है और जो स्वयं में आस्था रखता है वही मनुष्य का चरम संकेत है। साहित्य का जन्म किसी पहाड़ से नहीं होता अपितु बादलों की गड़गड़ाहट से होता है जो बिजली की तरह कौंधता भी है और सुरसरि की तरह घर-आंगन को सींचता भी है।

साहित्य का अर्थ ही बदलाव और परिवर्तन में निहित है। दुनिया का अब तक का साहित्य यथास्थिति के विरोध का प्रमाण है। साहित्य केवल मंगल है और इसमें शब्दों का दंगल केवल वही करते हैं जो मनुष्य को मनुष्य भी नहीं रहने देना चाहते। यह साहित्य एक ऐसी माया है जिसके नाना रूपों में सुखनारायण बसते हैं तथा जहां पत्थर की मूर्तियां रूढ़ियों की संस्कृति, असमानता का समाजशास्त्र और छल-बल का अर्थजगत् पूरी तरह प्रतिबंधित है। साहित्य जहां मनुष्यता का अमरकोष है, विकास का कल्पतरू है, मंगल की भूमिपूजा है वहां यह असूर पर सुर-मुनियों की विजय का दस्तावेज भी है।

हम एक पूरी उलझन और समय भी भूलभुलैया के बीच आपको इस साहित्य के बदलते धर्मशास्त्र की यात्रा पर ले जाना चाहते हैं और आपसे एक ऐसा संवाद स्थापित करना चाहते है जो मन से पढ़ा जाए और विचार से सुना जाए। इस पाठ्यक्रम में उत्थान की सभी अट्टालिकाएं मनुष्य के मन-विचार की नींव पर ही खड़ी है। यह साहित्य आसमान में यहां वहां कोई बगीचा तो नहीं लगाता, लेकिन आजादी, समानता और लोककल्याण की प्रसंगवाटिका में चिंतनधारा की अविस्मरणीय पदचाप अवश्य ही अंकित करता है। यह साहित्य-कर्म जंगल के जोगियों की बिरासत है, काल चक्र की पवित्रतम इबादत है, प्रकृति की तरह आंख खोलने की एक आदत है, अभिव्यक्ति की शहादत है और एक ऐसी आत्मलीन साधना है जो नदी के किनारे खड़े अकेले पेड़ की तरह मनुष्य की मंगलमय भविष्य की कामनाएं करती रहती है। साहित्य कोई मनोरंजन भी नहीं है तो कोई अंतिम दुखभंजन भी नहीं है किंतु एक अनवरत बहने वाली पवन धारणा है जिसमें मनुष्य का आदि और अंत सभी कुछ बोलता है तथा चरम सत्य को समय के चेहरे पर अंकित करता है और समाज का ऋण है जिसे मनुष्य के लिए, मनुष्य के द्वारा मनुष्य को सौंपा जाता है। जिस तरह स्त्री, सौंदर्य, पृथ्वी, वायु, जल, अग्नि और व्योम की कोई सीमा और परिभाषा नहीं बांधी जा सकती, उसी प्रकार साहित्य को शब्दों के कीर्तन, किताबों के अलख निरंजन, कलम के तुमुलनाद और आत्ममुग्ध मनोदशा के संवाद से भी रूपायित नहीं किया जा सकता। सबकी एक सी आंख होते हुए भी सबके अपने-अपने दृश्य होते हैं और कान की ध्वनियां और मुख के स्वाद होते हैं उसी तरह साहित्य के भी अपने प्रवाद और अनुवाद होते हैं। लेकिन कुछ भी रहता हो, पर साहित्य और सृजन की लोक यात्रा में मनुष्य का साथ वही दे सकता है जो उसके सम्मान में सिर देने को तैयार हो।

समय और सत्य की मुख्यधारा में मनुष्य को परिशिष्ठ की तरह प्रायोजित करने के खिलाफ यह एक बहस और दखल करने का उपक्रम, आगे फिर उन सब अवधारणाओं, आस्थाओं, मतवादों और सृजन सरोकारों पर केंद्रित होगा लेकिन इसके साथ हम जिधर भी देखेंगे और सुनेंगे वह एक समय की महाभारत होगी जिसके कुरुक्षेत्र में सभी पाण्डव-कौरव थक-हारकर मनुष्य के मंगल की अभिलाषा लेकर ही आएंगे-जाएंगे। धैर्य से सुनिये मनुष्य जाति के भूत, भविष्य और वर्तमान को। मनुष्य का रास्ता ही साहित्य का रास्ता है और साहित्य का वास्ता ही मनुष्य का वास्ता है। शेष चराचर भौतिक है और क्षणिक है। चलते रहिये, चलते रहिये। थकिये और भटकिये मत। यह अंधेरा जितना बढ़ेगा आपका सवेरा उतना ही प्रखर और अवश्यसम्भावि होगा। इसलिए भागो मत। अपने आप को बदलो, तथा भय, भाग्य और भगवान की काराओं से बाहर निकलो।

**(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार हैं)**

# पुस्तकों का मेला क्यों है अलबेला

इंसान की ज़िंदगी में विचारों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। वैचारिक क्रांति एवं विचारों की जंग में पुस्तकें सबसे बड़ा हथियार है। लेकिन यह हथियार जिसके पास हैं, वह ज़िंदगी की जंग हारेगा नहीं। जब लड़ाई वैचारिक हो तो पुस्तकें हथियार का काम करती हैं। पुस्तकों का इतिहास शानदार और परम्परा भव्य रही है। पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मार्गदर्शक हैं। पुस्तकें सिर्फ जानकारी और मनोरंजन ही नहीं देती बल्कि हमारे दिमाग को चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। आज डिजिटलीकरण के समय में भले ही पुस्तकों की उपादेयता एवं अस्तित्व पर प्रश्न उठ रहा हो लेकिन समाज में पुस्तकें पुनः अपने सम्मानजनक स्थान पर प्रतिष्ठित होंगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। पुस्तकों पर छाये धुंधलकों को दूर करने के लिये एवं पुस्तक की प्रासंगिकता को नये पंख देने की दृष्टि से लेखक, पुस्तक प्रेमी और प्रकाशकों का 'महाकुंभ' यानी नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2024 का आयोजन 10 से 18 फरवरी के बीच दिल्ली के प्रगति मैदान में हो रहा है। इस बार पुस्तक मेले की थीम 'बहुभाषी भारत एक जीवंत परंपरा' रखी गई है। हर साल की तरह इस साल भी मेले का स्वरूप काफी बड़ा होगा, जहां हिंदी, इंग्लिश के अलावा क्षेत्रियों भाषाओं की किताबें देखने को मिलेंगी वहीं देश-विदेश के 1500 से अधिक प्रकाशक पुस्तक मेले में भाग लेंगे। इस बार अतिथि देश के रूप में सऊदी अरब का चयन किया गया है। 51 साल से चल रहे पुस्तक मेले का आयोजक नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) है। विश्व पुस्तक मेला अपनी उपयोगिता एवं प्रासंगिकता को लेकर प्रश्नों के घेरे में हैं। पुस्तक मेले पर धार्मिकता एवं साम्प्रदायिकता का संकीर्ण घेरा बनना चिन्ता का विषय है। साहित्यकारों से अधिक धर्मगुरुओं, पोंगा-पंडितों, ज्योतिषियों- तांत्रिकों का वर्चस्व बढ़ना मेले के वास्तविक उद्देश्य से भटकाता है। मेले के दौरान प्रकाशकों, धार्मिक संतों, विभिन्न एजेंसियों द्वारा वितरित की जाने वाली निशुल्क सामग्री भी एक आफत है। यह बात दीगर है कि इस दौरान प्रगति मैदान के खाने-पीने के स्टॉल पर पुस्तक की दुकानों से अधिक बिक्री होती है। पार्किंग, मैदान के भीतर खाने-पीने की चीजों के बेतहाशा दाम, जिनसे यदि निजात पा लें, तो सही मायने में विश्व पुस्तक मेला, विश्व स्तर का होगा। मेले की संरचना में खामियों का ही परिणाम है कि मेले में पाठकों की संख्या घटी है और उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ी है। लोग यहां किताबें खरीदने के बजाय उत्पाद खरीदने आ रहे हैं। इसीलिए कोई अपने बच्चे की अंग्रेजी सुधारने के लिए किताब खरीद रहा है तो कोई पेट की चर्बी कम करने के लिए किताब या पाउडर खरीद रहा है। इन सभी कारणों से उपभोक्तावाद को बढ़ावा देने वाले साहित्य की लोकप्रियता बढ़ी है जबकि फिक्शन, नॉन-फिक्शन और जीवन मूल्यों से जुड़ी किताबों की मांग कम हुई है। पिछले कुछ वर्षों से मेले का रंग बहुत बदल गया है। अब यहां कोई सार्थक बहस नहीं होती, जैसी पहले हुआ करती थी। आज समस्या पठनीयता की नहीं, बल्कि उपलब्धता की है। पुस्तक मेले में ऐसी सार्थक चर्चाएं हो और सकारात्मक वातावरण बनाया जाये ताकि पुस्तकों की अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच हो जाए। इसके लिए जरूरी है कि ऐसी जनजागरूकता पैदा कि जाये ताकि अच्छी किताबों की घरेलू या सार्वजनिक लाइब्रेरी तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। यह एक चुनावी मुद्दा भी बनना चाहिए और चुनाव के दौरान मतदाताओं को अपने प्रतिनिधि से गुडलाइब्रेरी खोलने की मांग करनी चाहिए। अस्पतालों, होटलों, रेल्वे स्टेशनों में पुस्तकालय स्थापित किये जा सकते हैं ताकि वहां आने वाले लोगों का खाली समय का उपयोग मानसिक एवं बौद्धिक विकास में हो सके।

वैश्वीकरण के दौर की हर चीज बाजार बन गयी है, लेकिन पुस्तकें- खासकर हिंदी की अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ वर्षों से पुस्तक मेला पर बाजार का असर दिख रहा है। पुस्तकों के स्वत्वाधिकार के आदान-प्रदान के लिए दो दिन 'राइट्स टेबल' का विशेष आयोजन होता है। असल में पुस्तक भी इंसानी प्यार की तरह होती हैं जिससे जब तक बात न करो, रूबरू न हो, हाथ से स्पर्श न करो, अपनत्व का अहसास देती नहीं है। फिर तुलनात्मकता के लिए एक ही स्थान पर एक साथ इतने सजीव उत्पाद मिलना एक बेहतर विपणन विकल्प व मनोवृत्ति भी है। हालांकि यह पुस्तक मेला एक उत्सव की तरह होता है, जहां पुस्तक का व्यापार मात्र नहीं, कई तरह के समागम होते हैं। विश्व पुस्तक मेला में आये पुस्तक प्रेमियों की संख्या से पता चलता है कि किताबों के प्रति लोगों की रुचि बरकरार है। विदेशी मंडप में भले ही अधिकांश पुस्तकें केवल प्रदर्शन के लिए होती हैं, लेकिन गंभीर किस्म के लेखक इनसे आइडिया का सुराख लगाते दिखते हैं। थीम पवेलियन हर समय आम लोगों के आकर्षण का केंद्र रहता है। बच्चों की नैसर्गिक रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए बाल मंडप एक महत्वपूर्ण आकर्षण होता है। जाहिर है, पुस्तक मेला में दिल व दिमाग, दोनों पुस्तक के साथ धड़कते-मचलते हैं, तभी तो यह मेला नहीं है, आनंदोत्सव है। पुस्तकों का वसंतोत्सव है, जो आश्वस्त करता है कि मुद्रित शब्दों की शक्ति, सहकार और सौंदर्य अब भी बरकरार है। पुस्तकें समाजरूपी शरीर के मस्तिष्क है।

- ललित गर्ग



## अपनी आलोचनाओं से तिलमिलाई पूनम पांडे

सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरुक करने के लिए अपनी मौत की फर्जी खबर फैलाने को लेकर आलोचना का शिकार हो रही मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पांडे ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है और कहा मुझे मार डालो, मुझे सूली पर चढ़ा दो, मुझसे नफरत करो, लेकिन, जिसे तुम प्यार करते हो, उसे बचाओ। शबांग नाम की मार्केटिंग एजेंसी, जो पांडे के साथ मिलकर इस अभियान को चला रही थी, ने भी माफी जारी करते हुए कहा, हां, हम हाउटरफ्लाई के साथ मिलकर सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पूनम पांडे की पहल में शामिल थे। शुरुआत करने के लिए हम दिल से माफी मांगना चाहेंगे। विशेष रूप से उन लोगों के प्रति जो किसी भी प्रकार के कैंसर की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं या उनके प्रियजन कर रहे हैं।

हाउटरफ्लाई एक लाइफस्टाइल और एंटरटेनमेंट पोर्टल है, जो मिलेनियल विमेन को लक्षित करता है। नाटकीय घोषणा को समझाते हुए, जिसे कई लोगों ने सस्ते पीआर स्टंट के रूप में देखा, पांडे की एजेंसी द्वारा जारी बयान में कहा गया, हमारा एक्शन एकमात्र मिशन था कि सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरुकता बढ़ाना। साल 2022 में भारत में 1,23,907 सर्वाइकल कैंसर के केस और 77,348 मौतें दर्ज की गई। ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर भारत में मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं को प्रभावित करने वाली दूसरी सबसे ज्यादा घातक बीमारी है। आप में से बहुत से लोग अनजान हो सकते हैं, लेकिन, पूनम की अपनी मां ने कैंसर से बहादुरी से लड़ाई लड़ी है। इतने करीब से इसे देखने और पर्सनल लाइफ में इस तरह की बीमारी से लड़ने की चुनौतियों से गुजरने के बाद पूनम रोकथाम के महत्व और जागरुकता की गंभीरता को समझती हैं। खासकर जब वैक्सीन मौजूद हो। यह दावा करते हुए निष्कर्ष निकाला गया,इस देश के इतिहास में यह पहली बार है कि सर्वाइकल कैंसर शब्द 1,000 से ज्यादा हेडलाइन में है। यह दोहराते हुए कि इस पहल के कारण जिन लोगों को ठेस पहुंची है, उनसे वह माफी मांगती है, एजेंसी ने कहा, फ़हम समझते हैं कि हमारे तरीकों ने अप्रोच के बारे में बहस छेड़ दी होगी। हमें किसी भी परेशानी के लिए खेद है, लेकिन अगर इस कदम के बाद बहुत जरूरी जागरुकता फैलती है और मौतों को रोका जा सकता है, तो ये इसका वास्तविक प्रभाव होगा।




## श्रद्धा कपूर ने शेयर किया फोटो दिया अपनी शादी का हिंट

साल 2024 की शुरूआत होते ही कई सेलेब्स की शादी की खबरें सामने आने लगी हैं। जहां एक तरफ रकुल प्रीत सिंह अपनी शादी को लेकर लाइम लाइट में बनी हुई हैं। तो वहीं इस लिस्ट में अब शक्ति कपूर की बेटी का नाम भी जुड़ने वाला है। श्रद्धा कपूर ने हाल ही में अपनी शादी की खबरों को हवा दी है। श्रद्धा कपूर अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अकसर ही अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती नजर आती हैं, जो देखते ही देखते वायरल हो जाती हैं। अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा कभी-कभी अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में आ जाती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है और साथ ही एक सवाल भी पूछा है। जिसे देखने के बाद एक्ट्रेस की शादी की खबरें तेज हो गई हैं।

एक्ट्रेस के आज के कैप्शन के बाद उनके फैंस अंदाजा लग रहे हैं कि एक्ट्रेस ने शादी का मन बना लिया है। दरअसल श्रद्धा कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। जिनमें वह बहुत ही सुंदर लग रही हैं। तस्वीरों में वह गुलाबी रंग की सूट पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने सूट के साथ लंबे गोल्डन झुमके पहने हुए हैं और बिंदी भी लगाई हुई है। अपनी इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'अच्छी लग रही हूं, शादी कर लूं?


श्रद्धा कपूर की फोटो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि हां हां जरूर जल्दी-जल्दी। एक यूजर ने लिखा कि' शादी के लिए पंडित चाहिए तो मुझे ही बुलाना।' एक यूजर ने लिखा कि 'ट्रैफिक जाम हो गया है, इस फोटो की वजह से।' एक यूजर ने लिखा कि 'मुझे 21 साल का तो होने दीजिए।' एक यूजर ने लिखा 'पापा शक्ति कपूर से पूछ रही हो या मुझसे। मैं तो तैयार हूं।' श्रद्धा कपूर ने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि मैं जब भी शादी करूंगी और जिससे भी करूंगी, मैं उस शख्स के साथ पूरी तरह क्रैक होने वाली हूं। श्रद्धा के वर्कफ्रंट की बात करें तो 'तू झूठी मैं मक्कार' के हिट के बाद श्रद्धा कपूर अपनी आगामी फिल्मों 'स्त्री 2' और 'चंदू चैम्पियन' की शूटिंग में बिजी हैं। ये फिल्में अगले साल तक रिलीज होंगी। अब फिल्मफेयर के करीबी सूत्रों की मानें तो श्रद्धा और राहुल मोदी की नजदीकियां बढ़ रही हैं। श्रद्धा के वर्क फ्रंट पर नजर डालें तो उनकी अगली फिल्म स्त्री 2 है, जिसमें वह राजकुमार राव के साथ नजर आएंगी। फिल्म की रिलीज डेट 31 अगस्त है। उनके पास नागिन और चालबाज जैसी फिल्में भी हैं। श्रद्धा की पिछली फिल्म पिछले साल रणबीर कपूर के साथ आई तू झूठी मैं मक्कार थी।



## लापता लेडीज के लिए आमिर खान ने भी दिया था ऑडिशन

किरण राव फिल्म लापता लेडीज से 13 साल के बाद बतौर निर्देशक वापसी कर रही हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार में किरण ने पर्दे के पीछे का एक दिलचस्प विवरण साझा किया। उन्होंने खुलासा किया कि उनके पूर्व पति आमिर खान ने फिल्म में रवि किशन की भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था। हालांकि, उनके ऑडिशन टेप को देखने के बाद, किरण को लगा कि रवि इस भूमिका में आमिर से आगे निकल गए। जब आमिर से लापता लेडीज में एक विशेष भूमिका निभाने के बारे में पूछा गया, तो किरण ने स्वीकार किया कि उनके और आमिर के बीच इस बात पर बहुत चर्चा हुई थी कि क्या उन्हें रवि किशन द्वारा निभाया गया मनोहर का किरदार निभाना चाहिए। एक बातचीत में उन्होंने खुलासा किया कि आमिर ने इस भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था और वे वास्तव में अच्छा था, लेकिन जब किरण ने उन्हें रवि किशन का ऑडिशन टेप दिखाया, तो आमिर इस बात पर सहमत हो गए कि किशन इस भूमिका के लिए उपयुक्त हैं।

किरण ने कहा, रवि किशन ने इस किरदार में पूरी तरह से आश्चर्यचकित कर दिया, क्योंकि आप नहीं जानते कि उनसे क्या उम्मीद की जाए। जब आमिर किसी भूमिका में होते हैं, तो वे अपने किरदार के लिए उम्मीदें स्थापित कर लेते हैं। आमिर उस फैसले पर पूरी तरह सहमत थे कि रवि इसे बेहतर तरीके से कर सकते हैं और शायद,वे इसके साथ पूरा न्याय नहीं कर पाए। किरण ने अपनी कास्टिंग पसंद और जानबूझकर फिल्म में कम जाने-पहचाने चेहरों को चुनने को लेकर भी विचार साझा किए। उन्होंने बताया, मैं वास्तव में भाग्यशाली थी, क्योंकि आमिर इस विचार का पूरी तरह से समर्थन किया था। उन्होंने यह भी दृढ़ता से महसूस किया कि कहानी को ऐसे चेहरों के साथ और प्रामाणिक बनाने की जरूरत है, जो इस ग्रामीण परिवेश में बहुत विश्वसनीय होने के लिए पर्याप्त ताजा हों और साथ ही इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश न करें। लापता लेडीज अनुभवी अभिनेताओं और नए चेहरों के मिश्रण के साथ एक ताजा सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है।



## मैं लंबे समय से शिव भक्त हूं

अक्षय कुमार अपने यूजिक वीडियो शंभू के साथ एक शक्तिशाली अनुभव दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से शिव भक्त रहे हैं।2023 की फिल्म ओएमजी 2 में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अक्षय ने कहा- शंभू मेरे दिल में एक गहरी जगह से आता है, जो केवल जय श्री महाकाल के नाम से धड़कता है! मैं लंबे समय से शिव भक्त रहा हूं लेकिन हाल ही में उनके साथ मेरा संबंध और उनके प्रति भक्ति और भी गहरी हो गई है। एक्शन स्टार का कहना है कि भगवान शिव शक्ति हैं, प्रेम हैं और जरूरत पड़ने पर मदद भी करते हैं। अक्षय ने कहा, वह उद्धारकर्ता हैं, वह समर्पण हैं, जिसके प्रति हम सभी समर्पण करना चाहते हैं, वह सब कुछ हैं और अंत हैं।इस गीत के साथ, मैं बस उस अनंत चेतना को एक बूंद अर्पित करता हूं, जो शिव हैं! जय श्री महाकाल। शिव गान को बहुमुखी प्रतिभा के धनी अक्षय ने सुधीर यदुवंशी और विक्रम मॉन्ट्रोज़ के साथ गाया है। टाइस यूजिक के सीईओ मंदार ठाकुर ने कहा, हम इस दिव्य संगीत उद्यम में अक्षय कुमार के साथ सहयोग करके रोमांचित हैं।

## संदीप को आमिर से आमने सामने करनी चाहिए बात

संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल को लेकर हाल के दिनों में खूब विवाद हो रहा है। एनिमल साल 2023 की सबसे बड़ी हिट रही, फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया लेकिन फिल्म में महिला किरदार को लेकर कुछ लोगों ने इसकी आलोचना भी की। हाल ही में संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म की आलोचना करने को लेकर किरण राव पर प्रतिक्रिया दी थी। संदीप ने कहा था किरण राव को उनकी फिल्मों पर टिप्पणी करने से पहले आमिर खान के काम को देखना चाहिए। संदीप की इस प्रतिक्रिया का जवाब देते हुए किरण ने कहा, उन्होंने कभी भी उनकी किसी फिल्म का नाम नहीं लिया। किरण ने आगे कहा कि अगर संदीप को कुछ कहना तो उन्हें आमिर से आमने-सामने बात करनी चाहिए।





## ड्रीम गर्ल बन दिलों पर राज करने को तैयार करिश्मा कपूर

**बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर जल्द ही मर्डर मुबारक के साथ अपना कमबैक करेंगी। सस्पेंस, कॉमेडी और रोमांस से भरपूर ये फिल्म 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। आज नेटफ्लिक्स ने एक वीडियो साझा कर मर्डर मुबारक की घोषणा की है। निर्देशक होमी अदजानिया ने इसे निर्देशित किया है।**

मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा। मर्डर मुबारक अनुजा चौहान की किताब क्लब यू टू डेथ का स्क्रीन रूपांतरण है। मेकर्स आज फिल्म का एक वीडियो साझा किया है। यह वीडियो बेहद ही रोचक है। इसे देखने के बाद फिल्म का देखने का उत्साह और बढ़ गया है। करिश्मा कपूर के सथ इसमें इसमें सारा अली खान, विजय वर्मा, डिंपल कपाड़िया, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा और सुहैल नैय्यर जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे। ये सभी कलाकार फिल्म में कुशलतापूर्वक अपने किरदारों के गुप्त उद्देश्यों को छिपाते हैं। वहीं, पंकज त्रिपाठी भी इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे, जो एक गैर-पारंपरिक पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगे। वह एक बाहरी व्यक्ति के रूप में उनकी दुनिया में कदम रखते हैं। वह जानते हैं कि वहां जो दिखता है उससे कहीं अधिक है। फिल्म के निर्देशक होमी अदजानिया ने कहा, मर्डर मुबारक उन अभिनेताओं का एक सिनेमाई मिश्रण है, जिन्हें विभिन्न शैलियों और पीढ़ियों से प्यार किया जाता है और मेरा विश्वास है कि उनमें से हर एक ने इन विलक्षण पात्रों को जीवन में लाने के लिए बहुत अच्छा काम किया है। इस फिल्म में वह जबरदस्त जादू है, जो इसे देखने के लिए बाध्य करता है। यह एक रंगीन हत्या का रहस्य है, जो आपको इसे दोबारा देखने पर मजबूर कर देगा। वहीं, मैडॉक फिल्म्स के निर्माता, दिनेश विजन ने कहा, यह छठा प्रोजेक्ट है जिसमें होमी और मैं काम कर रहे हैं और मैं एक अनोखी मनोरंजक कहानी ढूंढकर आगे बढ़ना चाहता था और फिर ऐसा हुआ। इसके अलावा, इस तरह के एक विविध समूह के साथ एक ऐसी स्क्रिप्ट को जीवंत करना, जो मेरे द्वारा पढ़ी गई सबसे विचित्र और अधिक मनोरंजक हत्या के रहस्यों में से एक है, मेरे लिए बहुत रोमांचक थी।



## प्रभास की कल्कि 2898 एडी में खास भूमिका निभाएंगे जूनियर एनटीआर-नानी

नाग अश्विन के निर्देशन में बनी कल्कि 2898 एडी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। प्रभास की यह फिल्म इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी फैंस का उत्साह बढ़ा देती है। फिल्म में प्रभास के साथ कई सितारे हैं और तमाम सितारों से सजी यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने का वादा कर रही है। अब फिल्म में कुछ और अभिनेताओं के शामिल होने की खबर आ रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, विजय देवरकोंडा फिल्म में अतिथि भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा ऐसी अटकलें हैं कि साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और नानी की भी भूमिकाएं होंगी। यह अफवाह है कि जूनियर एनटीआर परशुराम का किरदार निभा सकते हैं, जबकि कहा जाता है कि नानी फिल्म के चरमोत्कर्ष से पहले कृपाचार्य की भूमिका निभाएंगे। अभिनेता विजय देवरकोंडा इवाडे सुब्रमण्यम में नाग अश्विन के साथ अपने पिछले सहयोग पर आधारित फिल्म में एक कैमियो कर रहे हैं। प्रशंसक बेसब्री से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि विजय की भूमिका कहानी में उत्साह बढ़ाएगी। इसके अतिरिक्त दुलकर सलमान के भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अफवाह है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की गई है। प्रभास के प्रशंसक कल्कि 2898 एडी में उनकी भूमिका का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो समय यात्रा अवधारणाओं के साथ महाभारत महाकाव्य का एक विशिष्ट मिश्रण है। संतोष नारायणन ने संगीत का निर्देशन किया है। वहीं, अश्विनी दत्त और वैजयंती मूवीज के बैनर तले फिल्म का निर्माण हुआ है। यह फिल्म इस साल गर्मियों में सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



## छत्रपति शिवाजी महाराज का रोल प्ले करेंगे शाहिद कपूर

2018 की हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म पद्मावत में राजा रावल रतन सिंह की बेहतरीन भूमिका निभाने के बाद शाहिद कपूर जल्द ही छत्रपति शिवाजी महाराज पर बन रही हिस्टोरिकल फिल्म में अहम किरदार निभाने वाले हैं। इस फिल्म को ओह माय गॉड 2 फिल्म के डायरेक्टर अमित राय डायरेक्ट करने वाले हैं। ये आने वाले दिनों की मेगा बजट फिल्मों में से एक होगी। हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार, शाहिद कपूर, ओह माय गॉड 2 के डायरेक्टर अमित राय से इस प्रोजेक्ट पर चर्चा कर रहे हैं। ये हिस्टोरिकल फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित होने वाली है, जिसे अश्विन वर्दे के बैनर वकाओ फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। दोनों के बीच पिछले कई दिनों से चर्चा जारी है, जो लगभग फाइनल स्टेज पर है। अमित राय की बात करें, तो उन्होंने 2023 में रिलीज हुई हिट फिल्म ओह माय गॉड 2 का डायरेक्शन किया है। इससे पहले उन्होंने एक हिंदी फिल्म रोड टू संगम का निर्देशन किया था। मराठी फिल्म तिंग्या के वे एसोसिएट डायरेक्टर रहे हैं। 2023 की पंजाबी फिल्म डियर जस्सी उन्होंने लिखी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज पर बनी ये फिल्म अमित राय के निर्देशन की तीसरी फिल्म होगी।



## प्रदेश का बजट आमजन की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला : चौधरी

बालोतरा, 8 फरवरी (निसं)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने गुरुवार को राजस्थान सरकार के 2024 बजट को प्रदेश के समग्र विकास के लक्ष्य को परिपूर्ण करने वाला बताया है। केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने ÷आपणो अग्रणी राजस्थान÷ के ध्येय को संकल्पित करने वाले इस बजट के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले 1 तारीख को केंद्र सरकार का बजट और अब राज्य सरकार का बजट दोनों ही निश्चित रूप से आमजन को राहत पहुंचाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शासित सरकारें आमजन को लॉलीपॉप दिखाने के बजाय उनके कल्याण को मध्यनजर रखकर कार्य करती है।

राज्य सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि किसानों के लिए 2000 करोड़ का एग्रीकल्चर बजट, युवाओं के लिए 70,000 पदों पर भर्ती की घोषणा, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी करने और वरिष्ठ नागरिकों के लिए यात्रा किराए में छूट जैसी घोषणाएं निश्चित रूप से सराहनीय है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार ने आमजन से जुड़े हुए सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा चिकित्सा एवं रोजमर्रा की अन्य जरूरत को आसानी से उपलब्ध कराने को लेकर शानदार घोषणाएं की है। निश्चित रूप से यह बजट प्रदेशहित और जनहित के सर्वांगीण विकास को मध्य नजर रखते हुए तैयार किया गया है तथा आगामी 5 वर्ष में डबल इंजन सरकार किस तरह घोषणाओं को जमीन स्तर क्रियान्वयन कर सके, इसको ध्यान में रखा गया है।

## बालोतरा उपखंड पर जनसुनवाई आयोजित

### एसडीएम कुमार ने सुनी जन परिवेदनाएं

बालोतरा, 8 फरवरी (निसं)। राजस्थान सरकार जन अभाव निराकरण के निर्देशानुसार द्वारा जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के



निस्तारण के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में बालोतरा में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

गुरुवार को प्रातः 11 बजे पंचायत समिति में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार कल्याणपुर ओम अमृत, तहसीलदार पचपदरा इमरान खान, विकास अधिकारी महेश सिंह सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

उपखंड अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जनसुनवाई में कुल 13 परिवाद प्राप्त हुए। जिनमे से 05 परिवादो को मौके पर ही निस्तारित किया गया तथा शेष रहे 08 परिवादो को सम्बन्धित विभागो को भिजवाते हुए अधिकारियों को परिवाद का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## ईडब्ल्यूएस सरलीकरण की मांग

बाड़मेर, 8 फरवरी (निसं)। आर्थिक रूप से पिछड़ों को दिए गए रिजर्वेशन (ईडब्ल्यूएस) में केंद्र स्तर पर विसंगतियों को दूर किए जाने की मांग उठ रही है। इसके लिए बाड़मेर में श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन ने गुरुवार को बीजेपी कार्यालय के आगे धरना दिया।

धरने के दौरान केंद्र सरकार से ईडब्लूएस को सरल बनाने की मांग की गई और नारेबाजी की गई। फाउंडेशन के कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिंह के मुताबिक सर्व समाज की ओर से धरना दिया गया।ईडब्लूएस में ऐसी विसंगतियां हैं कि गरीब लोगों को इसका फायदा नहीं मिल रहा। अल्टीमेटम देते हुए कहा कि सरकार ने विसंगतियों को दूर नहीं किया तो स्वर्ण समाज बीजेपी को वोट नहीं करेगा।

कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिंह ने बताया कि ईडब्लूएस की विसंगतियों को दूर कराने के लिए श्री क्षात्र पुरूषार्थ फाउंडेशन लंबे समय से संघर्षरत है। इसके लिए विधायकों और सांसदों से सहमति पत्र लेने, भाजपा के ही पदाधिकारियों से सहमति पत्र लिखवाए गए हैं। विधानसभा और लोकसभा में भी मामला उठाया गया। अलग-अलग स्तर पर प्रयास किए गए।

हाल ही दिल्ली में भी क्षत्रिय युवक संघ की ओर से आयोजित तनसिंह जन्म शताब्दी समारोह में श्री प्रताप फाउंडेशन के संयोजक महावीर सिंह सरवड़ी की ओर से केंद्र सरकार को चेताया गया कि आर्थिक पिछड़ों को न्याय दिया जाए।

गुरुवार को धरने में बड़ी संख्या में युवा व लोग पहुंचे। उन्होंने हाथों में तख्तियां लिए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना है कि राजस्थान में ईडब्लूएस के सर्टिफिकेट ज्यादा बनते हैं लेकिन केंद्र में सरकार वहीं लोग अमीर हो जाते हैं। इस वजह से कई युवाओं को इसका फायदा नहीं मिल रहा है।

महेंद्र सिंह के मुताबिक हमारी सरकार से मांग है कि हम लोग ईडब्लूएस की विसंगतियों को दूर कर सरलीकरण की मांग कर रहे हैं। सरकार हमारी मांग को लगातार अनसुनी कर रही है। राजपूत हमेशा बीजेपी का वोट बैंक रहा है। अगर सरकार ने हमारी मांगों को नहीं माना तो आगामी लोकसभा चुनाव में हम वोट नहीं देंगे।

## पालना गृह में मिली नवजात बच्ची

### सायरन बजने पर शिशु गृह स्टाफ ने संभाला, नाम रखा दीया कुमारी

जैसलमेर, 8 फरवरी (निसं)। जैसलमेर के बाल कल्याण समिति परिसर में बने पालना गृह में एक नवजात बच्ची मिली है। बच्ची स्वस्थ है और बच्ची का नाम शिशु गृह के स्टाफ ने दीया कुमारी रखा है। पालना गृह में सायरन बजने पर सरकारी शिशु गृह के स्टाफ ने बच्चे को संरक्षण में लिया और बच्ची का मेडिकल आदि करवाने की तैयारी की।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने मुकेश व्यास ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 1 बजकर 20 मिनट पर बाल कल्याण समिति के परिसर में बने पालना गृह में सायरन बजने पर शिशु गृह स्टाफ को पालने में नवजात बच्ची मिली।

नवजात बच्ची को शिशु गृह के स्टाफ ने अपने संरक्षण में लेकर पुलिस को इन्फॉर्म किया। हालांकि बच्ची स्वस्थ है, लेकिन उसका मेडिकल आदि करवाने की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्ची को शिशु गृह के संरक्षण में ले लिया है और शिशु गृह की केयर टेकर उसकी देखभाल कर रही है।

पालना गृह से बच रही मासूमों की जान : बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया कि सरकार की पालना गृह नामक योजना से मासूम को अब कोई मरने के लिए नहीं फेंकता है, उनकी पहचान भी छिपाई जाती है। इससे मासूम बच्चों को जिंदगी मिलती है। शिशु गृह में बेहतरीन देखभाल के साथ निस्संतान दम्पति को गोद लेने के लिए बच्चे भी मिल जाते हैं।

उन्होंने बताया कि करीब 1 महीना पहले भी जवाहिर हॉस्पिटल के पालना गृह में कोई नवजात बच्चे को छोड़कर गया था। वो बच्चा भी हमारे शिशु गृह के संरक्षण में पल रहा है।

नवजात बच्ची की जानकारी मिलने पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मुकेश व्यास, शिशु गृह मैनेजर प्रियंशा, सामाजिक कार्यकर्ता शिल्पा, केयर टेकर गीता, ज्योति, संतोष, माया, कौशल्या, किरण मेल नर्स तेज सिंह व चौकीदार दौलत शिशु गृह में मौजूद रहे।

# अंजनशलाका महोत्सव में सजा राज दरबार

### धोरीमन्ना में परमात्मा की प्रतिष्ठा नया इतिहास लिखेंगी : आचार्य जिनमनोज्ञसूरीश्वरजी

धोरीमन्ना, 8 फरवरी (निसं)। श्री शांतिनाथ जैन श्री संघ धोरीमन्ना के तत्वाधान में श्री शांतिनाथ जिनालय की अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में पंचान्हिका महोत्सव का दूसरे दिन गुरूवार को आचार्य श्री जिनमनोज्ञसूरीश्वरजी म.सा. की निश्रा में व गणिवर्य कमलप्रभसागरजी म.सा., साध्वी डॉ.विधुत्प्रभा श्रीजी म.सा., साध्वी हेमरत्ना श्रीजी म.सा., साध्वी विनितयशा श्रीजी म.सा., साध्वी श्रुतदर्शना श्रीजी म.सा., साध्वी मुक्तांजना श्रीजी म.सा., साध्वी नीतिगुणा श्रीजी म.सा., साध्वी कैवल्यप्रिया श्रीजी म.सा., आदि ठाणा के सानिध्य में हस्तिनापुर नगरी में परमात्मा के जन्म कल्याणक के स्टेज कार्यक्रम का आयोजन हुआ।



अध्यक्ष बाबुलाल लालण व सहकोषाध्यक्ष ओमसा गांधी ने बताया कि श्री शांतिनाथ जिनालय की अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पांच दिवसीय पंचान्हिका महोत्सव के दूसरे दिन परमात्मा के जन्म कल्याणक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गुरुवार को दूसरे दिन आचार्यश्री की पावन निश्रा व गणिवर्य व साधु-साध्वीवृंद की सानिध्य में वरघोड़े व ढोल ढमाके के साथ हस्तिनापुर नगरी पहुंचे। हस्तिनापुर नगरी में संगीत सम्राट नरेन्द्र वाणीगोता द्वारा गुरू वन्दना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विधिविधान मंड़प में पूज्य गुरुदेवश्रीजी के मुखारविंद से मंत्रोच्चार द्वारा जन्मकल्याणक विधिक्रिया भक्तिमय हुई।

आचार्य भगवन्त श्री जिन मनोज्ञसूरीश्वरजी म.सा. ने कहा कि प्रभु परमात्मा का जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन अपने आप में अद्भुत एवं अलौकिक है। थार नगरी तपोभूमि है, धोरीमन्ना जैसी पावन धरती पर तीर्थंकर परमात्मा का विराजमान होना ही यहां के तप को सार्थक करता है। धोरीमन्ना की पुण्य धरा पर तीर्थंकर परमात्मा की प्रतिष्ठा अपने आप में नया इतिहास लिखेंगी। जहां लाभार्थी परिवारों द्वारा नवकारसी स्वामीवात्सल्य का आयोजन हुआ, जिसका श्री शांतिनाथ जैन श्री संघ द्वारा लाभार्थी परिवार को हाथी के ओहदे पर सवार होकर श्री गौतमस्वामी भोजन खंड में पहुंच कर सभी को जय जिनेन्द्र किया गया, इसके बाद जैन श्री संघ द्वारा लाभार्थी परिवारों का अभिनन्दन किया गया।

उपाध्यक्ष नेमीचन्द बोहरा व सचिव गौतमचन्द सेठिया ने बताया कि जैन संगीत सम्राट नरेन्द्र वाणीगोता की सुरो के माध्यम से स्वपन दर्शन, स्वप्न फल कथन एवम छप्पन दिककुमारी महोत्सव, इन्द्रासन कम्पन्न, सुघोषघंट वादन का भव्य आयोजन हुआ। तत्पश्चात श्री हस्तिनापुर नगरी में भव्यातिभव्य प्रभु परमात्मा का जन्मकल्याणक महोत्सव में प्रभु जन्म बधाई महोत्सव परम हर्षोल्लास भावो और भक्ति के सत्तरंगी सुरों के साथ मनाया गया। जिसमें श्रीसंघ की बालिकाओं द्वारा 56 दिक्ककुमारी बनकर नृत्य भाव के साथ बधाई दी और प्रभु वंदना की गई। 64 इन्द्रों द्वारा मेरुपर्वत पर अभिषेक द्वारा प्रभु को न्हवण नृत्य और भक्ति भाव से किया गया। दोपहर में मेहंदी वितरण और गांव की सांझी का भव्य आयोजन श्री हस्तिनापुर नगरी में हुआ। विधिविधान मण्डप में विधिकारक सुनिल भाई दिशा द्वारा मंत्रोच्चार के माध्यम से संगीतकार दिलीप भाई दिलबर द्वारा भक्ति के साथ किया गया। पंचान्हिका महोत्सव में सुबह चाय केंटिन, सुबह की नवकारसी, दोपहर की नवकारसी, शाम की नवकारसी का स्वामी भक्ति का लाभ जैन श्री संघ की आज्ञा से लाभार्थी परिवारों ने लिया। रात्रि भक्ति में विशेष श्री नाकोड़ा भैरव देव भक्ति सुर सम्राट श्री नरेन्द्र जी वाणीगोता द्वारा सुर के सत्तरंगी सुरों में की गई। जिससे पूरा वातावरण श्री भैरवदेव भक्तिमय बना। सभी नवकारसी लाभार्थी परिवारों का बहुमान, बहुमान के लाभार्थी परिवारों द्वारा श्रीसंघ की ओर से किया गया।

**आज होंगे ये कार्यक्रम :** ट्रस्टी बाबुलाल लूणिया ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से परमात्मा के अठठारह अभिषेक, ध्वजदण्ड, कलश आदि अभिषेक, पाठशाला गमन, परमात्मा के विवाह का कार्यक्रम, भगवान के मायरा, राज्याभिषेक, नवलोकांतिक देवी का आगमन तथा प्रार्थना, श्री शांतिनाथ भगवान की पंच कल्याणक पूजा, बड़ी सांझी के साथ रात्रि में नरेन्द्र वाणीगोता मुम्बई द्वारा भव्य भक्ति संध्या का आयोजन होगा। लाभार्थी परिवारो द्वारा नवकारसी का आयोजन होगा।

# शादीशुदा प्रेमी के साथ नाबालिग ने आत्महत्या की

### नागौर से भागकर रामदेवरा आए, ट्रेन के आगे कूदे, युवक 2 बेटियों का पिता था

रामदेवरा, 8 फरवरी (निसं)। नागौर से भागकर आए प्रेमी-प्रेमिका ने रामदेवरा (जैसलमेर) में ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। लड़की नाबालिग थी। जबकि प्रेमी शादीशुदा था और दो बेटियों का पिता भी था। दोनों 5 फरवरी से घर से गायब थे। घटना रामदेवरा रेलवे स्टेशन से डेढ़ किलोमीटर पहले बुधवार रात 9 बजे की है।

दोनों के शव ट्रेन में रखकर रामदेवरा रेलवे स्टेशन लाए गए। यहां स्टेशन प्रशासन ने शव रामदेवरा थाना पुलिस को सौंप दिए, जिन्हें रामदेवरा सरकारी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए।

रामदेवरा थाने के हेड कॉन्स्टेबल गोविंदराम ने बताया- रूणिचा एक्सप्रेस (जैसलमेर से दिल्ली) रामदेवरा की तरफ आ रही थी। रामदेवरा रेलवे स्टेशन से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले युवक के साथ नाबालिग लड़की ट्रेन के आगे कूद गई। युवक की पहचान नागौर के रूपसर निवासी धनराज (30) पुत्र परसाराम के रूप में हुई। लड़की की उम्र करीब साढ़े 17 साल थी। वह भी रूपसर की ही रहने वाली थी।

घटना स्थल से एक कीपैड मोबाइल फोन और लेडीज बैग मिला है। इसमें मिली आरसी और आधार कार्ड से दोनों की पहचान हुई। सूचना के बाद पोकरण डीएसपी कैलाश विश्नोई और एएसपी गोपाल सिंह भाटी भी हॉस्पिटल पहुंचे थे।

**5 फरवरी से ही गायब थे दोनों :** जानकारी के अनुसार, दोनों सोमवार (5 फरवरी) की शाम से ही गायब थे। युवक के परिजन ने नागौर कोतवाली पुलिस में मामला दर्ज कराया था। रामदेवरा रेलवे स्टेशन पर टैक्सी ड्राइवर ने बताया कि दोनों मंगलवार रात को रानीखेत एक्सप्रेस से रामदेवरा पहुंचे थे। रात में होटल और धर्मशाला का पता पूछने के बाद चले गए थे।

**दो बेटियों का पिता था धनराज :** धनराज की बड़ी बेटी 4 साल और छोटी एक साल की है। धनराज का एक बड़ा भाई और एक छोटी बहन है। वह लाइट फिटिंग का काम करता था। नाबालिग लड़की बीए-बीएड की स्टूडेंट थी। उसके एक छोटा भाई और 2 छोटी बहन हैं। धनराज के बड़े भाई नेता ने बताया कि धनराज 5 फरवरी की सुबह बाइक लेकर घर से निकला था। दोनों कहां से एक साथ हुए, इसकी कोई जानकारी नहीं है। बाइक भी अभी नहीं मिली है।

## बस का इंतजार कर रहे मां-बेटे की मौत

### अनियंत्रित कार ने कुचला, महिला समेत 8 घायल

बाड़मेर, 8 फरवरी (निसं)। सड़क पर बस का इंतजार कर रहे मां-बेटे और महिला को कार ने कुचल दिया। हादसे में मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर घायल हो गई। हादसे के बाद अनियंत्रित हुई कार पलटी खा गई। इससे कार सवार 7 लोग घायल हो गए। हादसा बाड़मेर के शिव इलाके के कानासर में गुरुवार सुबह 9 बजे हुआ। हादसे से आक्रोशित लोगों ने शिव-फलसूंड स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया।

शिव थानाधिकारी चुन्नीलाल ने बताया कि हादसे में कानासर निवासी रेशमा (31) पत्नी सदमा हुसैन और उसके बेटे इमरान खान (5) की मौत हो गई। जबकि महिला की जेठानी मांगी (45) पत्नी पठान खान गंभीर घायल है, जिसे भीयाड़ हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। तीनों कानासर से रावतसर गांव जा रहे थे। वहीं कार सवार 7 लोग घायल हैं, ये लोग जोधपुर से बाड़मेर की तरफ आ रहे थे। इनमें देवन (54), उसका बेटा नरेश, पुष्पा, कमला, लक्षिता निवासी रामनगर जोधपुर, विष्णु और वर्षिका घायल है। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित भीड़ ने शिव-फलसूंड स्टेट हाईवे पर पत्थर और कांटे डालकर जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों से समझाइश कर जाम खुलवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कानासर कस्बे में स्टेट हाईवे का खतरनाक मोड़ पड़ता है। स्टेट हाईवे पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का गेट खुलता है। स्पीड ब्रेकर नहीं होने से गुजरने वाले तेज रफ्तार वाहनों से इस मोड़ पर आए दिन हादसे होते हैं।

# प्राथमिक विद्यालय पर ग्रामीणों ने तालाबंदी की

### एपीओ शिक्षक को दोबारा लगाने की मांग की

पोकरण, 8 फरवरी (निसं)। पोकरण के थाट गांव में स्थित अमानाराम की ढाणी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आज ग्रामीणों ने तालाबंदी कर रोष जताया। ढाणी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक शिक्षक को ज़िला शिक्षा अधिकारी के द्वारा एपीओ करने पर ग्रामीण लोगों और स्कूल के विद्यार्थीयों ने विरोध प्रदर्शन किया गया।

थाट के पूर्व सरपंच रामचन्द्र बारूपाल ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक हरुण रसीद को बिना कारण बताएं एपीओ कर दिया गया, जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा वापस शिक्षक को विद्यालय में लगाने के लिए प्रशासन को ज्ञापन भी दिया गया। इसको लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई। मजबूरन ग्रामीण आज विद्यालय के गेट परताला लगाकर धरने पर बैठ गए।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में कार्यरत शिक्षक हरुण रशीद के साथ एक महिला अध्यापिका कार्यरत है जो कि पिछले 3 वर्षो से विद्यालय में समय पर नहीं आती है और जब भी विद्यालय आती है तो अपने पति के साथ आती है। वह विद्यालय परिसर मे अपने पति के साथ हाथ में हाथ डालकर घूमती रहती है, जिससे हमारी गांव की संस्कृति को खराब कर रही है।

ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षिका ममता खटीक को जब विद्यालय में नियमित आने के लिए कहा गया तो उसने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से जिला शिक्षा अधिकारी को फोन करवाकर शिक्षक हरुण रशीद को एपीओ करवा दिया। जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक हरुण रसीद को एपीओ करके जिला मुख्यालय लगाया। ग्रामीणों की मांग है कि शिक्षक हरूण रशिद को दोबारा विद्यालय में लगाया जाए।

प्राथमिक विद्यालय पर ग्रामीण लोगों के द्वारा सुबह ही तालाबंदी कर दी गई, जिसके बाद पोकरण ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, एसीबीओं हेमशंकर जोशी, पीईईओ भंवरलाल मौक़े पर पहुंचे और ग्रामीण लोगों से समझाइस की, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। अमाना राम की ढाणी प्राथमिक विद्यालय में 56 बच्चे अध्ययनरत है। गुरुवार को ग्रामीण लोगों लगातार 6 घंटे धरने पर बैठे रहे। वहीं धरना कल भी जारी रहेगा।

**शिक्षा मंत्री के दबाव में शिक्षक को एपीओ करने का लगाया आरोप-** ग्रामीण लोगों ने महिला शिक्षक पर राजस्थान सरकार में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से दबाव डालकर शिक्षक को एपीओ करने के आरोप लगाए। थाट की पूर्व सरपंच रामचंद्र बारूपाल ने कहा की मंत्री के फ़ोन पर 2008 से कार्यरत शिक्षक को एपीओ कर दिया। 5 सितम्बर को शिक्षक को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया और अब एपीओ कर दिया गया। महिला शिक्षक 3 महीने से गायब है ऐसे में बच्चों की पढ़ाई कैसे होगी। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्रप्रसाद मीणा ने बताया कि ये 5 तारीख़ को मेरे पास ज्ञापन लेके आए थे और मैंने कल ही एक और शिक्षक की व्यवस्था कर दी, लेकिन ग्रामीण जिस शिक्षक पर जांच चल रही है। उसी शिक्षक को वापस लगाने पर अड़े हैं। मेरा ग्रामीणों से निवेदन है कि जब जांच पूरी होगी उसके बाद शिक्षक को वापस लगा देंगे।

## इंग्लिश टीचर को वापस बुलाने की मांग

बाड़मेर, 8 फरवरी (निसं)। बाड़मेर गुड़ामालानी उपखंड की हायर सेकेंडरी स्कूल गुमनाराम सारण की ढाणी के टीचर का डेपुटेशन करने के विरोध में स्टूडेंट्स ने स्कूल गेट पर ताले लगाकर गुरुवार को प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स का कहना है कि गांव के कुछ लोग राजनीति कर रहे है और पढ़ाई होने नहीं दे रहे हैं। स्कूल इंग्लिश टीचर डेपुटेशन करवा दिया है। टीचर दो दिन से स्कूल नहीं आए। हमारी मांग है कि इंग्लिश टीचर को वापस लगाया जाए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आकर गेट का ताला खुलावा दिया है। वहीं स्टूडेंट्स से बातचीत कर कहा कि एक दिन के लिए प्रशासनिक कार्य के लिए लगाया गया है। इसके बाद स्टूडेंट्स मान गए।

दरअसल, टीचर बंजरगलाल मील गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल गुमनाराम सारण की ढाणी में कार्यरत है। 6 फरवरी को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गुड़ामालानी ने शिक्षा में बढ़ते प्रोग्राम के तहत 6 फरवरी से आरकेएसएमबीके आंकलन 2 के प्रश्न पत्र वितरण के लिए कार्य व्यवस्था के लिए लगाया गया है।

इसके बाद से टीचर स्कूल में नहीं आने पर गुरुवार को स्टूडेंट्स का गुस्सा फूट गया। उन्होंने स्कूल गेट पर ताला लगाकर धरना दे दिया। वहीं प्रशासन व शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। स्थानीय जनप्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं स्टूडेंट्स से वार्ता कर समझाइश की।

स्टूडेंट्स का कहना है कि यहां के कुछ लोग स्कूल में आकर राजनीति करते है। पढ़ाई होने नहीं देते है। अब एक टीचर का डेपुटेशन कर दिया दो दिन हो गए स्कूल नहीं आए है। स्कूल 12 टीचरों का स्टॉफ है। इंग्लिश के टीचर 10 साल से यहां पर कार्यरत है। राजनीतिक के चलते टीचरों का डेपुटेशन किया जा रहा है।

## बाड़मेर को अंतरिम बजट में एक्स्ट्रा फंड

### बुजुर्गों-महिलाओं की पेंशन बढ़ाई, सरकारी स्कूल-कॉलेज क्रमोन्नत होंगे

बाड़मेर, 8 फरवरी (निसं)। गुरुवार को राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में अंतरिम बजट पेश किया। बजट में बजट में युवाओं के लिए 70 हजार नई भर्तियों की घोषणा की गई है। इसके साथ ही बुजुर्ग और महिलाओं की पेंशन में 150 रुपए का इजाफा किया गया है। बाड़मेर जिले के सिवाना को कॉलेज, स्कूल व प्रशासनिक ऑफिस के क्रमोन्नत करने के लिए एक्स्ट्रा बजट की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री के अनुसार किसानों के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड स्कीम भी शुरू होगी और 5 लाख गोपालकों को कर्ज दिया जाएगा। इसके साथ ही राजस्थान के 5 लाख घरों में सोलर प्लांट भी लगाए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सड़कों के विकास के लिए 1500 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा पिछली सरकार की गलत नीतियों के फलस्वरूप में विरासत में बड़ा कर्ज मिला है।

**सिवाना के लिए अलग से बजट की घोषणा :** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बजट पेश करते हुए कहा कि गत सरकार ने पॉलिटिक्स से प्रेरित होकर बाड़मेर जिले के सिवाना में कोई योजना स्वीकृति नहीं की है। विकास संतुलन बनाने की दृष्टि से सिवाना को एक्स्ट्रा कॉलेज, स्कूल, हॉस्पिटल और प्रशासनिक ऑफिस स्थापित करने और क्रमोन्नत करने के लिए बजट की घोषणा की है।

**बाड़मेर को मिली सौगात :** बाड़मेर जिले में गर्ल्स और महिलाओं के लिए सहज व सुरक्षित वातावरण के लिए महिला हैल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों, गर्ल्स हॉस्टल और नारी निकेतनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए लाडली सुरक्षा स्कीम शुरू की गई है। पीएम सूर्योदय स्कीम के तहत राजस्थान में 5 लाख से अधिक घरों में सोलर प्लांट लगाने का टारगेट रखा है। इससे ऐसे परिवारों को 300 बिजली यूनिट फ्री मिलेगी। प्रदेश में पेयजल एवं सिंचाई के लिए परियोजनाओं के साथ-साथ छोटे-छोट स्तर पर जगल संग्रहण करने एवं संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2 शुरू की जाएगी। आने वाले चार सालों में 20 हजार गांवों में 5 लाख वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे।

## सिवाना उपखंड पर जनसुनवाई आयोजित

बालोतरा, 8 फरवरी (निसं)। राज्य सरकार की त्रिस्तरीय जनसुनवाई के क्रम में गुरुवार को सिवाना उपखंड पर भारत निर्माण राजीव सेवा केन्द्र में समस्त ब्लॉक लेवल अधिकारियों के साथ जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

उपखंड अधिकारी दिनेश विश्नोई ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों के कुल 34 प्रकरणों के आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 11 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया एवं शेष 23 प्रकरणों को संबंधित विभागों को भेज कर निर्धारित समय पर इनका निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## फातिमा वाटिका और श्रम विभाग कार्यालय मैदान में शिविर आज

बालोतरा, 8 फरवरी (निसं)। विकसित भारत संकल्प यात्रा शहरी अभियान के तहत शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

नगर परिषद आयुक्त मघराज डूडी ने बताया कि शुक्रवार को फातिमा वाटिका वार्ड संख्या 01 और श्रम विभाग कार्यालय मैदान पुराना 01 और 02 नंबर विद्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

## डोडा-पोस्त तस्कर को पुलिस ने घर से दबोचा

बालोतरा, 8 फरवरी (निसं)। जिले की डीएसटी और सिणधरी पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 22 किलो 120 ग्राम डोडा पोस्त जब्त किए है। आरोपी के घर से छुपाकर डोडा-पोस्त की तस्करी कर रहा था। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि नाकोड़ा गांव सरहद में घर से डोडा पोस्त की सप्लाई की जा रही है। इस पर पुलिस ने जानकारी पुख्ता कर डीएसटी प्रभारी ओमाराम और सिणधरी थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार मय पुलिस जाब्ता नाकोड़ा गांव निवासी मेहराराम पुत्र केहराराम ने घर पर दबिश दी। तलाशी लेने पर मेहराराम के घर से ब्लैक प्लास्टिक कट्?टे मिला। उसमें डोडा-पोस्त भरा हुआ था। इस पर पुलिस ने तस्कर मेहराराम को दस्तयाब किया।

एसपी हरिशंकर के मुताबिक डीएसटी और सिणधरी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर डोडा-पोस्त तस्कर मेहराराम के घर पर दबिश देकर डोडा-पोस्त बरामद किया है। मेहराराम के खिलाफ सिणधरी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं तस्कर से डोडा-पोस्त की खरीद फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में सिणधरी थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार, एएसआई हनुमानाराम, कॉन्स्टेबल लाभूराम, उदाराम मदनराम जोगेंद्र कुमार, ड्राइवर कॉन्स्टेबल भंवरसिंह, डीएसटी प्रभारी ओमाराम, कॉन्स्टेबल उदयसिंह, नारायणराम, धन्नाराम, गणेश, धर्मेंद्रसिंह, ड्राईवर कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार शामिल थे।

## पाक जासूस के मोबाइल फोन की होगी फोरेंसिक जांच

जैसलमेर, 8 फरवरी (निसं)। जैसलमेर के आर्मी कैंट से जासूसी के शक में पकड़े गए मनु भील नामक मजदूर से सभी सुरक्षा एजेंसियां लगातार पूछताछ कर रही है। अब उसके मोबाइल फोन की जांच के लिए फोरेंसिक लैब भिजवाया गया है। फोरेंसिक लैब में मोबाइल को खंगाला जाएगा, ताकि ये जानकारी मिल सके कि उसके मोबाइल फोन से कोई सामरिक जानकारी पाकिस्तान तो नहीं भेजी गई है।

गौरतलब है कि सोमवार देर रात आर्मी कैंट से पकड़े गए मनु भील से जांच कमेटी में सभी सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी पकड़े जाने के बाद से लगातार पूछताछ कर उससे जानकारी लेने की कोशिश में लगे हैं। पाक सीमा से सटे सरहदी जैसलमेर जिले में आर्मी इंटेलिजेंस ने जासूसी के संदेह में सोमवार देर रात आर्मी कैंट से डिटेन किए गए मजदूर से मंगलवार से लगातार विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त पूछताछ की। पूछताछ के बाद उसके मोबाइल फोन को खंगाला गया है और उसके फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भिजवाया गया है। ताकि उसके मोबाइल से कोई सूचना अगर पाकिस्तान भेजी गई है या कोई फोटो वीडियो भी भेजा गया है और अगर उसको मनु भील ने डिलीट कर दिया है तो भी उसकी जांच कि जा सके।

**जासूसी के शक में हो रही जेआईसी :** गौरतलब है कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के भावलपुर का निवासी मनु भील साल 2014 में परिवार के साथ लॉन्?ग टर्म वीजा पर भारत आया था। बताया जा रहा है कि वह इस जनवरी महीने से आर्मी कैंट से जुड़े क्षेत्र में मजदूर के तौर पर काम कर रहा था। सोमवार को आर्मी के अफसरों ने एकाएक उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक फोन मिला, जिसमें सोशल मीडिया के माध्यम से उसके पाकिस्तान में कई लोगों से संपर्क में होने की बात सामने आई। जांच में उसके फोन में पाकिस्तान के कई नंबरों से मैसेज, वीडियो व ऑडियो कॉल के जरिए जुड़े रहने की भी जानकारी मिली। मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच के बाद खुलासा हो सकेगा कि वह क्या-क्या जानकारी भेज चुका है।

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

निविदा सूचना क्रमांक

इस कार्यालय के अधीन विभिन्न निविदा के लिए, सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। अन्य जानकारियाँ आदि निगम के वेबसाईट www.rvpn.co.in एवं राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in एवं पर उपलब्ध है। निविदा में अन्य किसी संशोधन की जानकारी के लिए राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर अपडेट रहे।

UBN : VPN2324SSOB02104

अधीक्षण अभियन्ता (प्र. एवं वि.), बाड़मेर

राज.संवाद/सी/23/12786 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6093/2024

# महाजन में गरजी तोपें : भारत-सऊदी अरब का संयुक्त युद्धाभ्यास, अंतिम दिन जवानों ने कई ठिकानों पर बमबारी की







■ बीकानेर (ए.)

बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज गुरुवार को एक के बाद एक धमाकों से दहल गई। कभी भारतीय सेना के विमान से उतरते जवान नजर आए तो कभी तोप पर निशाने लगाते दिखे। दरअसल, यहां भारत की ब्रिगेड ऑफ गार्ड्स रेजिमेंट की बीसवीं बटालियन और सऊदी अरब की रॉयल सऊदी लैंड फोर्स के जवानों ने बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास कर रही है, जिसका गुरुवार को अंतिम दिन था। ये युद्धाभ्यास 29 जनवरी से शुरू हुआ और 8 फरवरी तक चला।

दो चरणों में हुए युद्धाभ्यास के पहले चरण में वार कंडिशनिंग और सामरिक प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे चरण में फिजिकल एक्टिविटी के साथ संयुक्त रूप से वेलिडेशन फेज हुआ। दोनों टुकड़ियों ने संयुक्त रूप से इन फेज में हिस्सा लिया। इस दौरान ऑपरेटिंग बेस का अस्थायी निर्माण किया गया। एक खुफिया निगरानी दल का ग्रिड बनाया गया। इसी दल ने गांव में छिपे दुश्मनों की खोज की। इसमें इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल (आईसीवी) और विभिन्न हथियारों से गोलाबारी करने के साथ ही ठिकाने पर उतरते जवानों ने दुश्मनों को निशाने पर लिया। इस दौरान प्लाटून युद्ध अभ्यास भी देखा गया।

ये संयुक्त युद्धाभ्यास दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को बढ़ाने में कारगर साबित हो सकता है। इस दौरान दोनों देशों के नब्बे जवानों ने एक दूसरे के साथ युद्धों के अनुभवों को साझा किया। सऊदी अरब के जवानों ने बताया कि किस तरह वे अपने देश में अत्याधुनिक हथियार से आतंकियों का मुकाबला करते हैं? इसी तरह भारतीय जवानों और अधिकारियों ने भी अपनी तकनीकी जानकारी सऊदी अरब के जवानों को दी।

युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों के जवानों ने अपनी-अपनी टीम बनाकर क्रिकेट मैच भी खेला। महाजन फिल्ड फायरिंग रेंज के जिस मैदान पर दिन में तोप गरज रही थी, वहीं दोपहर के बाद 'सिक्सर' और 'आउट' जैसी आवाज नजर आई। जवान अपनी-अपनी टीम को जिताने के लिए हूटिंग भी करते रहे। मैत्रीपूर्ण मैच बॉस्केटवॉल, वॉलीबॉल और रस्साकशी के भी हुए।

दरअसल, दो देशों को आपस में संयुक्त युद्धाभ्यास के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संघ का आदेश है। इसी की पालना में भारत ने रूस, यूएसए, सऊदी अरब सहित कई देशों के साथ महाजन फिल्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास किया है। दोनों देशों के जवान एक-दूसरे के यहां जाते हैं। इन दिनों सऊदी अरब के जवान भारत में हैं और अब भारत के जवान भी सऊदी अरब जाएंगे।

## घड़साना पुलिस ने नशे के खिलाफ की कार्रवाई

*श्रीगंगानगर ( भा.यु. )।* अनूपगढ. अनूपगढ़ जिला पुलिस की ओर से 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत घडसाना पुलिस ने डीएसटी टीम के सहयोग से एक व्यक्ति को 15 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एसपी राजेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधों और नशे पर अंकुश लगाने के लिए 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत पुलिस के द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। उन्होंने बताया कि एएसपी रायसिंह बेनीवाल, डीएसपी रामेश्वर लाल के सुपरविजन में और घडसाना एसएचओ जितेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान सूचना मिली कि गांव 22 एमडी नशे का अवैध कारोबार होता है। सूचना मिलने पर घडसाना एसएचओ जितेंद्र कुमार ने पुलिस टीम और डीएसटी टीम के सहयोग से एक व्यक्ति को 15 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है।एसएचओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी मिट्ठू सिंह(48) पुत्र काका सिंह निवासी वार्ड नंबर 5 गांव 8 पीएसडी रावला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर इस मामले की जांच रावला के थाना अधिकारी रमेश के सुपुर्द की गई है। एसपी राजेंद्र कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई में घडसाना एसएचओ जितेंद्र कुमार,अनूपगढ़ डीएसटी टीम, कांस्टेबल हीरालाल, कांस्टेबल नंदराम, कांस्टेबल राकेश कुमार,कांस्टेबल अशोक कुमार और कांस्टेबल सीमा का विशेष योगदान रहा है।

## किसानों को एकजुट होकर लड़नी होगी एमएसपी के हक की लड़ाई : डल्लेवाल

*श्रीगंगानगर ( भा.यु. )।* एमएसपी गारंटी कानून व संपूर्ण कर्जा माफी सहित विभिन्न मांगों को लेकर देश के किसान फिर से आंदोलन की राह पर है तथा 13 फरवरी को ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर दिल्ली के लिए रवाना होंगे। बुधवार को ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में किसानों की बैठक हुई इसमें पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल व हरियाणा के अभिमन्यु कुहाड़ ने किसानों को संबोधित करते हुए एमएसपी व संपूर्ण कर्जा माफी को किसानों का हक बताते हुए एकजुट होकर आंदोलन में भाग लेने की बात कही। इस मौके पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वीनाथन रिपोर्ट के अनुसार एमएसपी किसानों का हक है। सरकार एमएसपी को लेकर स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करे ताकि किसानों को उपज का पूरा भाव मिल सके। उन्होंने किसान हितों की रक्षा के लिए सभी किसानों को एकजुट होने की बात कहते हुए 13 से दिल्ली घेराव के आंदोलन में ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर पहुंचने की बात कही। इस मौके पर हरियाणा के किसान नेता अभिमन्यु कुहाड़ ने कहा कि किसानों को अपनी जमीन व आगामी पीढ़ियों को बचाने के लिए एकजुट होकर आंदोलन करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि संपूर्ण कर्जा माफी, एमएसपी गारंटी कानून, किसान आंदोलन में किसानों के खिलाफ दर्ज मुकदमें वापस लेने सहित 12 मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। इसमें किसी राजनेतिक दल का कोई लेना देना नहीं है। यह किसानों की लड़ाई है तथा किसानों को स्वंय ही लड़नी पड़ेगी। सभी किसान अधिक से अधिक संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर 13 से दिल्ली घेराव आंदोलन में शामिल हों। इस मौके पर किसानों को किसान आर्मी के संयोजक मनिंदरसिंह मान, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष संदीप सिंह, गुरलाल बराड़, गगनदीप ढिल्लों, रमन रंधावा आदि किसान नेताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर किसान जगमीत सिंह, मंगतसिंह, गुरमंद्र सिंह, अब्लूसिंह, जगजीत सिंह, प्रेमसिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। श्रीगंगानगर-हनुमानगढ. व अनूपगढ़ से 12 व 13 को ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर दिल्ली रवाना होंगे किसान- स्थानीय किसान नेताओं ने बताया कि श्रीगंगानगर-हनुमानगढ. व अनूपगढ़ जिलों से बड़ी संख्या में किसान 12 व 13 को दिल्ली घेराव आंदोलन में शामिल होने के लिए रवाना होंगे। किसान यहां से डबवाली पहुंचेंगे तथा वहां से एकत्रित होकर दिल्ली के लिए कूच करेंगे। श्रीगंगानगर क्षेत्र के आसपास के किसान 13 को ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर दिल्ली के लिए रवाना होने की तैयारी कर रहे हैं। किसान संगठनों की ओर से अलग अलग टीमें बनाकर गांवों में बैठके कर किसानों को आंदोलन में शामिल होने के लिए एकजुट किया जा रहा है।

## संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया, गाए मंगलगीत

*श्रीगंगानगर ( भा.यु. )।* श्रीगंगानगर। एसएसबी रोड 3 ई छोटी स्थित गली नंबर 10 में संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक धूमधाम से मनाया गया। कथावाचिका चेतना किशोरी ने प्रवचनों में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए देवता भी तरसते हैं। श्रीमद् भागवत कथा जीव के लिए कल्याणकारी है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने आनंद विभोर होकर नाच-गाकर खुशियां मनाई। इस मौके पर संचेतन झांकियां भी सजाई गई। आरती के पश्चात् प्रसाद का वितरण किया गया। सेवादार प्रदीप बिश्नोई ने बताया कि 10 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर दोपहर 2 से 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा होगी।

# बीकानेर में अटल इनोवेशन सेंटर स्थापित होगा

## सॉफ्टवेयर कोडिंग, रोबोटिक्स और मल्टी मीडिया की इंटरनेशनल सुविधाएं मिल सकेगी

*बीकानेर ( भा.यु. )।* राज्य की भाजपा सरकार जल्दी ही बीकानेर में अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सेलेटर की स्थापना करने जा रही है। इस केंद्र की स्थापना से युवाओं को सर्वाधिक फायदा होगा। इस सेंटर पर स्टूडेंट्स के साथ ही अन्य यूथ भी मल्टीमीडिया सेंटर का लाभ ले सकेंगे। इसका मूल उद्देश्य स्टूडेंट्स को नए जमाने के साथ जोड़ने का है। बीकानेर की रेलवे क्रासिंग समस्या के समाधान के लिए बजट में कोई विशेष प्रावधान नजर नहीं आया।



उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बजट भाषण में बताया कि जयपुर, भरतपुर और उदयपुर के साथ बीकानेर में भी अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सेलेटर की स्थापना की जाएगी। इसमें सॉफ्टवेयर कोडिंग की जानकारी दी जाएगी। अलग-अलग तरह से युवाओं को सॉफ्टवेयर कोडिंग से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा रोबोटिक्स फेब लैब की स्थापना होगी। मल्टी मीडिया की सुविधाएं भी इसमें होंगी।

### कोई बड़ी घोषणा नहीं

इसके अलावा बीकानेर में कोई अन्य बड़ी घोषणा नहीं की गई है। इंदिरा गांधी नहर परियोजना को लेकर भी कोई बड़ी घोषणा नहीं है। चिकित्सा, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर बजट भाषण में जो घोषणाएं समूचे राज्य के लिए हैं, उसका लाभ बीकानेर को भी मिलेगा।

### अंडर ब्रिज या एलिवेटेड का जिक्र नहीं

बीकानेर की सबसे बड़ी रेलवे क्रासिंग समस्या को लेकर भी बजट भाषण में कुछ नहीं कहा गया है। बीकानेर के कोटगेट व केईएम रोड पर अंडर पास बनाने का बजट पूर्व सरकार ने जारी किया था लेकिन भाजपा सरकार के बजट में ऐसा कोई प्रावधान नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में फिलहाल रेलवे क्रासिंग समस्या पर सरकार की ओर से कोई निर्णय नहीं हुआ है।

# बजट में एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए प्रावधान

## एमएसपी के अलावा 125 रुपए बोनस की घोषणा, गुड़ चीनी पर मंडी टैक्स समाप्त

*श्रीगंगानगर ( ए. )।* राज्य विधानसभा में गुरुवार को उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दीया कुमारी ने बजट पेश किया। इसमें किसानों से जुड़ी घोषणाएं की गई हैं। हलांकि जिले में गाजर मंडी के विकास और पेट्रोल-डीजल पर वेट कम करने जैसी घोषणाएं तो पूरी नहीं हो पाई लेकिन एग्रीकल्चर डवलपमेंट की घोषणाओं से लोगों में खुशी है। लोग इसे किसानों के लिए हितकारी बता रहे हैं। इलाके में शुगर मिल होने और गुड़ व चीनी का व्यापार ज्यादा मात्रा में होने से गुड़ी चीनी पर टैक्स समाप्ति भी बजट की बड़ी घोषणा मानी जा रही है।



### एमएसपी पर मिलेगा बोनस

अब किसानों को मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर 125 रुपए बोनस मिलेगा। किसानों ने इसे बेहतरीन बताया है। उनका कहना है कि इससे इलाके के किसानो को लाभ होगा। वे फसल की एवज में अच्छी कीमत ले सकेंगे। इसके अलावा एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रकचर डवलपमेंट के लिए दो हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### महिलाओं, बच्चों और युवाओं का बजट

बजट में महिलाओं, युवाओं और बच्चों के लिए बजट प्रावधान किए गए हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने, स्ट्रीट वेंडर्स और मजदूरों के लिए मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना शुरू करने, वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज बसों में किराये में 50 प्रतिशत छूट देने, मंडी टैक्स समाप्त करने, किसानों के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड स्कीम शुरू करने आदि कल्याणकारी घोषणाएं भी इलाके को लाभ देंगी।

### गुड़ चीनी पर मंडी टैक्स समाप्त

गुड़ चीनी पर मंडी टैक्स समाप्त करने को व्यापारियों ने बेहतरीन बताया है। गुड़, चीनी व्यापार संघ के सदस्यों का कहना है कि गुड़ चीनी पर मंडी टैक्स समाप्त करने से व्यापारियों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्ववर्ती सरकारों से भी मांग की जाती रही है।

# सभापति पद पर गगनदीप कौर का मुकाबला बबीता गौड़ से

## कांग्रेस की कमला बिश्नोई सहित 3 ने नाम लिए वापस

■ श्रीगंगानगर (नि.सं.)

नगर परिषद सभापति पद पर भाजपा की गगनदीप कौर का मुकाबला निर्दलीय बबीता गौड़ से होगा। सभापति पद के लिए 5 लोगों ने नॉमिनेशन किया था। अंतिम दिन इन में से 3 ने नाम वापस ले लिया। नाम वापस लेने वालों में कांग्रेस की कमला बिश्नोई, निर्दलीय सावित्री बागड़ी और सरस्वती स्वामी शामिल हैं। मैदान में 2 कैंडिडेट्स के रहने के बाद अब गगनदीप कौर और बबीता गौड़ में सीधा मुकाबला होगा। मतदान 11 फरवरी को होना है। श्रीगंगानगर नगर परिषद सभापति का पद महिला के लिए आरक्षित है।



नगर परिषद सभापति पद पर भाजपा की गगनदीप कौर का मुकाबला निर्दलीय बबीता गौड़ से होगा। सभापति पद के लिए 5 लोगों ने नॉमिनेशन किया था। अंतिम दिन इन में से 3 ने नाम वापस ले लिया। नाम वापस लेने वालों में कांग्रेस की कमला बिश्नोई, निर्दलीय सावित्री बागड़ी और सरस्वती स्वामी शामिल हैं। मैदान में 2 कैंडिडेट्स के रहने के बाद अब गगनदीप कौर और बबीता गौड़ में सीधा मुकाबला होगा। मतदान 11 फरवरी को होना है। श्रीगंगानगर नगर परिषद सभापति का पद महिला के लिए आरक्षित है।

### चांडक के त्याग-पत्र के बाद से खाली था पद

विधानसभा चुनाव में हार के बाद तत्कालीन सभापति करुणा चांडक ने पद से त्याग-पत्र दे दिया था। इसके बाद से यह पद खाली था। 20 जनवरी को इस पद पर राज्य सरकार ने आदेश जारी कर गगनदीप कौर को सभापति मनोनीत कर दिया।

## चोरी की बाइक सहित दो युवक गिरफ्तार

*हनुमानगढ़ ( भा.यु. )।* हनुमानगढ़ जिले के टाउन कस्बे में जिला अस्पताल के बाहर से चोरी हुए बाइक के मामले में कार्रवाई करते हुए टाऊन पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों तक पहुंची। जानकारी के अनुसार विनोद कुमार पुत्र भानीराम निवासी ननाउ पुलिस थाना नोहर ने टाऊन थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया कि वह बाइक लेकर गवर्नमेंट जिला अस्पताल आया था। बाइक अस्पताल के सामने खड़ी कर अंदर चला गया। वापस आकर देखा तो बाइक गायब मिली। इस पर टाऊन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच हेड कॉन्स्टेबल मनीष कुमार को सौंपी। पुलिस टीम ने आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की जांच करते हुए और मुखबिरों से पूछताछ के बाद रणवीर और विजय पुत्र ओमप्रकाश निवासी 16 एमडी को गिरफ्तार किया। दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने चोरीशुदा बाइक भी बरामद कर ली है।

## 9 ग्राम हेरोइन सहित एक जना गिरफ्तार

*हनुमानगढ़ ( भा.यु. )।* हनुमानगढ़ जिले की संगरिया पुलिस ने 9 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने विशेष अभियान के तहत गश्त के दौरान इस कार्रवाई को अंजाम दिया। संगरिया सीआई रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि संगरिया पुलिस टीम एसआई प्रमोद के नेतृत्व में थानाक्षेत्र का गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस संगरिया से सादुलशहर सड़क पर पहुंची तो एक पैदल जा रहा युवक पुलिस को देखकर घबरा गया। पुलिस ने शक के आधार पर उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी में युवक के पास से 9 ग्राम अवैध हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुआ। संगरिया पुलिस ने युवक से हेरोइन जब्त कर उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान जयपाल उर्फ जेपी (30) पुत्र गोपालराम गोस्वामी निवासी वार्ड 1 नगराणा पीएस संगरिया के रूप में हुई। पुलिस ने युवक के खिलाफ हृछक्र एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की जांच तलवाड़ा थानाप्रभारी लालबहादुर चन्द्र कर रहे हैं। पुलिस युवक से हेरोइन खरीद और बेचान को लेकर पूछताछ कर रही है। संगरिया सीआई रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि पुलिस मुख्यालय और आईजी बीकानेर कार्यालय द्वारा मादक प्रदार्थो के धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसपी डॉक्टर राजीव पचार के निर्देश पर गठित टीम ने हृछक्र एक्ट के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया।

## 81 पुलिस टीमों ने 497 स्थानों पर दबिश दी

*हनुमानगढ़ ( भा.यु. )।* हनुमानगढ़ जिला पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 236 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जिले में एरिया डोमिनेशन के तहत कार्रवाई को लेकर 282 पुलिसकर्मियों की 81 टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने 497 स्थानों पर दबिश देकर 236 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। एनडीपीएस, आबकारी, आर्म्स और अन्य एक्ट में 35, स्थायी, गैर जमानती वारंटी और 239 एक्ट में 162, इनामी अपराधी 4 और सामान्य प्रकरणों में 35 व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। हनुमानगढ़ जंक्शन अकेले थाने में 33 स्थाई, जमानती, गैर जमानती और वांछित व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। वहीं जिले की सभी थाना पुलिस ने धरपकड़ में आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

## भू-प्रबंध विभाग ने किसान गिरदावरी ऐप लांच किया

*हनुमानगढ़ ( भा.यु. )।* हनुमानगढ़ जिले में अब काश्तकार खुद अपने खेत में फसल की गिरदावरी करेंगे। जिले में पहली बार यह व्यवस्था लागू की गई है। इससे किसानों को कई तरह की समस्याओं से राहत मिलेगी। इसके लिए भू-प्रबंध विभाग ने किसान गिरदावरी ऐप लांच किया है। एप्लीकेशन को 1 लाख से अधिक काश्तकारों ने डाउनलोड किया है और इसका इस्तेमाल कर रहे है। किसान अब अपनी फसलों के खराबे का आकलन खुद कर पाएंगे। ऐप के इस्तेमाल से किसान फसल खराब होने के तुरंत बाद गिरदावरी रिपोर्ट बना सकते है। एप लांच होने का फायदा यह भी है कि किसानों को बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि या सरकारी नुमाइंदों का गिरदावरी के लिए इंतजार नहीं करना होगा। राजस्व मंडल अजमेर एवं भू-प्रबंध विभाग (नोडल अधिकारी, डीआईएलआरएमपी) की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के माध्यम से तीन प्रकार के मोबाइल ऐप लॉन्च किये गए है, तीनों ही एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। सरकार ने किसान गिरदावरी एप के साथ-साथ राजस्व अधिकारी (पटवारी) एप और जनाधार खाता सीडिंग एप भी लॉन्च किए है। इस एप के जरिए किसान के जनाधार से खाते और खसरे को जोड़ा जाएगा। साथ ही खाते और खसरे को मैप भी किया जा सकता है। गूगल प्ले स्टोर से किसान गिरदावरी एप डाउनलोड कर, जनाधार नम्बर डालकर लॉगिन किया जाएगा। जनाधार सदस्यों में से काश्तकार का चयन करने पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के उपरांत फसल विवरण जोड़े पर क्लिक करने पर खसरा सर्च ऑप्शन में जिला, तहसील, गांव और खसरा का चयन करना होगा, जहां काश्तकार की भूमि है। उसके उपरांत किसान को फोन की लोकेशन ऑन करनी होगी और अपने खेत से ही फसलों के विवरण के साथ ही फोटो डालनी होगी। गिरदावरी कार्य में मुख्य बात यह है कि पूरी प्रक्रिया काश्तकार को अपने खेत में उपस्थित रहकर करनी होगी, क्योंकि जियो टैग के आधार पर पूरा कार्य होगा। जिस कारण यह कार्य संबधित खसरे में खड़े होकर या लगभग 50-60 फीट की परिधि में रहकर ही करना होगा। गिरदावरी को प्रमाणित करने के लिए भी एक राजस्व अधिकारी एप बनाया गया, जिससे पटवारी गिरदावरी को प्रमाणित करने का कार्य करेंगे एवं यदि काश्तकारों के खसरों में फसल खराबा हुआ है, तो खराबा दर्ज करने का कार्य पटवारी इसी एप से करेंगे ताकि काश्तकार को गिरदावरी करने में आसानी रहे।

## ग्रामीणों ने जलघर पर ताला लगाया

*हनुमानगढ़ ( भा.यु. )।* जिले के गोलूवाला क्षेत्र के गांव नंदेवाली ढाणी के वाशिंदों ने घरों में कई महीनों से बदबूदार पीने का पानी सप्लाई करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को गांव में बने वाटरवर्क्स के गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने चाबियां उपसरपंच को सौंप दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया की बार-बार अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों को समस्या बताने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीण कृष्णलाल वर्मा ने बताया कि मौके पर ग्रामीणों की सुनवाई के लिए कोई भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के जलघर की हालात बद से बदतर हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कोई भी अधिकारी समस्या को हल करने के लिए प्रयासरत नहीं है। ग्रामीण नायब सिंह ने बताया कि ग्रामीणों को मजबूरीवश दूषित और गंदा पानी पीना पड़ रहा है, जिसके चलते बीमारियां फैलने की आंशका बनी रहती है। ग्रामीणों की मांग है कि जलघर में फिल्टर चौक पड़े हैं उनको नया बनाए जाए ताकि घरों में बदबूदार और गंदा पानी सप्लाई न हो। जलदाय विभाग की चारदीवारी भी गिरने के कगार पर है उसका पुनर्निर्माण हो। जलघर में साफ सफाई समय पर हो, इंटरलॉकिंग चौके लगाए जाएं। जलघर की भूमि को समतल किया जाए, खराब पड़ी विद्युत लाइट सुचारू की जाए। प्रदर्शन करने वालों में ग्रामीण कृष्णलाल वर्मा, नायब सिंह, जगरूपसिंह, जगसीर सिंह, दुलीचंद, साहबराम, गुरप्रीत सिंह, परविंद्र सिंह, गुरतेज सिंह, हरजिंद्र सिंह, मंगलसिंह, बृजलाल, राजेन्द्र, जगतसिंह और निरंजन सिंह उपस्थित थे।

# भारतीय मजदूर संघ के अधिवेशन की तैयारियां जोरों पर

## भामसं के 25वें त्रिवार्षिक अधिवेशन में जुटेंगे श्रमिक नेता

■ आबूरोड (नि.सं.)




श्रमिक क्षेत्र में कार्यरत भारत के सबसे बड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ का 25वां वार्षिक अधिवेशन 10-11 फरवरी को ब्रह्मकुमारी के शांतिवन आश्रम आनंद सरोवर में संपन्न होगा। अधिवेशन को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में संगठन के प्रदेश महामंत्री हरिमोहन गढवी ने कहा कि बीएमएस ने हमेशा मजदूर हितों के साथ राष्ट्रीय हित के बारे में सोचता है। बीएमएस इस अधिवेशन में मजदूरों की 4 बातों पर विशेष प्रस्ताव पारित कर श्रमिकों को राहत प्रदान करने का प्रयत्न किया जाएगा। अधिवेशन आबूरोड में 10-11 फरवरी को संपन्न होगा। जिसमें राजस्थान की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों सहित निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी कर्मचारी महासंघों के पदाधिकारी एवं श्रमिक क्षेत्र के विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम सहित भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में राज्य स्तरीय 25वां त्रिवार्षिक अधिवेशन होगा। पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजेश, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह डाबी, प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा, भारतीय मजदूर संघ सिरोही जिला अध्यक्ष गणेश सिंह गुर्जर, जिला मंत्री सुरेश प्रजापत ने भी अपनी बात रखी। प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा ने बताया कि 10 फ रवरी को राजस्थान से आए हुए सभी श्रम क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रमिक रैली का आयोजन किया जाएगा।

### भाजपा ने बजट को बताया लाभकारी

*आबूरोड ( नि.सं. )।* प्रदेश की भजन लाल सरकार की वित मत्री दीया कुमारी ने अपनी सरकार का पहला बजट पेश किया। जिसको लेकर कांग्रेस भाजपा दोनों ही खेमों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा इसे आमजन का बजट बता रही है तो वही कांग्रेस ने भजन लाल सरकार पर चुनाव में किए अपने वादों को भूलना बताया। वित मत्री दीया कुमारी ने अपने बजट भाषण मे आमजन को काफी राहत प्रदान करते हुए शिक्षा, घरेलु उपयोग के सामान, चिकित्सा सहित महिलाओं सहित किसान वर्ग को राहत प्रदान की है। बड़े उद्योगों को भी कर में छूट प्रदान की है। वित मत्री ने बजट में सिरोही जिले मे मिले विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं के बाद जिले के लोगों ने राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, पिंडवाडा विधायक समाराम गरासिया का आभार व्यक्त किया। राजस्थान सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष मगनदान चारण ने कहा कि बजट से नगरीय निकायों को काफी उम्मीदें थी जो सरकार ने पूरी की है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र सांबरिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिपेश अग्रवाल, भाजपा नगरमंत्री राधा भीमशंकर सिंघल, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुराधा जैन, अल्प संख्यक मोर्चा के कदीर कुरैशी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही अच्छी घोषणा की गई है। अनाज किराणा रिटेल व्यापार मंडल के महामंत्री सागरमल अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भजन लाल का आभार व्यक्त किया।

### शीतला माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 8 मार्च को



*तखतगढ ( नि.सं. )।* कस्बे के तालाब की पाल स्थित 150 वर्ष पुराना प्राचीन शीतला माता मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। 29 नवंबर को मूर्ति उत्थापन्न के बाद 4 दिसंबर को नौ शीला का आधार शिलान्यास के बाद मंदिर जीर्णोद्धार कार्य शुरू हुआ था। जीर्णोद्धार के बाद मंदिर की 8 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा होगी। इससे पूर्व 11 और 12 फरवरी को मंदिर प्रांगण में भजन संध्या के साथ विभिन्न चढ़ावों की बोलियां लगाई जाएगी। शीतला माता मंदिर जीर्णोद्धार समिति के सचिव भूपेंद्र कुमार जोशी ने बताया कि शीतला माता मंदिर जीर्णोद्धार निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बीती रात्रि को तखत बिहार राज ठाकुरजी मंदिर प्रांगण में नगर वासियों एवं समाज के पंच पटेलों की बैठक हुई। बैठक में सर्व समिति से 8 मार्च को शीतला माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला गया है।

### कार पलटने से 5 दोस्त घायल, जोधपुर से जवाई बांध घमने जा रहे थे



*पाली ( नि.सं. )।* जोधपुर से पांच दोस्त गुरुवार सुबह जवाई बांध घूमने निकले दोस्तों की कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में पांचों दोस्त घायल हो गए हैं। वहीं एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिसे प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार जोधपुर निवासी पांच दोस्त पाली जिले में स्थित जवाई बांधए रणकपुर आदि पयर्टक स्थल घूमने के लिए कार लेकर निकले थे। गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे सांडेराव के निकट हाईवे पर इनकी कार असंतुलित होकर पलट गई। घायलों को उधर से गुजर रहे लोग प्राथमिक ड्डउपचार के लिए पास के हॉस्पिटल ले गए। जहां से उन्हें पाली रेफर किया गया। जिनका बांगड़ हॉस्पिटल में इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर जोधपुर से घायलों के परिजन पाली के बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे। हादसे में जोधपुर निवासी जितन पुत्र राजेश वैष्णव, अरूण पुत्र अशोक सिंधी, विशाल पुत्र राजूराम, अंकित पुत्र लक्ष्मीपति पुरोहित और अनिरूद्ध घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। हादसे में जतिन को ज्यादा चोटें लगी।

### रेल यात्रियों की समस्याओं से कराया अवगत

*आबूरोड़ ( नि.सं. )।* अजमेर रेल मंडल द्वारा उत्तर रेलवे मंडल महाप्रबंधक राजीव धनकड़ की अध्यक्षता में डीआरयूसीसी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाप्रबंधक ने सभी सदस्यों से यात्री सुविधाओं सहित अन्य जानकारी ली गई। बैठक में जेडआरयूसीसी सदस्य सागरमल अग्रवाल ने आबूरोड, पिंडवाडा और स्वरूपगंज रेलवे स्टेशनों पर कम दूरी के लिए डीएमयू ट्रेन के संचालन, नई ट्रेनों के संचालन, रेलवे स्टेशन पर सफाई और विकास कार्यों समेत रेल यात्रियों की समस्याओं से अवगत कराया।

### गरीब बच्चों संग मनाई विवाह की वर्षगांठ



*आबूरोड़ ( नि.सं. )।* अग्रकुल परिवार सेवा समिति की महिला प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा नगरमंत्री राधा भीमशंकर सिंघल ने अपने विवाह की वर्षगांठ गरीब बच्चों के साथ मनाई। नगरमंत्री राधा सिंघल व उनके पति भीमशंकर सिंघल ने अपने विवाह की वर्षगांठ पर गरीब बस्तियों में जाकर बच्चों के साथ केक काट व आतिशबाजी की। गरीब बस्ती के परिवारों को कंबल, महिलाओं व बच्चों को कपड़े, शॉल, स्वेटर व मास्क बांटे।

### प्रतिबंधित पॉलिथीन किया जब्त

*आबूरोड़ ( नि.सं. )।* तखतगढ। नगरपालिका प्रशासन ने विश्व वेटलैंड्स दिवस के अवसर पर प्रतिबंधित सींगल यूज प्लास्टिक जब्त किया है। बाजारों में स्थित दुकानों से 35 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग जब्त किए गए। सफाई निरीक्षक मुकेश माली ने बताया कि गुरुवार को विश्व वेटलैंड्स दिवस के अवसर पर अधिशासी अधिकारी नीलकमल सिंह राणावत एवं पालिका अध्यक्ष ललित राकावत के निर्देशों अनुसार एसआई सूरज चौधरी, एसबीएम इंजिनीयर चन्दपाल सिंह, जमादार धीरज अमृत लाल, सफाई कर्मचारी श्रवण कुमार ने अभियान चलाकर विविध प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए मौके से 35 किलो प्लास्टिक बैग जब्त किए।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक आयोजित

### पाली जिले में अब 17 लाख 75 हजार 307 मतदाता

■ पाली (नि.सं.)



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. राजेश गोयल की अध्यक्षता में गुरुवार को एडीएम चेंबर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में जानकारी देते हुए डॉ. गोयल ने बताया कि दिनांक 6 जनवरी को प्रारूप प्रकाशन के समय जिले के 6 विधानसभा क्षेत्र में कुल 17 लाख 69 हजार 520 मतदाता थे, इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के दौरान कुल 16 हजार 864 नए नाम जोड़े गए एवं 11 हजार 77 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए। इस प्रकार आज अंतिम प्रकाशन के समय जिले में कुल 17 लाख 75 हजार 307 मतदाता हो गए हैं। इस अवसर पर डॉ.गोयल ने सभी उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलए को नियुक्त करवाते हुए मतदाता पंजीकरण में बीएलए की सक्रिय भागीदारी के लिए आग्रह किया। डॉ.गोयल ने सभी उपखंड कार्यालयों पर स्थापित ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्रों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए ईवीएम जागरूकता कार्यक्रमों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

### खेलते हुए गिरे बच्चे की हथेली कटी

*पाली ( नि.सं. )।* शहर में क्रिकेट खेलते समय नीचे गिरने से 8 साल के मासूम की हथेली में कांच की बोतल धंस गई। जिससे उसकी हथेली कटी गई। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उसके हाथ में 8 टांके लगाए। दरअसल घटना पाली शहर के नया गांव सांसी बस्ती की है। 8 साल का भरत पुत्र गौरीशंकर सांसी अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। इस दौरान बॉल को पकड़ने के लिए जैसे ही वह झुका तो नीचे गिर गया। जहां वह गिरा वहां कांच की एक बोतल टूटी पड़ी थी। जिसके टुकड़े उसके हाथ में घुस गए। जिससे हथेली कट गई। खून बहता देख उसके परिजनों को सूचना दी। जो उसे तुरंत इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उसका ट्रीटमेंट करते हुए चिकित्सा कर्मियों ने उसके हाथ की हथेली में 8 टांके लगा गांव को भरा। हाथ में गहरा घाव होने से मासूम भरत का रो-रो कर बुरा हाल था। उसे रोता देख उसकी मां की आंखों से भी आंसू बहने लगे, लेकिन वह बेटे को हिम्मत रखने का दिलासा देती रही ताकि चिकित्साकर्मी उसकी कटी हथेली पर टांके लगा सके।

### प्रदेश के बजट का स्वागत

*सिरोही ( नि.सं. )।* राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामसं के वरिष्ठ कर्मचारी नेता गोपाल सिंह राव ने अंतरिम बजट को लोक कल्याणकारी व सभी वर्गों के हितों को साधने वाला बताया। सरकार ने विद्यार्थियों, बेरोजगारों, कर्मचारियों, किसानों, महिलाओं, सेवानिवृत्तों, मानदेय कर्मियों सबको लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा है। बेरोजगार युवाओं के लिए 70 हजार नई भर्ती, बुजुर्ग व महिलाओं के पेंशन में 150 रुपए का इजाफा, कर्मचारियों को पदोन्नति के अतिरिक्त अवसर जैसे प्रावधान रखे गए हैं। भामसं के जिला अध्यक्ष दशरथ सिंह भाटी, प्रदेश सह मंत्री आशा देवड़ा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सविता कुमारी गर्ग, आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष इन्दू बाला चौहान ने बजट की सराहना की। **पिंडवाड़ा:** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा सिरोही जिलाध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रथम बजट को युवाओं व किसान वर्ग के भविष्य निर्माण का बजट बताया। राज्य बजट की सराहना करते हुए इस बजट को जन हितैषी, युवाओं, किसान वर्ग को समर्पित और पारदर्शी बजट बताया।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

■ तखतगढ (नि.सं.)



एनएच 325 पर फालना रोड स्थित डोला वीर मंदिर के पास बीती रात 10 बजे एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक बलाना निवासी बाइक पर खेत की रखवाली कर घर लौट रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। सूचना पर तखतगढ़ थाना हेड कांस्टेबल जगदीश बिश्नोई मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर राजकीय अस्पताल मोर्चरी में रखवाया। गुरुवार को परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम करवा कर शव सौंपा गया। थाना अधिकारी कैलाश दान चारण ने बताया कि मृतक के चाचा चंपालाल सुथार निवासी बलाना ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि मेरा भतीज नरेश कुमार पुत्र शेषाराम सुथार जो कि बुधवार रात 10 बजे करीब खेत की रखवाली कर बाइक पर घर आ रहा था। इसी दौरान डोला वीर मामाजी मंदिर के निकट अज्ञात वाहन चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार नरेश को टक्कर मारकर मौके से भाग निकला। घटना में नरेश कुमार की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को राजकीय अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

### रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया

*आबूरोड ( नि.सं. )।* एआईआरएफ एवं एनडब्ल्यूआरईयू के आह्वान पर आबूरोड लॉबी रेलवे स्टेशन आबूरोड पर रनिंग कर्मचारियों की बीट को लेकर प्रशासन की ओर से की जाने वाली छेड़छाड़ व आबूरोड रनिंग मुख्यालय को समाप्त करने के विरोध में रेल कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। शिशुपाल ओझा व देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में रनिंग कर्मचारी की बीट बदलने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा बुलाई गई




मीटिंग के विरोध में प्रदर्शन किया। देवेंद्र शर्मा ने बताया कि भारतीय रेलवे में लोको पायलट के 17000 से अधिक पद खाली पड़े हुए हैं। जिसमें एनडब्ल्यूआर में 1200 से अधिक पद रिक्त हैं। जयपुर के सीएफटीएम व सीपीटीएम द्वारा बीट चेंज करने की नीति को महामंत्री मुकेश माथुर द्वारा महाप्रबंधक से चर्चा कर रुकवाने का कार्य किया, लेकिन सीएफटीएम द्वारा इस मुद्दे को रेलवे बोर्ड तक ले जाया गया। इस प्रक्रिया के विरोध के लिए महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने मेंबर रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा है।

### पुरानी पेंशन छीनी तो सड़कों पर उतरेंगे कर्मचारी

*आबूरोड ( नि.सं. )।* आगामी 16 फरवरी को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त ने मुख्य सचिव के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया। संयुक्त कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र गहलोत के नेतृत्व में जिला कलक्टर शुभम चौधरी के माध्यम से मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन नोटिस देकर जायज मांगों का अविलंब समाधान की मांग की है। महासंघ के जिला अध्यक्ष एवं शिक्षक नेता धर्मेंद्र



गहलोत ने ज्ञापन में कहा है कि कर्मचारियों ने अपने संघर्ष के बल पर अधिकारों को प्राप्त किया है। कड़े संघर्षों से प्राप्त अधिकारों को छीनने और सामाजिक सुरक्षा समाप्त करने के कुप्रयास किए जा रहे हैं। पुरानी पेंशन योजना छीनी तो कर्मचारी सड़कों पर उतरेंगे और अपना हक लेकर रहेंगे।

## टोल कर्मियों की दादागिरी से वाहन चालक परेशान

### जिम्मेदारों की मिली भगत से फास्टैग बंद

■ तखतगढ़ (नि.सं.)




नगर पालिका क्षेत्र से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग-325 के गुड़िया बलाना टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों की दादागिरी से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टोल कर्मियों द्वारा फास्टैग बंद कर वाहन चालकों से जबरन पर्ची कटवाई जा रही है। पर्ची नहीं कटवाने पर टोल कर्मी झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। जिसकी कई मर्तबा जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी उनकी मिलीभगत के कारण अधिकारी भी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। अधिकारियों की शह पर दिनों दिन टोल कर्मियों की दादागिरी बढ़ती जा रही है। गुरुवार को वाहन चालक शिवलाल देवासी सांडेराव एवं हाजी मोहम्मद तखतगढ़ ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि तखतगढ़ से मात्र 6 किलोमीटर की दूरी पर बलाना गुड़िया टोल कर्मियों द्वारा मनमाने ढंग से लोगों को परेशान किया जा रहा हैं। फास्ट्रैग मशीन को बंद बताकर लोगों को रसीद कटवाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। फास्टैग में पैसे होते हुए भी जबरदस्ती रसीद काट लेते हैं और कहते हैं कि फास्टैग मशीन खराब है। कई लोगों को दिन में एक या दो बार आना-जाना पड़ता है और हर बार उनसे टोल टैक्स वसूल लेते हैं।

#### क्या कहते हैं अधिकारी

बलाना गुड़िया टोल प्लाजा की अब तक हमारे पास कोई शिकायत नहीं आई है। फिर भी टोल प्लाजा पर फास्टैग को लेकर कोई समस्या हो तो उसी दौरान शिकायतकर्ता वहां का वीडियो बनाकर नेशनल हाईवे टोल फ्री नंबर 1033 पर भिजवाएं। जिस पर हम आगे की कार्रवाई कर सकते हैं।

**-दिग्विजय सिंह,** सार्वजनिक निर्माण विभाग नेशनल हाईवे 325 टोल इंचार्ज

### छावणी क्षेत्र में कलश यात्रा कल


*शिवगंज ( नि.सं. )।* शिवगंज। छावनी क्षेत्र सदर बाजार स्थित गजानन मंदिर जीर्णोद्धार एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पांच दिवसीय महा महोत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कोषाध्यक्ष अशोक सिंहल ने बताया कि पांच दिवसीय महा महोत्सव की शुरुआत 10 फरवरी को कलश यात्रा के साथ की जाएगी। जिसमें 108 बालिकाओं द्वारा डीजे, गाजे-बाजे के साथ छावनी क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होते हुए कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में रथ, जीप में संत महात्मा एवं वाहनों पर धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। कलश यात्रा में कमेटी सदस्य के रूप में प्रवीण सिंहल, महेंद्र शर्मा, किशोर वैष्णव, कैलाश सोनी, मोंटू अग्रवाल, महेंद्र गोयल, विशाल मित्तल द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पाली रेंज आईजी रहे जिले के दौरे पर

# जालोर पुलिस ने किया अच्छा काम: ओमप्रकाश

■ जालोर (नि.सं.)

पाली रेंज आईजी ओमप्रकाश गुरुवार को जालोर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जिले में पुलिस टीम वर्क के साथ अच्छा काम कर रही है। हमारी सौ दिवस कार्ययोजना में भी पुलिस ने अच्छा काम किया है। वही दो दिन का हमारा जो अभियान था उसमें भी अच्छा काम किया है। चाहे स्थायी वारंटी पकड़ने का हो या वांटेड व अन्य। उन्होंने कहा कि वर्कऑउट हो रहे हैं, केवल जालोर में ही ऐसा नहीं है बल्कि पूरी रेंज में, जालोर में एक दो मामले ब्लाइंड मर्डर के ऐसे हो सकते हैं जिनका खुलासा नहीं हुआ है, उसमें भी प्रयास कर रहे हैं और अच्छा प्रयास करेंगे। चोरियों के मामले में पूछे गए सवाल पर कहा कि जालोर जिले के आंकड़े बता रहे हैं कि रिकवरी प्रतिशत काफी अच्छा है फिर भी कोशिश रहेगी बेहतर करने की। इससे पूर्व आईजी ने कोतवाली थाने में जनसुनवाई



की जहां सीएलजी सदस्यों समेत आमजन व व्यापारियों से समस्याएं सुनी। कई लोगों ने आईजी को सुझाव दिए। आईजी ने सुनवाई करते हुए कहा कि कई चीजें ऐसी है जो हम तक नहीं पहुंच पाती है जो आप जागरूक लोगों द्वारा हमारी जानकारी में आती है। उन्होंने कहा कि आप लोगों को भी जागरूक रहना पड़ेगा ताकि कोई भी घटना हो तो समय पर पुलिस तक पहुंच जाए। जालोर जिले के बारे में कहा कि जिले में समरसता और भाईचारे का भाव देखा गया है। आईजी पाली रेंज ओमप्रकाश ने कहा कि अब शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने चाहिए। क्योंकि पहले गांवों में एक गली होती थी अब तीन चार रास्ते हो गए हैं। ऐसे में गांवों में भी सीसीटीवी कैमरे लग जाए तो अपराध पर काबू पाने में काफी सहायक होंगे। इस दौरान जालोर एसपी मोनिका, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र चौधरी, पुलिस उप अधीक्षक रतन देवासी, पुलिस उप अधीक्षक भीनमाल हिम्मत चारण, जालोर कोतवाल राजेंद्र पुरोहित समेत पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने कहा लेखानुदान कम और राजनीतिक भाषण ज्यादा था

***जालोर ( नि.सं. )।*** राजस्थान सरकार का लेखानुदान गुरुवार को वित्त मंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा में पेश किया। इस दौरान इस बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं व बेटियों के कफी कुछ देने का प्रयास किया। वही पिछली सरकार की योजनाओं में बदलाव भी देखने को मिला। चिरंजीवी योजना को आयुष्मान योजना में बदल दिया गया तो युवाओं के लिए 70 हजार नौकरियों का पिटारा, लेंड टेक्स खत्म करना, बुजुर्गों को रोडवेज के किराए में 50 प्रतिशत की राहत, बेटी होने पर एक लाख सेविंग बांड जैसी लोकलुभावन योजनाएं दी। पेट्रोल डीजल पर वेट कम नहीं करने से निराशा भी हुई है। इधर जालोर जिले के जनप्रतिनिधियों में भाजपाईयो ने ऐतिहासिक व आमजन के लिए वरदान बताया तो कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने निराशाजनक बताया और विकास का विजन नहीं बताने पर आलोचना की है। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने इस बजट को वरदान साबित होने वाला बताया। उन्होंने कहा कि इसमें हर वर्ग, किसान, युवा व आमजन का ध्यान रखा गया है। रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी ने कहा कि यह लेखानुदान कम राजनीतिक भाषण ज्यादा लगा। प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था की क्या स्थिति रहेगी विकास कैसे होगा? यह नहीं बताया इसकी कोई कार्ययोजना नहीं है। भाजपा जिलाध्यक्ष जालोर श्रवण सिंह राव यह बजट ऐतिहासिक है आगामी समय के लिए दिशा तय करने वाला है और पहली बार एक साथ 70 हजार नौकरी की बात युवाओं के लिए बहुत बड़ी सौगात है। जालोर कांग्रेस जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने कहा आज का यह बजट दिल्ली से भेजा गया है। वित्त मंत्री ने तो सदन में केवल पढ़ने का काम किया है और इतिश्री कर दी। विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री ने भाषणों में कहा था कि चुनाव के बाद हरियाणा और गुजरात से भी यहा पेट्रोल और डीजल सस्ता होगा। यह बजट गरीब, आम आदमी के साथ कुठाराघात है। इससे किसी को राहत मिलने वाली नहीं है।

## नगर परिषद सभागार में शक्ति वंदन कार्यक्रम आज

***जालोर ( नि.सं. )।*** स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह व एरिया लेवल फैडरेशन की महिलाओं को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने एवं समूह की शहरी महिलाओं का सम्मान के लिए शुक्रवार को दोपहर 2 बजे नगर परिषद सभागार जालोर में शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगर परिषद आयुक्त अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि शक्ति वंदन कार्यक्रम में नगर परिषद क्षेत्र जालोर में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह व एरिया लेवल फैडरेशन की महिलाएं भाग लेगी जिन्हें केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

## जब तक हिंदू राष्ट्र नहीं बनता, शांत नहीं बैठेंगे



***भीनमाल ( नि.सं. )।*** जालोर जिले के भीनमाल में नीलकंठ महादेव मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भीनमाल पहुंचे और राम कथा महोत्सव में भाग लिया। इससे पूर्व उन्होंने नीलकंठ महादेव मंदिर के गर्भ ग्रह में आधे घंटे तक पूजा-अर्चना की। कथा के दौरान उन्होंने सामूहिक अर्जी लगाई। इस मौके पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि जब तक भारत हिंदू राष्ट्र नहीं बनता तब तक वे शांत नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि अब ताकत डबल हो गई है। इस दौरान लोगों ने हाथ खड़े कर अपनी सहमति भी जताई।

## कुल्हाड़ी से वार कर महिला की हत्या

***सिरोही ( नि.सं. )।*** शहर के झोब नाले से लगते क्षेत्र में लकड़ी बीनने गई एक महिला की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल पर मिले मोबाइल मोबाइल और सीसीटीवी कैमरे से मिले फुटेज के आधार पर आरोपी दो युवकों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली थाने के निरीक्षक हंसा राम सीरवी ने बताया कि टांकरिया गली नंबर सात निवासी हिना पत्नी शंकर लाल भील अपनी 10 साल की बेटी के साथ जंगल से लकड़ियां लेने के लिए झोब नाले में गई थी। वहां दोपहर 3 बजे उसके पीछे आए एक युवक ने कुल्हाड़ी से उसके सिर और गर्दन पर घातक वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी कुल्हाड़ी फेंक कर फरार हो गया।

## रैली निकाल कर जागरूक किया




■ जालोर (नि.सं.)

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता के लिए 15 जनवरी से 14 फरवरी तक चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार रैली को अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहित कुमार ने नगर परिषद परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन की तख्तियां व बैनर के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। रैली अस्पतपाल चौराहा, हरिदेव जोशी सर्किल होते हुए हनुमानशाला स्कूल परिसर में पहुंची। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी छगनलाल मालवीय ने सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान विद्यालयों व महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, सड़क सुरक्षा संबंधी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा हैं तथा परिवहन व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा हैं।

## सड़क हादसे में पत्नी की मौत



***जालोर ( नि.सं. )।*** शहर के बिशनगढ़ रोड पर स्थित पहाडपुरा गांव के पास ट्रैक्टर और स्कूटी की भिड़त हो गई। जिसमें दलाराम व उसकी पत्नी गंभीर घायल हो गए। इनको इलाज के लिए जालोर के चिकित्सालय लाया गया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। शव को पुलिस ने अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। हेड कांस्टेबल भूपाराम ने बताया कि मांडवला निवासी दलाराम पुत्र गणेशाराम दमामी व उसकी पत्नी गीगा देवी जालोर के रामदेव कॉलोनी में एक शादी समारोह में ढोल बजाने का काम करने आए थे। ढोल बजाने का काम निपटा कर देर शाम को स्कूटी से अपने घर मांडवला जा रहे थे। इसी दौरान पहाडपुरा के पास ही पहुंचे थे की मांडवला की और जा रहा एक ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा था। जिसके पास से गुजरते वक्त ट्रेक्टर चालक ने अचानक ट्रैक्टर चला दिया। इससे ट्रेक्टर और स्कूटी की भिड़त हो गई। जिसमें स्कूटी पर सवार दलाराम व उसकी पत्नी गीगा देवी गंभीर घायल हो गए। इलाज के लिए जालोर के जिला अस्पताल में लाया गया। हादसे में गीगा देवी की मौत हो गई।

## सांचौर में हुई उपखंड स्तरीय जनसुनवाई



***सांचौर ( नि.सं. )।*** आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को जिले भर में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपखंड अधिकारियों ने आमजन की समस्या सुनकर कर विभागीय अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिले में आयोजित हुई उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान बागोड़ा के ग्रामीणों ने पेयजल और सड़क के मुद्दों को लेकर शिकायत की। इस पर उपखंड अधिकारी ने अधिकारियों को समस्या निस्तारण के निर्देश दिए।

# उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण स्थान को लेकर विवाद

## एसडीएम की मध्यस्थता के बाद सड़क बनाने पर सहमति

***सांचौर ( नि.सं. )।*** जिले के चितलवाना के डावल ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम सारणावास में स्वीकृत नए भवन राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण स्थान को लेकर उपजे विवाद ने तूल पकड़ लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। इसके बाद चितलवाना एसडीएम हनुमानाराम जाट ने जनसभा कर सुनवाई की। जिसके बाद सभी ग्रामीणों की सहमति से सारणावास से डावल रोड़ पर निर्माण करवाने की सहमति बनी। जानकारी के अनुसार सारणावास में उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया था, लेकिन निर्माण स्थान को लेकर ग्रामीणों में विवाद था। जिसके चलते ग्रामीणों में निर्माण कार्य रुकवा दिया था। जिसके बाद चितलवाना एसडीएम हनुमाना राम ने मौके पर पहुंचे



और ग्रामीणों के साथ वार्ता की। इस दौरान दोनों पक्ष के लोगों ने अपने अपने तर्क दिए। जिसमें एक पक्ष ने कहा कि जिस जगह यह केंद्र बनाया जा रहा है वह सड़क से काफी दूर है। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों की सहमति से डावल से सारणावास जाने वाले सड़क मार्ग पर बनाने की सहमति दी। जिसके बाद विवाद शांत हुआ। वहीं जिस जगह उप स्वास्थ्य केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया है, उस जगह की एसडीएम जाट की मौजूदगी में भू-अभिलेख निरीक्षक भूपेश पुरोहित व हल्का पटवारी प्रदीप शर्मा द्वारा मौका रिपोर्ट बनाई गई। जिसमें मौजूद लोगों ने अपने-अपने हस्ताक्षर कर सहमति जताई।

## पोक्सो के आरोपियों को सजा

***जालोर ( नि.सं. )।*** पोक्सो कोर्ट जालोर के न्यायाधीश हुकमसिंह राजपुरोहित ने 4 आरोपियों को चार साल की कठोर सजा सुनाई है। शांतिनगर कॉलोनी निवासी नरपत उर्फ नरेन्द्र कुमार पुत्र कुयाराम उर्फ नारायणलाल, सियाणा व निवासी मनोहर पुत्र गटाराम, जगदीश कुमार पुत्र सवाराम व शांतिनगर निवासी कमलेश कुमार पुत्र घेवरचंद को चार हजार रुपए अर्थदंड का अर्थदंड भी सुनाया।

## छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण 12 से

***आहोर ( नि.सं. )।*** राजकीय महाविद्यालय आहोर में आयुक्तालय के आदेशानुसार 12 और 13 फरवरी को सुबह 11 बजे से छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महिला नीति कार्यक्रम अधिकारी सहायक आचार्य संदीप कुमार बाबल ने बताया कि 12 फरवरी को महिलाओं के विधिक अधिकार और महिला स्वास्थ्य विषय पर तथा 13 फरवरी को महिला आत्मरक्षा और वित्तीय जागरुकता विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. गोपीकिशन चितारा ने महाविधालय की सभी नियमित छात्राओं को इस कार्यक्रम में शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

## खुजली जागरूकता कार्यशाला आयोजित

***आबूरोड ( नि.सं. )।*** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग आबूरोड के तत्वाधान में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के अधीन संचालित दानवाव में जनजाति स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केन्द्र आबूरोड में स्पर्श कार्यक्रम के तहत जनजाति क्षेत्र में स्केबीज खुजली की बीमारी को लेकर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में ईएमआरएस विद्यालय में अध्ययनरत जनजाति के 450 विद्यार्थियों को कार्यशाला में शामिल किया गया। डॉ. प्रदीप द्विवेदी के मार्गदर्शन में एम्स की टीम ने स्केबीज रोग के लिए सर्वे करवाया था। कार्यशाला में डॉ. राखी ने खुजली की बीमारी के बारे में जागरुक किया जोधपुर एम्स के चर्म रोग विभागाध्यक्ष डॉ अभिषेक भारद्वाज ने ऑनलाइन परामर्श दिया। टीएडी विभाग के अधीन अध्ययनरत 2000 विद्यार्थियों के लिए स्केबीज निदान के लिए दवाईयां उपलब्ध करवाई गई।

## दुकान के बाहर से 25 किलो घी चोरी

***बाली ( नि.सं. )।*** सादड़ी में दुकान के बाहर चबूतरे पर पड़े शुद्ध देशी घी के 25 किलो के तीन डिब्बे चोरी हो गए। घटना राणकपुर सड़क मार्ग पर दोपहर 12 बजे की है। वहीं दुकान के पास लगे सीसीटीवी में तीन बदमाश बाइक पर घी के डिब्बे ले जाते नजर आ रहे है। जानकारी के अनुसार राणकपुर सड़क मार्ग पर लक्ष्मी जनरल स्टोर आया हुआ है। जनरल स्टोर के बाहर बने चबूतरे पर देशी घी के डिब्बे रखे हुए थे। इस दौरान बाइक पर आए तीन बदमाश 25 किलो के तीन डिब्बे चुराकर ले गए। बदमाशों की यह हरकत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में लगी हुई है।

# प्रभारी समन्वयक निष्पक्षता से काम करें: सीरवी

## जालोर महोत्सव को लेकर प्रभारियों की बैठक

■ जालोर (नि.सं.)

जालोर में 10 फरवरी से प्रारंभ हो रहे जालोर महोत्सव-2024 की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिला परिषद सभागार में प्रशिक्षु आइएएस दिव्यांशुसिंह, मुख्य समन्वयक एसडीएम प्रमोद सीरवी व जालोर विकास समिति सचिव मोहन पाराशर की मौजूदगी में महोत्सव के प्रभारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रभारियों से उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों से संबंधित जानकारी लेकर व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी प्रभारियों का एक ड्रेस कोड निर्धारित किया गया। महोत्सव में गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिए स्टेडियम परिसर में एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जिस पर महोत्सव से जुड़ी सभी प्रकार की जानकारी मिल सकेगी। इसके प्रभारी नूर मोहम्मद होंगे। उपखंड अधिकारी प्रमोद सीरवी ने सभी प्रभारियों से अपना-अपना काम पारदर्शिता व निष्पक्षता से करने के सख्त निर्देश दिए। महोत्सव के पहले दिन सवेरे होने वाली शोभायात्रा में भी ड्रेस कोड का निर्धारण करने के साथ आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। दूसरे दिन होने वाले रन फॉर जालोर के लिए 1250 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके टी शर्ट और टोपी आयोजन स्थल पर ही प्रतिभागियों को वितरित किए जाएंगे। विकास समिति सचिव पाराशर ने कहा कि यह महोत्सव हमारा अपना है और सभी समन्वयक



इस भावना को ध्यान में रखकर पूर्ण सामर्थ्य के साथ सौंपे गए कार्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। इस बार महोत्सव में पेयजल की संपूर्ण व्यवस्था मारवाड़ी युवा मंच जालोर की तरफ से रहेगी। एसडीएम प्रमोद सीरवी ने बताया कि आहोर चौराहे की तरफ से आने वाले सभी वाहनचालकों के लिए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था राउमावि आहोर रोड के खेल मैदान में रहेगी। महोत्सव की तैयारियों को लेकर मुख्य समन्वयक एसडीएम सीरवी ने गुरुवार शाम को महोत्सव के समन्वयकों के साथ स्टेडियम परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मीडिया प्रवक्ता सुदर्शन व्यास ने बताया कि इस बार महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, बॉलीवुड नाइट विथ अमित मिश्रा लाइव, बाबा सत्यनारायण मौर्य द्वारा भारत मां की आरती, कवि सम्मेलन, जालोर को जानो ऑनलाइन प्रतियोगिता, काईट प्रदर्शन, कला मंडप, मिस एंड मिस्टर जालोर, बॉडी बिल्डिंग, रामायण सेल्फी पॉइंट, परंपरागत खेल, शॉपिंग फन एंड फूड, आतिशबाजी व प्रसिद्ध दलों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## जिला परिवहन कार्यालय का निरीक्षण

***आबूरोड ( नि.सं. )।*** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी पाली ने जिला परिवहन अधिकारी आबूरोड का आकस्मिक औचिक निरीक्षण किया। कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यालय के सभी कार्मिक कार्यालय में उपस्थित पाए गए। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी करीब 2 घंटे कार्यालय में रूके। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में जाकर रिकार्ड की जांच कर निरीतक्षण किया। फाइलों की पेंडेंसी को लेकर भी सवाल किए। कार्यालय के ऑनलाइन कार्य की भी समीक्षा की गई एवं कमियां पाए जाने पर संबंधित कार्मिक को नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के समय जिला परिवहन अधिकारी के पास सिरोही और आबूरोड का चार्ज होने के कारण आबूरोड नहीं थे।

## मुख्यमंत्री 10 को शांतिवन आएंगे

***आबूरोड ( नि.सं. )।*** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 10 फरवरी को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के मुख्यालय शांतिवन में आयोजित स्वर्णिम राजस्थान कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद वह पहली बार आबूरोड आ रहे हैं। इसके अलावा ब्रह्माकुमारीज द्वारा चलाए जा रहे जल जन अभियान, गोकुल गांव सर्वांगीण विकास अभियान और श्रीअन्न मिलेट्स अभियान का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारियों का दौर जारी है। प्रशासनिक अधिकारी दौरा कर व्यवस्थाओं पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## केक काट मनाया बेटियों का जन्मदिन

***पाली ( नि.सं. )।*** महिला अधिकारिता विभाग पाली की ओर से बालिका जन्मोत्सव मनाने का प्रोग्राम आयोजित किया जाता है। इसके तहत पाली के जवड़िया गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या एक पर बालिका जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पांच बालिकाओं का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। साथ ही कुमकुम टीका लगाकर बालिकाओं के परिजनों को बच्चियों के लिए फ्रॉक, टीशर्ट समेत अन्य उपहार दिए गए।

# उदयपुर को मिलेगी इलेक्ट्रिक बसें, महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट बनेगा

## बजट में दीया कुमारी ने लेकसिटी में रेजिडेंशियल गर्ल्स स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट और अटल इनोवेशन स्टूडियो दिया, गोगुंदा के लिए स्पेशल फंड

■ उदयपुर (नि.सं.)

विधानसभा में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में अंतरिम बजट पेश करते हुए उदयपुर जिले के लिए भी कई घोषणाएं की। बजट में उन्होंने गोगुंदा रिजर्व विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए स्पेशल फंड की घोषणा की है। इसके अलावा महाराणा प्रताप से जुड़े स्थानों के विकास का प्लान भी सामने रखा।

बजट में सबसे पहले दीया कुमारी ने कहा कि पिछली सरकार ने उदयपुर के गोगुंदा सहित प्रदेश के कई इलाकों के लिए राजनीति से प्रेरित होकर कोई योजना लागू नहीं की। ऐसे इलाकों के लिए अस्पताल, कॉलेज, स्कूल खोलने और क्रमोन्नत करने के लिए एक हजार करोड़ का प्रावधान करने की घोषणा की।

दीया कुमारी ने आगे कहा कि प्रदूषण रहित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट में इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए उदयपुर सहित जयपुर, जोधपुर, कोटा शहर में 500 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराने की घोषणा की।



### बजट में क्या मिला उदयपुर को

- महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े स्थान चावंड, हल्दीघाटी, गोगुंदा, कुंभलगढ़, दिवेर और उदयपुर आदि को शामिल करते हुए महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकसित करने के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।
- उदयपुर में बालिकाओं के लिए रेजिडेंशियल गर्ल्स स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट खोलने की घोषणा की। इसकी लागत करीब 25 करोड़ रुपए आएगी।
- उदयपुर में अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड सेंटर खोलने की घोषणा की। इसके तहत युवाओं के लिए इन सेंटर पर विश्व?स्तरीय सुविधाएं मिलेगी।
- दीया कुमारी ने कहा कि पिछली सरकार ने राजनीति से प्रेरित होकर प्रदेश के गोगुंदा सहित सात क्षेत्रों में विकास के लिए कोई योजना स्वीकृत नहीं। अब विकास का क्षेत्रीय संतुलन सुनिश्चित करने के लिए इस विधानसभा क्षेत्र में अतिरिक्त कॉलेज, स्कूल, चिकित्सालय और प्रशासनिक कार्यालय स्थापित करने के साथ ही क्रमोन्नत करने के लिए एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान करने की घोषणा की।
- संभाग मुख्यालय पर रोजगार मेले के आयोजन के साथ ही स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाए जाएंगे
- प्रत्येक जिले में एंटी रोमियो स्क्वाड का गठन किया जाएगा

### प्रताप के जीवन से जुड़े ये स्थान टूरिस्ट सर्किट में


- चावंड (सलूंबर) : महाराणा प्रताप ने चावंड में ही अपने जीवन के अन्तिम दिन व्यतीत किए।यहीं उनका निधन हुआथा और यहां प्रताप की समाधि स्थल है और महाराणा प्रताप स्मारक बना हुआ।
- गोगुंदा (उदयपुर) : महाराणा प्रताप की राजतिलक स्थली गोगुंदा है और उसके विकास के लिए बजट में घोषणा की गई है।
- कुंभलगढ़ (राजसमंद) : महाराणा प्रताप के जन्म स्थली कुंभलगढ़ को भी इसमें शामिल किया गया है।
- उदयपुर॒ उदयपुर शहर के गोगुंदा रोड पर ही महाराणा प्रताप की शस्त्रागार मायरा की गुफा है।
- हल्दीघाटी (राजसमंद) : मेवाड़ तथा मुगलों के मध्य हुए युद्ध में मेवाड़ की सेना का नेतृत्व महाराणा प्रताप ने किया था और युद्ध हल्दीघाटी में ही लड़ा गया था।
- दीवेर (राजसमंद) ॒ मेवाड़ के उत्तरी प्रवेश द्वार दिवेर के विकास के लिए योजना बनाई जाएगी। यहां दिवेर-छापली का युद्ध हुआ था।

### राज्य बजट की ये प्रमुख घोषणाएं

- महिला हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। नारी निकेतन में ष्टष्ट्रञ्जङ्क लगाए जाएंगे।
- अगले साल से आशा सहयोगी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहायिका और पंचायतीराज कर्मचारियों के मानदेय में 10 फीसदी बढ़ोतरी की जाएगी।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1000 से बढ़ाकर 1150 की गई है। इसके लिए 1800 करोड़ का वित्तीय प्रावधान किया गया है।
- स्ट्रीट वेंडर्स और मजदूरो के लिए मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना शुरू की जाएगी। इसमें 100 रुपए तक मासिक प्रीमियम देना होगा। इसके बाद 60 साल पर 2000 रुपए पेंशन मिलेगी।
- 60 से 80 साल तक के वरिष्ठ नागरिकों को अब रोडवेज में आधा किराया ही लगेगा। छूट 30 से बढ़ाकर 50 फीसदी की गई है।
- 70 हजार पदों पर भर्ती होगी, करीब 20 हजार युवाओं को गाइड हॉस्पिटैलिटी की ट्रेनिंग दी जाएगी
- अल्प आय वर्ग, सीमांत किसानों के बच्चों को केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा मिलेगी।
- पहली से आठवीं के सभी छात्र और 9 से 12 वीं तक की छात्राओं को 1000 रुपए मिलेंगे। इससे 70 लाख बच्चों को फायदा मिलेगा।
- बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य पर फोकस रहेगा। इन पर हमारी सरकार का फोकस रहेगा।
- किसानों को मुफ्त बीज किट दिए जांएगे।

### उदयपुर विधायक ताराचंद जैन बोले बहुत कुछ दिया है अंतरिम बजट में भी

उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि अंतरिम बजट में भी दीया कुमारी ने बहुत कुछ दिया है। उन्होंने बताया कि उदयपुर में इलेक्ट्रिक बसें देने के साथ ही महाराणा प्रताप से जुड़े स्थानों के विकास की घोषणा बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि उदयपुर को भी इस बजट में बहुत कुछ दिया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार ने तो कर्जा ही डबल कर दिया है और जो घोषणाएं की उस पर काम तक नहीं किया।



### गांव, किसान, महिलाओं और नौजवान के लिए कुछ भी नहीं

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने वक्तव्य में कहा कि आज यह साबित हो गया की राजस्थान की पर्ची सरकार के पास राजस्थान के विकास का कोई विजन नही है। चौधरी ने कहा कि बजट लेखानुदान में गांव, किसान, महिलाओं और नौजवान के लिए कुछ भी नहीं है। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने कहा कि भाजपा ने राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीमतें गुजरात और यूपी जैसे पड़ोसी राज्यों के समान करने की गारंटी दी थी पर आज लेखानुदान में इसका जिक्र तक नहीं किया गया है।



## एनटीए ने फिर बदला आंसर की मिलाने का पैटर्न

***उदयपुर ( भा.यु. )।*** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन सेशन-1 की आंसर-की, रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स और क्वेश्चन पेपर दोबारा से बुधवार देर रात जारी किए गए। इसके साथ ही स्टूडेंट्स की परेशानी और विरोध के बाद आंसर-की और रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स मिलाने का पैटर्न बदल दिया गया है। अब स्टूडेंट्स पुराने पैटर्न के अनुसार ही रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स और आंसर-की का मिलान कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रोविजनल आंसर-की को चैलेंज करने के लिए आखिरी डेट बढ़ाकर 9 फरवरी कर दी गई है। एनटीए की ओर से इस संबंध में पहले प्रोविजनल आंसर-की चैलेंज करने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसके बाद देर रात करीब 2 बजे फिर से आंसर-की, रिकॉर्डेड रेस्पोंस और क्वेश्चन पेपर जारी किए गए। इसके बाद विद्यार्थियों को कुछ राहत मिली। पूर्व में प्रोविजनल आंसर-की को चैलेंज करने के लिए 8 फरवरी, रात 11 बजे तक का समय दिया गया था। एनटीए की ओर से बीई-बीटेक एवं बीआर्क की 24 जनवरी से 1 फरवरी के बीच हुई सभी 11 शिफ्टों के रिकॉर्डेड रेस्पोंस जारी किए गए हैं। इस सेशन का एनटीए स्कोर 12 फरवरी को जारी किया जाना प्रस्तावित है। गौरतलब है कि एनटीए ने आंसर-की एवं रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स के मिलान के पैटर्न को ही बदल दिया था। इस संबंध में वेबसाइट पर कोई स्पष्टीकरण भी नहीं दिया गया था। ऐसे में जारी की गई आंसर-की को लेकर स्टूडेंट्स में असमंजस और बढ़ गया था। अब एनटीए ने फिर से इस पैटर्न को बदलते हुए पिछले वर्षों की तरह ही विद्यार्थियों के रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स के उत्तर को एवं प्रोविजनल आंसर-की में उत्तरों को ऑप्शन आईडी के रूप में दर्शाया गया है, जिससे स्टूडेंट्स अपने उत्तर को एनटीए के जारी किए गए आंसर-की से स्पष्ट मिलान कर अपने अंकों का अनुमान लगा सकता है।

## पीपली-बी पीएचसी में डॉक्टर सहित 7 लोग नदारद मिले

***उदयपुर ( भा.यु. )।*** उदयपुर के ऋषभदेव ब्लॉक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वितीय (ष्टरूा।ह्) ने पीपली-बी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (क्का।ष्ट) का निरीक्षण किया तो वहां पर एक डॉक्टर सहित स्टाफ के छह सदस्य मिले ही नहीं। उदयपुर में सीएमएचओ डा शंकर बामनिया ने बताया कि सीएमएचओ (द्वितीय) डॉ कांतिलाल पलात ने पीएचसी पीपली बी पहुंचे तो वहां एक चिकित्सक डा कपिल, दो नर्सिंग स्टाफ कांतिलाल और संगीता तथा चार एएनएम कलावती,शिल्पा, लता एवं गंगा बिना पूर्व अनुमति एवं बिना अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित मिले। उन्होंने बताया कि बाद में सभी अनुपस्थित कार्मिकों के नाम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा तीन दिन में जवाब असंतुष्ट होने पर अवैतनिक घोषित किया जाकर कार्रवाई की जाएगी।

# कर्मचारियों ने छुट्टियां ली पर रिकॉर्ड पर चढ़ाया ही नही

## कलेक्टर पहुंचे पंचायत समिति तो खुली पोल, कई कार्मिक समय पर नहीं पहुंचे थे, बिना सूचना अनुपस्थित रहने वालों को देंगे नोटिस

***उदयपुर ( भा.यु. )।*** उदयपुर की एक पंचायत समिति में आज कार्यालय समय पर जिला कलेक्टर पहुंच गए लेकिन वहां के कार्मिक नहीं पहुंच पाए। कलेक्टर ने कार्यालय का रिकॉर्ड देखा तो सामने आया कि छुट्टियां लेने वाले कार्मिकों के आवेदनों को रिकॉर्ड पर चढ़ाया ही नहीं गया। कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। इस दौरान समय पर नहीं आने वालों पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उदयपुर कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल आज टीम के साथ उदयपुर की गिर्वा पंचायत समिति पहुंचे। उस समय तक कई कार्मिक कार्यालय समय में नहीं पहुंचे थे। कलेक्टर ने कहा कि बिना सूचना दिए अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस देकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बाद में कलेक्टर ने पंचायत समिति की अल?ग अलग विंग में जाकर कामकाज देखा और कार्मिकों से सवाल-जवाब किए। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थिति पंजिका देखी और वहां सामने आया कि कुछ कार्मिकों ने पहले छुट्टियां ले रखी उनके आवेदन थे। कलेक्टर ने कहा इन आवेदनों को रिकॉर्ड पर ले रखा क्या तो वहां कोई जवाब नहीं था। कलेक्टर ने नाराजगी जताई कि छुट्टियां लेने वाले के आवेदनों का आगे प्रोसेस क्यों नहीं किया गया, उनको रिकॉर्ड पर क्यों नहीं लिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि ये पूरा रिकॉर्ड का मिलान कर संबंधितों पर कार्रवाई की जाए। इस बीच समय पर कार्यालय नहीं पहुंचे कार्मिकों के बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के लिए कहा। कलेक्टर के साथ अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) शैलेष सुराणा भी साथ थे। उन्होंने पंचायत समिति में आवास और एसबीएम सेक्शन का निरीक्षण भी किया और वहां योजनाओं की ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में ली जानकारी। इस दौरान पोसवाल ने ऑनलाइन पेंडेंसी को जल्द खत्म करने को कहा।

# अनाउंसमैंट कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश

## अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने शहर में जायजा लेकर अतिक्रमण हटाए



***कोटा ( भा.यु. )।*** कोटा यूआईटी के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने गुरुवार को शहर में कई जगह पर निरीक्षण किया। इस दौरान जहां अतिक्रमण नजर आया वहां अनाउंसमेंट कर दो घंटे में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। स्टेशन रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। डिप्टी एसपी आशीष भार्गव ने बताया कि गुरुवार को घोड़ा वाला बाबा चौराहे से रावतभाटा रोड इंदिरा सर्किल के दोनों तरफ राउंड लिया। जहां कई ठेले वाले सड़क किनारे फुटपाथ पर अतिक्रमण कर बैठे नजर आए। ऐसे में इन्हें समझाया गया कि दो घंटे में यह अतिक्रमण हटा लिए जाए नहीं तो यहां अतिक्रमण तोड़ दिए जाऐंगे। इसी तरह चौपाटी की तरफ से छावनी चौराहा पुल के नीचे के आसपास के इलाके में भी अतिक्रमण नजर आए। इन दुकानदारों को भी खुद से अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिए हैं। वहीं बड़ तिराहा से जेडीबी कॉलेज तक खिलौने की दुकानें फिर से लग गई थी। एक महीने पहले इन्हें यहां से हटाया गया था और समझाइश की गई थी।

लेकिन यह नहीं माने, ऐसे में इन दुकानदारों को यहां से हटवाया गया है और साथ ही चेतावनी दी है कि अगर फिर से यहां दुकानें लगाई तो इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। भार्गव ने बताया कि जहां जहां अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं उन्हें वापस चैक किया जाएगा, अगर दुकानदार नहीं माने तो यूआईटी कार्रवाई करेगी।

## पुलिस ने ढाई साल में गुम मोबाइल शहरवासियों को लौटाए

***कोटा ( भा.यु. )।*** कोटा शहर के अलग-अलग थानों में पिछले ढाई साल में गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रेस करके पुलिस ने वापस उनके मालिकों को लौटाया है। गुम हुए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने पुलिस की मुहिम की सराहना की। पुलिस ने 30 लाख कीमत के करीब 185 मोबाइल वापस फोन मालिकों को लौटाए। सिटी एसपी शरद शरद चौधरी ने बताया कि खोए हुए मोबाइल वापस करने का शहर पुलिस का ये चौथा अभियान है। अब तक डेढ़ करोड़ के मोबाइल रिकवर करके लोगों को वापस कर चुके हैं। इसी कड़ी में वृत चतुर्थ के अलग-अलग थाना क्षेत्र से गुम/चोरी हुए करीब 30 लाख कीमत के 185 मोबाइल को जनता को वापस किया है। इनमें सबसे ज्यादा महावीर नगर थाना क्षेत्र से 100, अनंतपुरा थाना क्षेत्र से 40 व आरकेपुरम थाना क्षेत्र से 45 मोबाइल गुम हुए थे। डीएसपी हर्षराज खरेड़ा ने बताया कि अलग-अलग स्थानों में पिछले ढाई साल में गुमशुदा मोबाइल फोन की दर्ज रिपोर्ट पर फोन को रिकवर करने के लिए टीम का गठन किया। इसके बाद साइबर टीम ने ढ्ढरूश्वढ्ढ नम्बर के जरिए गुमशुदा मोबाइल को ट्रेस करने का अभियान चलाया। आरकेपुरम थाने से कांस्टेबल अजय व अंकित, महावीर नगर थाने से हरिओम व विश्वेन्द्र, अनंतपुरा थाने से बुद्धाराम व परसराम गुम हुए मोबाइल लगातार सर्च करते रहे। रुति ने बताया कि सितंबर 22 में स्वामी विवेकानंद नगर इलाके से बाइक सवार बदमाश उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए थे। मोबाइल 16-17 हजार कीमत का था। उसी दिन थाने में शिकायत दी थी। उम्मीद नहीं थी कि मोबाइल मिल जाएगा। आज थाने से कॉल आया तो बड़ी खुशी हुई। पुलिस पर भरोसा बढ़ गया। विकास कुमार मीणा ने बताया कि 7-8 महीने पहले शॉपिंग के बाद खाना खाने जा रहा था। रास्ते में बाइक सवार दो युवक 12 हजार कीमत का मोबाइल छीनकर ले गए। उन्हें मोबाइल वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी।

## कार की टक्कर से पुलिस मित्र की मौत

कोटा (भा.यु.)। कार में पेट्रोल भरवाकर बिना रुपए दिए भागे युवकों ने पुलिस मित्र को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पुलिस मित्र करीब 30 फीट दूर जाकर गिरा। उसकी मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने आर्थिक मदद की मांग करते हुए पहले तो थाने के बाहर धरना दिया। उसके बाद करीब 45 मिनट तक हाइवे पर धरने पर बैठे रहे। हाइवे पर दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई। हादसा कोटा के मंडाना थाना क्षेत्र में बुधवार रात साढ़े 7 बजे हुआ। मोडक थाना क्षेत्र के कमालपुर पेट्रोल पंप से कार सवार तीन युवकों ने डीजल भरवाया था। युवक बिना पैसे दिए गाड़ी लेकर फरार हो गए थे। इसकी सूचना पर मोडक पुलिस व मंडाना थाना पुलिस ने नाकाबंदी की। नाकाबंदी देखकर युवक कार को वापस दरा की तरफ लेकर भागे। पुलिस ने इसकी सूचना पुलिस मित्र दिनेश गुर्जर (36) रावठा निवासी को दी। पुलिस मित्र दिनेश अपने साथियों के साथ कार को रोकने के लिए सड़क पर खड़े हो गए। कार सवार युवकों ने सड़क पर खड़े पुलिस मित्र को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुलिस मित्र 15 फीट ऊपर उछलकर बिजली के तारों से छूटकर करीब 30 फीट दूर जा गिरे। गंभीर हालत में पुलिस मित्र को मंडाना सीएससी लेकर पहुंचे। जहां से उसे कोटा हॉस्पिटल रैफर किया गया। वहां इलाज के दौरान पुलिस मित्र की मौत हो गई। दिनेश की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने शव को साथ लेकर सुबह 9 बजे से थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। बाद में साढ़े 12 बजे बाद शव को लेकर कोटा-झालावाड़ हाइवे पर धरना दिया। हाइवे पर जाम लगा दिया। ग्रामीण 51 लाख की आर्थिक मदद व परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग पड़ गए। धरना स्थल पर बीजेपी नेता व पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत भी पहुंचे। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से समझाइश की। 16 लाख की आर्थिक मदद व परिवार के एक सदस्य को सविता पर नौकरी देने की बात पर परिजन व ग्रामीण माने। पुलिस की ओर से 5 लाख, देवा भड़क की और से 5 लाख व मुख्यमंत्री सहायता कोष से 6 लाख की आर्थिक मदद देने पर सहमति बनी। एडिशनल एसपी अरुण माच्या, डीएसपी गजेंद्र सिंह,एसडीएम लाडपुरा, थाना अधिकारी, पटवारी नायब तहसीलदार मौके पर मौजूद रहे।

# कोटा में चलेगी इलेक्ट्रिक बसें : लाडपुरा में कॉलेज खुलेगा, मथुराधीश मंदिर में होगा विकास कार्य

■ कोटा (नि.सं.)

वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में अंतरिम बजट किया। बजट में वित्तमंत्री ने कोटा के लाडपुरा में कॉलेज, स्कूल, हॉस्पिटल व प्रशासनिक कार्यालय खोलने की घोषणा की। साथ ही कोटा सहित बड़े शहरों में 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की घोषणा की।आस्था के केंद्र बड़े मथुरेशजी मंदिर में विकास कार्य करवाए जाने की घोषणा की।




### ये मिली सौगात

- इलेक्ट्रिक बसें चलेगी।
- लाडपुरा में कॉलेज,स्कूल, प्रशासनिक कार्यालय की घोषणा।
- आस्था के केंद्र श्री बड़े मथुरेश जी मंदिर में विकास कार्य होंगे।
- जिले में आदर्श आंगनबाड़ी बनेगी।
- चीनी व गुड़ पर मंडी टैक्स समाप्त। लैंड टैक्स समाप्त करने की घोषणा।
- बुजुर्गों को रोडवेज किराए में 50 फीसदी की छूट मिलेगी अब तक ये छूट 30 फीसदी थी।
- नए थानों में साइबर हेल्प डेस्क तैयार होगी।
- जिले में एंटी रोमियो स्क्वायड ,महिला हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। नारी निकेतन में ष्टष्ट्रञ्जङ्क लगाए जाएंगे।
- जिले में रोजगार मेले और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम लगाए जाएंगे।
- किसानों को मुफ्त बीज किट दिए जाएंगे।
- किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट कार्ड।

इस बार कोटावासियों को बजट से काफी उम्मीद थी। क्योकि पिछले साल की ज्यादातर बजट घोषणाएं धरातल पर नहीं उतरी है। कुछ घोषणाओं पर काम जरूर शुरू हुआ है। कांग्रेस सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले बजट में कोटा में चंबल रिवर फ्रंट के सेकंड फेज के निर्माण के लिए 350 करोड़ की घोषणा की थी। इसमें ग्रीन रिवर फ्रंट बनाए जाना था। सरकार बदलते ही सेकंड फेज पर ब्रेक लग गया। लोगो को उम्मीद थी कि रिवर फ्रंट के सेंकड फेज को लेकर घोषणा हो सकती है। वित्त मंत्री ने रिवर फ्रंट के सेकंड फेज को लेकर कोई घोषणा नही की।

वहीं कैंसर रोगियों के लिए 55 करोड़ की लागत से लीनियर एक्सीलेटर मशीन लगाई जानी थी। इसके लिए पिछले बजट में अजमेर व कोटा को 54 करोड़ के बजट की घोषणा की थी। लेकिन मशीन खरीद की दर 42 करोड़ होने के कारण खरीद प्रक्रिया पर ब्रेक लग गया। कोटा को 27 करोड़ की ही राशि मिली थी।

पिछले बजट में कोटा में विशेष योग्यजन महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा भी कागजों में सिमट कर रह गई।अलनिया मध्यम सिंचाई परियोजना की शेष रही कच्ची नहर को 30 करोड़ से लाइनिंग व जीर्णोद्धार कार्य शुरू नहीं हो पाया। शहर की थ्री डी कुंडली तैयार नहीं हुई। इसमें शहर का डिजिटल डाटा तैयार करना था।नहरों वितरिकाओं व माइनरों की बची हुए पक्की लाइनिंग व खेत सुधार के काम शुरू नहीं हुए।

### ये घोषणा पूरी हुई

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को मानसिक तनाव व अवसाद से बचाने के लिए कोटा में साइकोलॉजिकल काउंसलिंग सेंटर खुला।मेडिकल कॉलेज कोटा के सुपर स्पेशलिटी विंग में न्यूरोसाइंस सेंटर की स्थापना हो गई।बाईपास सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 64 करोड़ की लागत से कार्डियो थोरेसिक सर्जरी मशीन लगा दी गई।

## चॉइस इंटरनेशनल ने प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के साथ मिलाया हाथ

# राजस्थान में सोलर फाइनेंसिंग के लिए 100 करोड़ रुपए की जताई प्रतिबद्धता

■ जलतेदीप , जयपुर

चॉइस फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड (चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड की सहायक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) शाखा) ने प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के हिस्से के रूप में सोलर फाइनेंसिंग के लिए 100 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की अपनी महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता की घोषणा की। जयपुर में आज की गई यह महत्वपूर्ण घोषणा सौर ऊर्जा और सतत विकास को बढ़ावा देने के सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए चॉइस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

हाल में घोषित अंतरिम बजट 2024 में मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए सौर ऊर्जा परियोजनाओं, हरित हाइड्रोजन पहल और पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 11,500 करोड़ रुपए से अधिक के आवंटन की महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। सौर पहलों के लिए 10,000 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है जो 4,757 करोड़ रुपए के संशोधित अनुमान से 110त्न की वृद्धि है। इसी तरह, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लिए बजटीय आवंटन में पांच गुना (500प्रतिशत) की वृद्धि देखी गई है, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 600 करोड़ रुपए तक पहुंच




गया है। सरकार की ओर से यह वित्तीय प्रोत्साहन चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड की नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में योगदान करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। कंपनी का लक्ष्य सौर ऊर्जा और सतत विकास को बढ़ावा देने में अपने प्रयासों को बढ़ाने के लिए बढ़े हुए बजटीय समर्थन का लाभ उठाना है।

प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के साथ जुड़कर चॉइस फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड (सीएफपीएल) रूफ टॉप सोलर प्रोजेक्ट्स के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। कंपनी राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली एनसीआर (हरियाणा और उत्तर प्रदेश सहित), महाराष्ट्र और अन्य में सौर वित्तपोषण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम कर रही है। अपनी प्रचुर धूप के साथ राजस्थान सौर ऊर्जा परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा है। राज्य की सौर सब्सिडी पहल ने व्यापक रूप से सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है, जिससे यह सौर वित्तपोषण के लिए एक प्रमुख क्षेत्र बन गया है। चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड राजस्थान में बढ़ते सौर ऊर्जा के रुझान को अच्छी तरह पहचानती है और इसका उद्देश्य रूफटॉप सौर परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके महत्वपूर्ण योगदान देना है, जिससे कार्बन उत्सर्जन कम किया जाकर स्वच्छ, हरित वातावरण को बढ़ावा दिया जा सके।

चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड के सीईओ अरुण पोद्दार ने सौर वित्तपोषण में कंपनी के वेंचर के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड को प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के साथ जुड़ने और राजस्थान में सौर ऊर्जा के विकास में योगदान देने पर गर्व है। 100 करोड़ रुपए की हमारी प्रतिबद्धता सतत विकास में हमारे विश्वास और नवोन्वेषी वित्तीय समाधान में सबसे आगे रहने के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है।

चॉइस फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ श्री विजेंद्र शेखावत ने कहा कि सीएफपीएल रूफटॉप सौर परियोजनाओं के वित्तपोषण में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए उत्साहित है। हम सरकार की पहल का समर्थन करने और ऐसे वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो व्यक्तियों, समुदायों और व्यवसायों को स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा विकल्प अपनाने के लिए सशक्त बनाते हैं।

राजस्थान में सौर वित्तपोषण में अग्रणी वित्तीय संस्थानों में से एक के रूप में चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड का लक्ष्य व्यक्तियों, समुदायों और व्यवसायों को स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा विकल्पों को अपनाने के लिए सशक्त बनाना है। कंपनी का रणनीतिक कदम न केवल सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करता है, बल्कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरणा बनने की उसकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड सौर वित्तपोषण परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने, आर्थिक विकास को गति देने, रोजगार सृजन करने के अवसर देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य में योगदान देने के लिए तत्पर हैं।

## वैशाली फार्मा की वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में आय में 37.59 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि

■ जलतेदीप , जयपुर

वैशाली फार्मा लिमिटेड, फार्मास्यूटिकल प्रोडक्ट्स के विभिन्न रेंज के उत्पादन और मार्केटिंग में लगी हुई, ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही और 9 महीने के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, वैशाली फार्मा लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, अतुल वासानी ने कहा कि हम हमारे वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही का परिणाम पेश कर हर्षित है, जो इनोवेशन, उच्च गुणवत्ता के मानकों और बहुमूल्य भागीदारियों के मार्फत व्यापक ग्लोबल विस्तार के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

गौरतलब है कि हमने एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के मार्फत हमारे नए ब्रांड 'हैल्थ ई' को पेश किया है, जो स्वास्थ्य और कल्याणकारी सॉल्यूशंस प्रदान करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, जो जीवन में इजाफा करते हैं। इसके अतिरिक्त सीपीएचआई बर्सिलोना (स्पेन) में हमारी भागीदारी ग्लोबल मार्केट में हमारी सक्रिय सहभागिता को रेखांकित करती है। हम फार्मास्यूटिकल प्रोडक्ट्स सेगमेंट समेत मौजूदा सहयोग और व्यूहात्मक उपक्रम हमें भावी ग्रोथ की स्थिति में लाते हैं।हम हमारी यात्रा के उत्कृष्टता, स्टेकहोल्डर की वैल्यू को प्राथमिकता देने और ग्लोबल हैल्थ केयर सुधार में उल्लेखनीय योगदान देने की दिशा में आगे बढ़ने की प्रतीक्षा कर रहे हैं कि अक्टूबर 24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर 2023 - दिसंबर 2023) की विशेषताएं कंपनी ने सीपीएचआई बार्सिलोना (स्पेन) में प्रदर्शनी लगायी विश्व भर में सीपीएचआई एक अति व्यापक और मान्यता प्राप्त फार्मास्यूटिकल प्रदर्शनी है। यह प्रदर्शनी छह विशेष जोन में विभाजित है, प्रत्येक जोन फार्मास्यूटिकल सप्लाई चैन के एक विशेष चरण को प्रस्तुत करता है।

एपीआई और मशीनरी प्रदर्शन से लेकर आउटसोर्सिंग और बायो फार्मास्यूटिकल्स तक विश्व भर में सीपीएचआई हेल्थ केयर उद्योग के विस्तार के लिए हॉलिस्टिक अप्रोच प्रदान करती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ब्रांड 'हैल्थ ई' पेश किया गया कंपनी ने अपने नए ब्रांड 'हैल्थ ई' का अनावरण किया। यह महत्वपूर्ण घटनाक्रम कंपनी के स्वास्थ्य और कल्याणकारी सॉल्यूशंस प्रदान करने के मौजूदा समर्पण को रेखांकित करती है, जो जीवन में वृद्धि करने के साथ ठीक होने की गति में इजाफा करता है।इसके पेश करने के केंद्र में 'हैल्थ ई' बायोटीन और मल्टीविटामिन गुम्मीज को पेश किया जाना है। हेयर, स्कीन और कुल मिलाकर स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए तैयार किया गया यह एक महत्वपूर्ण प्रोडक्ट है। यह महत्वपूर्ण गुम्मीज बायोटीन, महत्वपूर्ण विटामिन और कुदरती तत्वों को मिश्रित करने की संभावना बढ़ता है तथा हेयर ग्रोथ की गति तेज करने के साथ स्किन रेडियंस को बढ़ाता है और कुल मिलाकर जीवनशैल में इजाफा करता है।

### श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा का वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 186 प्रतिशत बढ़ा

■ जलतेदीप , जयपुर

श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड (बीएसई-530977), कर्नाटक राज्य में सीमेंट के निर्माण और सोलर पावर जनरेशन तथा वितरण में लगी हुई ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड के चेयरमैन वेंकटेश कटवा ने कहा कि मानसून सीजन के निष्कर्ष का अनुकरण करते हुए हम आम तौर पर अनुकूल अवधि का अनुभव करते हैं, जैसा कि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में हमारा सुधारित प्रदर्शन जिसका प्रमाण है। जिससे दोनों ऑपरेटिंग और शुद्ध स्तरों पर लाभप्रदता में उल्लेखनीय सुधार दिखाई दिया है।हमारा सुधारित प्रदर्शन का श्रेय मुख्य रूप से प्रभावी लागत व्यवस्थापन और कच्चे माल की कीमतों में नरमी के चलते हो सकता है। हम यह रुझान बरकरार रहने का अनुमान लगा रहे हैं जिससे हम वित्त वर्ष की शेष अवधि में हमारा मार्जिन प्रोफाइल बरकरार रखने में समर्थ होंगे।तिमाही के दौरान हम अन्य सकारात्मक डेवलपमेंट्स के गवाह रहे।

कंपनी को अपनी सोलर क्षमता 37 एमडब्ल्यूपी से बढ़कर 40 एमडब्ल्यूपी करने की अनुमति प्राप्त हुई और हमारी कैपेक्स योजना क्षमता विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए ट्रैक पर बनी हुई है। हमें जुलाई 2024 से परीक्षण उत्पादन शुरू होने का अनुमान है जिससे हमारी ग्रोथ ट्रांजैक्टरी को और बढ़ावा मिलेगा।हम हाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए हर्षित हूं, जो उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता से प्रदर्शित होती है। हम पिछले तीन वर्ष से जीरो प्रोडक्ट फैलियर हासिल करने और सीमेंट की सर्वोच्च गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्स (बीआईएस), हुबली द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

## संजय और ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के मेगा रक्तदान शिविर का कई शहरों में किया गया सफल आयोजन

■ जलतेदीप़ जयपुर

संजय और ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन (एसजेएफ) ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ साझेदारी के तहत गुरुवार को दिल्ली, पुणे, मुंबई, नागपुर, मोहाली, इंदौर,जयपुर, उदयपुर और अहमदाबाद सहित कई शहरों में एक मेगा रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। रक्तदान शिविर एक बार फिर संजय और ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा सार्थक योगदान देकर समाज को वापस देने और रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने में दयालुता और सामुदायिक भागीदारी को प्रेरित करने की साझा प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

पिछले 2 साल के अभियानों की सफलता की गति को जारी रखते हुए, इस साल के रक्तदान शिविर में लोगों की भारी उपस्थिति के साथ उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन



हुआ। इस बार 1100 से ज्यादा लोगो ने रक्तदान शिविर में भाग लिया। एसजेएफ के संयुक्त प्रयासों के माध्यम से, इन शिविर को अलग अलग बैकग्राउंड (पृष्ठभूमियों) का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों भारी समर्थन मिला, जिसमें एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के कर्मचारी, उनके दोस्त, परिवार और ग्राहक शामिल थे।

चूंकि राजस्थान अभियान का केंद्र था, इसलिए शहर में कई स्थानों पर रक्तदान केंद्र स्थापित किए, जिनमें एयू बैंक - जगतपुरा कार्यालय, आतिश मार्केट में एयू केंद्रीय कार्यालय, टोंक रोड पर एयू क्षेत्रीय कार्यालय, एयू बैंक शाहपुरा, एयू बैंक हाउस गोपालबाड़ी और एयू बैंक उदयपुर कार्यालय शामिल हैं। यह अभियान रेड क्रॉस सोसाइटी और श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति की साझेदारी में किया गया। इस पहल का उद्देश्य न सिर्फ रक्तदान को सुविधाजनक बनाना है बल्कि जीवन बचाने में स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी है। फाउंडेशन ने रक्तदाताओं को 'हेलमेट' देकर रक्तदान अभियान में बड़ी भागीदारी को प्रोत्साहित किया, जिससे सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग जागरूकता की भी वकालत की गई।

यह कार्यक्रम संजय एंड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के को-फाउंडर और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के फाउंडर और एमडी व सीईओ संजय अग्रवाल के 54वें जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर एक वृक्षारोपण अभियान भी देखा गया, जिसके तहत जयपुर में 54 पेड़ लगाए गए। वृक्षारोपण अभियान में पर्यावरणीय स्थिरता के महत्व पर जोर दिया गया। इसके अलावा, इस अभियान में अंग दान के महत्व को बताया गया, साथ ही इसमें शामिल लोगों ने इस नेक काम में अपना समर्थन देने का वादा किया। इसके अलावा, कार्यक्रम के वॉलंटियर्स (स्वयंसेवकों) ने अनाथालय घरों का दौरा किया और समुदाय के भीतर खुशहाली और करुणा फैलाई।

इस अवसर पर संजय और ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन (एसजेएफ) की फाउंडर ट्रस्टी, ज्योति अग्रवाल ने इस अभियान में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को उनके अटूट समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपकी निस्वार्थ उदारता ने न सिर्फ हमारे दिलों को कृतज्ञता से भर दिया है, बल्कि भारी संख्या में लोगों के जीवन को उम्मीद की किरण से रोशन कर दिया है। हमारे समुदाय में करुणा की किरण बनने के लिए धन्यवाद।

उन्होंने जीवन बचाने में रक्तदान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और परोपकार और सामाजिक जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व के बारे में बताया। इस साल के अभियान को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया करुणा और एकजुटता की सामूहिक शक्ति का प्रमाण है।

## रियल एसेट्स द्वारका ग्रुप का हुआ भव्य उद्घाटन



■ जलतेदीप़ , जयपुर

फार्म हाउस आवासिय योजना रेजिडेंसी द्वारका ग्रुप का उद्घाटन कृष्णा सागर, इस्कॉन मंदिर, पत्रकार कॉलोनी जयपुर में हुआ। द्वारका ग्रुप के डायरेक्टर शंकर शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा एवं विशिष्ट अतिथि खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर थे।

शंकर शर्मा ने बताया की द्वारका ग्रुप जयपुर वासियों के लिए घर जैसे फ्लैट एवं विला बनाता है। जिनकी गुणवता सबसे बेस्ट एवं सबसे ज्यादा भरोसेमंद होती है। उन्होंने कहां की हमारा उद्देश्य है की कम पैसों में फूल स्पेस के साथ उनको फ्लैट्स में घर जैसा माहौल मिले। उन्होंने कहाँ की हम इस प्रकार डिज़ाइन करते है जिससे कस्टमर का पैसा एवं समय दोनों बचता है।

### लोन देने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उठाए कदम

■ जलतेदीपं, जयपुर

लोन देने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सभी रिटेल और एमएसएमई लोन के संबंध में प्रमुख तथ्यों के विवरण के विस्तार के लिए उठाया गया कदम स्वागत योग्य है, जिससे ग्राहकों को फैसला लेने से पहले अपनी पूरी वित्तीय देनदारी को समझने में मदद मिलेगी। फिलहाल, लोन और अग्रिम राशि में ब्याज दर के अलावा प्रोसेसिंग फीस, डॉक्यूमेंटेशन शुल्क जैसे फीस और शुल्क शामिल होते हैं। केएफएस की मदद से लोन लेने वाले ग्राहकों को सभी चीजों को शामिल करने वाली वार्षिक प्रतिशत दर तथा लोन की वसूली एवं शिकायत निवारण तंत्र के बारे में जरूरी जानकारी प्राप्त होगी, जिसके बाद पूरी तस्वीर उनके सामने होगी, साथ ही एमएसएमईएस जैसे लोन लेने वाले ग्राहकों के आत्मविश्वास और जागरूकता में भी बढ़ोतरी होगी। वर्तमान में, केएफएस को विशेष रूप से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा निजी तौर पर ग्राहकों को दिए जाने वाले लोन, आरईएस द्वारा दिए जाने वाले डिजिटल लोन तथा माइक्रोफाइनेंस लोन के संबंध में अनिवार्य किया गया है।

## सिएट इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग अपने उद्घाटन सीजन में लगा रही बड़ी छलांग
## गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल होंगे अहमदाबाद रेस के चीफ गेस्ट

■ जलतेदीपं, अहमदाबाद

सिएट इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (आईएसआरएल) अपने उद्घाटन सीजन के दौरान भारत के मोटरस्पोर्ट्स के परिदृश्य में एक क्रांतिकारी छलांग लगाकर इतिहास बनाने के लिए तैयार है। लीग के मुख्य अतिथि गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल होंगे, जो सीजन वन की दूसरी रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। अहमदाबाद रेस 11 फरवरी 2024 को होगी। अत्याधुनिक मल्टी–पर्पज स्टेडियम ईकेए एरेना (पूर्व में द एरेना/ट्रांसस्टेडिया एरेना) में इस सुपरक्रॉस रेसिंग का रोमांचकारी नजारा देखने को मिलेगा।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल ने कहा कि हम सिएट इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग द्वारा गुजरात को अपने प्रमुख आयोजन स्थलों में से एक के रूप में चुने जाने से खुश हैं। यह गुजरात के प्रगतिशील दृष्टिकोण का एक और प्रमाण है। गुजरात में खेल हस्तियों को तैयार करने की एक समृद्ध विरासत है, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और यह लीग मोटरस्पोर्ट्स के क्षेत्र में हमारे राज्य की प्रतिष्ठा को और बढ़ाएगी। मुझे यह जानकर अच्छा लगा कि इसके संस्थापकों में से एक गुजरात से खूब नाम कमाकर निकले हैं और अब वह गुजरात और मोटरस्पोर्ट्स को वैश्विक स्तर पर ऊपर उठाने के



प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं। गुजरात ने खेल के विभिन्न क्षेत्रों में टेलेंट को आगे बढ़ाने के लिए एक समर्पित खेल नीति लागू की है और सीएट इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग जैसी पहल खेल कौशल और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के हमारे दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है।%

लिलेरिया ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर और सिएट आईएसआरएल के सह-संस्थापक वीर पटेल ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, %गुजरात से ही मेरा जुनून परवान चढ़ा था, यहीं मुझे अपना पहला प्लेटफार्म मिला। मैं गुजरात के समर्थन, प्यार और मार्गदर्शन के लिए आभारी हूं। सिएट इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग केवल रेसिंग नहीं है; यह अपने देश में मोटरस्पोर्ट्स के ताना–बाना तैयार करने का एक सफर है।

पटेल ने कहा कि मोटरस्पोर्ट्स एक्सीलेंस के एक नए युग की शुरुआत करते हुए हम मुख्य अतिथि के रूप में भूपेन्द्रभाई पटेल को अपने साथ पाकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इस सीजन में, लगभग 80प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के साथ पोडियम के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले 48 राइडर्स सीएट आइएसआरएल की वैश्विक अपील का सबूत है। यह फ्रैंचाइजी–बेस्ड सुपरक्रॉस रेस अपनी तरह की पहली रेस है और हमारा लक्ष्य भारत को सुपरक्रॉस वर्ल्ड की धुरी बनाना है।

सीजन वन की पहली रेस पुणे में आयोजित की गई, जिसमें 10,000 से अधिक दर्शकों ने अंतर्राष्ट्रीय चैंपियन और उभरती भारतीय प्रतिभाओं का उत्साह बढ़ाया। चार श्रेणियों 450 सीसी इंटरनेशनल राइडर्स, 250 सीसी इंटरनेशनल राइडर्स, 250 सीसी इंडिया-एशिया मिक्स और 85 सीसी जूनियर वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। दुनिया के विभिन्न कोनों से भारत में जुटे स्पेशल राइडरों के साथ यह सीरीज वैश्विक स्तर पर सुपरक्रॉस वर्चस्व के लिए जंग का अंतिम मैदान बनने के लिए तैयार है

## प्रमुख सचिव यूडीएच और एलएसजी ने किया स्मार्ट सिटी लिमिटेड का दौरा
### स्मार्ट सिटी के सीईओ रहे मौजूद




■ जलतेदीप़ , जयपुर

प्रमुख सचिव यूडीएच और एलएसजी टी. रविकांत ने गुरूवार को जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड में इंटीग्रेटेड सिटी ऑपरेशन सेंटर का दौरा किया और नगर निगम जयपुर हेरिटेज और जयपुर स्मार्ट सिटी द्वारा किए गए एसडब्ल्यूएम और सिटी सर्विलांस कार्यों की निगरानी की समीक्षा की।

उन्होंने वास्तविक समय के आधार पर नगर निगम के विभिन्न जोनों और वार्डों द्वारा उपयोग की जा रही सभी निगरानी और सुधार उत्पादकों पर चर्चा की।

विवरण विभिन्न प्रकार की मशीनों जैसे फ़िलपर्स, लोडर आदि का उपयोग करते हैं। नगर निगम जयपुर हेरिटेज द्वारा उपयोग किए जा रहे सॉफ़्टवेयर के माध्यम से आईसीसीसी में चर्चा और जाँच भी की गई। उन्होंने नगर निगम हेरिटेज द्वारा अपनाई जा रही निगरानी प्रक्रियाओं के बारे में मार्केट एसोसिएशन और जनता को जागरूक करने का भी सुझाव और सलाह दी।

इस दौरान जयपुर स्मार्ट सिटी के सीईओ व हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा व हैरिटेज निगम के अधिशाषी अभियंता आशीष गर्ग भी उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों का मनोबल उंचा रखने व माहौल अच्छा रखने हेतु हेरिटेज निगम की अभिनव पहल

### निगम के 10 कार्मिकों को किया एम्पलोई आफ दि वीक से सम्मानित



■ जलतेदीप़ ,जयपुर

नगर निगम जयपुर हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने गुरूवार को निगम के मुख्यालय सहित समस्त जोन के सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले 10 सफाई कर्मचारियों, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों, वाहन चालकों को सम्मानित किया।

हैरिटेज महापौर श्रीमति मुनेश गुर्जर ने बताया कि जो भी कर्मचारी स्वयं के कार्यस्थल पर अपने कार्यों के प्रति जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से निभाते है व अपने कार्यों का बेहत्तर प्रदर्शन करते हैं उन्हें हैरिटेज निगम की तरफ से सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के रूप में सम्मानित किया जाना शुरू किया गया है ।

आयुक्त अभिषेक सूराणा ने बताया कि उन्होंने मुख्यालय की समस्त शाखाओं व जोन उपायुक्तों को प्रति सप्ताह ऐसे 10 कर्मचारियों का चयन करने के निर्देश दिए हैं जो अपना कार्य पूर्ण क्षमता से करते हैं।

इस दौरान कुलदीप चाँवरिया मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, लच्छीराम शर्मा समयपालक, राकेश मीणा सीवर जेटिंग वाहन चालक, अभय सिंह टेउक्टर वाहन चालक, कृष्ण कुमार प्रजापति सफाई कर्मचारी, अल्ताफ हूपर वाहन चालक, भगवान पचेरवाल मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, कृष्णा तम्बोली सफाई कर्मचारी, मोहन लाल यादव जेसीबी वाहन चालक व सीमा सिओत्रा सफाई कर्मचारी सहित कुल 10 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहम्मद, संजु पारीक सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अनमोल इंडिया लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 24 की नोमाही में शानदार वित्तीय परिणाम पेश किए

■ जलतेदीपं, लुधियाना

अनमोल इंडिया लिमिटेड, सप्लाई चेन मैनेजमेंट इंडस्ट्री, कमोडिटी ट्रेडिंग और कोल इम्पोर्ट में लीडिंग प्लेयर्स में से एक, ने अपनी बोर्ड मीटिंग में 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए कंपनी के अनऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंजूरी दे दी है।

फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, मैनेजमेंट ने कहा कि हमें वित्तीय वर्ष 2024 के पहले नौ महीनों के लिए अपनी कंपनी के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है। ऑपरेशनल रेवेन्यू 5.60 प्रतिशत बढ़कर 1098.36 करोड़ रुपये हुआ, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 1040.10 करोड़ रुपये था। यह ग्रोथ हमारे लचीले व्यवसाय मॉडल और स्ट्रेटिजिक इनीशिएटिव्स के प्रभावी निष्पादन का प्रमाण है। इसके अलावा, हमारा एबिटा 29.28प्रतिशत बढ़कर 34.75 करोड़ रुपये हुआ, जबकि वर्ष की समान अवधि में यह 26.88 करोड़ रुपये था। हम इस महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ अपने सभी व्यवसायों में ऑपरेशनल एक्सीलेंस और लाभप्रदता को अनुकूलित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अलावा, हमारे कर पश्चात लाभ में अच्छी वृद्धि देखी गई, जो 19.40त्न बढ़कर 16.99 करोड़ रुपये हुआ, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 14.23 करोड़ रुपये था। मौजूदा बाज़ार चुनौतियों के बावजूद, हमारे व्यवसाय के बुनियादी सिद्धांत मज़बूत और लचीले हैं।

अपनी लॉन्ग-टर्म ग्रोथ स्ट्रेटजी के अनुरूप, हमें वर्किंग कैपिटल की आवश्यकताओं और रणनीतिक अधिग्रहणों के लिए योग्य संस्थागत खरीदारों (त्त्ख्ख्य) से पूंजी प्राप्ति की मंजूरी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अगले पांच वर्षों में, ये पहल हमारी ऑर्गेनिक और इनॉर्गेनिक विकास योजनाओं का अभिन्न अंग होंगी। हमारी मार्केट पोजीशन को मज़बूत करने के अलावा, ये स्ट्रेटिजिक इन्वेस्टमेंट्स हमारे स्टेकहोल्डर के लिए स्थायी मूल्य सृजन को बढ़ावा देंगे। हम उभरते बाज़ार परिदृश्य को देखते हुए अपनी विकास पहलों को क्रियान्वित करना जारी रखते हैं। हम अपने शेयरधारकों, ग्राहकों और कर्मचारियों के निरंतर समर्थन के लिए आभारी हैं और हम अपने सभी प्रयासों में सस्टेनेबल वैल्यू और उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।÷

अनमोल इंडिया का नेतृत्व विजय गोयल कर रहे हैं जिनके पास कोल इंडस्ट्री में 37 वर्षों का अनुभव है और आईएसबी के पूर्व छात्र चक्षु गोयल, जो हाल ही में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल हुए हैं और उन्होंने तब से कंपनी के विकास को आगे बढ़ाने के लिए अनेक डिजिटल इनिशिएटिव शुरू किए हैं। अनमोल ने अपनी स्थापना के बाद से ही उल्लेखनीय ग्रोथ के साथ सप्लाई चेन मैनेजमेंट इंडस्ट्री, कमोडिटी ट्रेडिंग और कोल इम्पोर्ट कोयला में एक प्रतिष्ठित स्थान अर्जित किया है। कंपनी ने भारत में 100 विभिन्न स्थानों पर ग्राहकों से विश्वास और वफादारी हासिल की है।

कंपनी ने कमोडिटी ट्रेड के लिए एक एंड-टू-एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट दृष्टिकोण को अपनाते हुए एक महत्वपूर्ण परिवर्तन किया है। इस व्यापक रणनीति में उन्नत रिसर्च क्षमताओं और एक अनुकूलित ग्लोबल सोर्सिंग स्ट्रेटिजि द्वारा समर्थित सेवाओं की एक वाइड रेंज शामिल है। इसने महत्वपूर्ण पहलुओं को सुव्यवस्थित करके अपने ऑपरेशन्स को मज़बूत किया है, जिसमें सी फ्रैट (समुद्री माल ढुलाई) का कॉर्डिनेशन, सावधानीपूर्वक कार्गो हैंडलिंग, मज़बूत इंश्योरेंस अरेंजमेंट्स, सावधानीपूर्वक फंड मैनेजमेंट, एफिशिएंट इलेंड लॉजिस्टिक्स और सीमलेस लास्ट-माइल डिलीवरी शामिल है।

इन सुधारों को इसकी महत्वाकांविस्तार योजना के हिस्से के रूप में लागू किया गया है, जो पहले से कहीं अधिक मज़बूत और कुशल प्रणाली सुनिश्चित करता है। कंपनी सेल्स बढ़ाने और जियोग्राफीकल डाइवर्सफिकेशन, फ्लेक्सबिलटी, अडैप्टबिलटी और नेगोशिएशन पावर के रणनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए पोर्टफोलियो और डेमोग्राफिक डाइवर्सफिकेशन सहित स्ट्रेटिजिक विविधीकरण का लक्ष्य रख रही है। अनमोल इंडिया लिमिटेड बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध है। यह अपने शेयरधारकों को दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी पारदर्शी और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं में विश्वास करती है और कॉर्पोरेट प्रशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए समर्पित है।

# भोले-भाले

*पहले विचार आया कि काटापिटी करने की बजाय खाली स्थान छोड़ कर आगे 'भाले' उकेर दिया जाए। ऐसा करते तो शीर्षक का रूप-सिणगार अलग दिखाई देता। फिर विचार आया कि खाली जगह छोड़ने की बनिस्पत क्रॉस लगा के देख लिया जाए। दोनों सोच पर सहमति नही बनी तो सिक्का उछाल के फैसला किया गया तो काटापिटी जीत गई। लिहाजा क्रॉसजदा शीर्षक लटका दिया गया। शहर की एक हथाई पर आज उसी के चर्चे हो रहे थे।*

*इसे विडम्बना ही कहा जाएगा कि दिमाग अपना। मन-मष्तिस्क अपना। विचार अपना। सोच अपनी। इसके बावजूद सहमति नही बनी। मन का एक कोना खाली स्थान के पक्ष में-दूसरा क्रॉस के। अंतिम निर्णय तो शीर्षक के रूप में लटकता दिख ही गया। दूसरे शब्द के आगे खाली जगह छोड़ी जाती तो हैडिंग....... भाले के रूप में नजर आता। अभी दिख रहा है उससे कुछ अलग। उससे कुछ जुदा। उससे कुछ अलहदा। दिमाग पर जोर डाल के देखिए कि अपनी ही सोच और अपने ही विचार होने के बावजूद दिल और दिमाग दो भागों में बंट गए तो हम-आप के लिए भिन्न भिन्न विचार रखने वालों को क्या दोष दें और क्यूं दें।*

*ऐसा पहली बार नही हुआ। ना केवल हमारे साथ हुआ बल्कि कई लोगों के साथ हो चुका है। मन कुछ और कहता है-दिमाग कुछ और। दिल कुछ और जपता है। सोच के कुछ और जपने का एहसास होता है। ऐसा होने पर फैसला लेने के अपने तौर। अपने तरीके। आडू टाइप के लोग होगा सो देखा लगेगा की सोच कर कदम आगे बढा देते हैं। कई बंदे बजरंग का जैकारा लगा के। कई बंदे बड़े-सयानों की सीख मार्ग पर चलते नजर आ जाणे है। ज्ञानी-ध्यानी कहते है-'जब अपन कोई फैसला लेने की स्थिति में ना हों, तो ईश्वर पे छोड दो। वो जो भी करेंगे-सही करेंगे। तीसरा विकल्प 'टॉस' करके। सिक्का उछाल के। चित या पुट। हैड या टेल। चौथा रास्ता परची निकाल के निर्णय करने का। हमने चित-पुट करके फैसला लिया और सार्वजनिक कर दिया।*




*खाली स्थान और काटापिटी के बीच अवैध रिश्ता भी नहीं। खाली स्थान वाम तो काटापिटी दक्ष। इसके बावजूद दोनों के करेक्टर किसी ना रूप में आम से लेकर खास आदमी से जुड़े हुए। रिक्त स्थानों की पूर्ति हम-अपन स्कूली समय से करते आए हैं। हिन्दी सैकंड में इनका अपना महत्व। हिन्दी व्याकरण में विलोम शब्द। पर्यायवाची शब्द उसमें। भांत-भांत के विषयों पर प्रार्थना पत्र और लेख उसमें। धनजी माट्साब ने गाय और मेरा गांव पर इतने लेख लिखवाए और इतनी बार लिखवाए कि आज भी याद है। कोई चैलेंज करे तो लिख भी सकते है और रट्टा मार के बता भी सकते हैं। उसी में रिक्त स्थानों की पूर्ति नाम के सवाल हुआ करते थे। जिसके आगे-बीच में या एंड में खाली स्थान छोड़कर लाइन पूरी करने को कहा जाता था। हमने लाइन का प्रयोग ना कर आगे खाली स्थान छोड़कर पीछे भले लिखने की सोची मगर सिक्का उछलकर काटापिटी के खाते में आ गया। अगर खाली स्थान होता तो शीर्षक बनता.......... भाला काटापिटी का अंजाम क्या हुआ। आप सब देख ही रहे है।*

*वैसे काटापिटी भी किसी ना किसी रूप में हम-आप से जुड़ी रही है। लिखा-पढी के दौरान काट-पीट हो जाती है। कोई शब्द या अक्षर गलत लिख दिया तो काट के सही कर दिया जाता है। कई दफे संख्या और आकड़े काटपीट के सही कर दिए जाते है। दरजी वस्त्रों और जीनगर चमड़े से काटपीट करता रहा है। कसाई क्या काटता है-लिख कर बताने की जरूरत नही। पुराने बखत के युद्धों के दौरान मार- काट हुआ करती थी। शब्दों और अक्षरों या पंक्तियों की काटापिटी को छोड़कर हमें अन्य किसी काटपीट पे यकीन नहीं। क्यूं कि दरजी और जीनगर का पेशा काटापिटी से जुड़ा है लिहाजा उनको भी छोड़ द्यो। वरना मारकाट या धां.. धूं.. वाली काटपीट के हम सदा विरोधी रहे है। भाले के आगे लिखे 'भोले'को क्षणिक रूप से इसलिए काटा कि जरूरत थी।*

*असल शब्द हैं-भोले-भाले। क्यूंकि आज कल चंटो और छाटकों का जमाना है। भोला प्रजाति लुप्त प्राय होती जा रही है। इसलिए भोले पर क्रॉस कर दिया। पीछे बचा भाले। तो भाई जहां तक नजर जाए दौड़ा के देख लीजिए आप को भाले ही भाले नजर आएंगे। शब्दों में भाले। कार्यों में भाले। राहों में भालें। मार्गों में भाले। समाज में भाले। शासन-प्रशासन में भाले। व्यवस्था में भाले। जुबान में भाले। गली-गुवाड़ी में भाले। अड़ोस-पड़ोस में भाले। ग्रामीणों और बच्चों को भोला-भाला कहा जाता था। वो भी हम-आप को बेच के आ जाएं जैसे बन गए।*

*इन्हीं गवाह-सबूतों और काल-परिस्थितियों को देखते हुए हमने 'भाले' पर पर क्रॉस कर दिया। समाज में चहूं ओर फैले भालों से कैसे बचना है। यह हम-आप को तय करना है।*

# न्यायाधीश और अधिवक्ता न्यायपालिका रूपी रथ के दो पहिये : श्रीवास्तव

## राजस्थान उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश का स्वागत-अभिनंदन

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में औद्योगिक क्षेत्र स्थित कंकुदीप गार्डन में राजस्थान उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव का स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष आनन्द पुरोहित के साथ अन्य पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने मुख्य न्यायाधीश का जोधपुरी रवायत के अनुसार साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया।




मुख्य न्यायाधीश श्रीवास्तव ने एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश और अधिवक्ता न्यायपालिका रूपी रथ के दो पहिये है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त में न केवल न्यायपालिका बल्कि अधिवक्ताओं को भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उच्च न्यायालय में नियुक्त न्यायाधीश इन चुनौतियों से अछूते नहीं है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के साथ ही प्रदेश की न्याय पालिका को अत्यन्त सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगा। कार्यक्रम के अंत में एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों द्वारा मुख्य न्यायाधिपति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि समस्त न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी, राजकीय अधिवक्ता, लॉयर्स एसोसिएशन की उपाध्यक्ष पिंटू पारीक, महासचिव मनीष टाक, सहसचिव ऋषि सोनी, कोषाध्यक्ष शुभम मोदी, पुस्तकालय सचिव चिराग खत्री, कार्यकारिणी सदस्य महिपाल बिश्नोई, खेतसिंह राजपुरोहित, खुश्बू व्यास, दीपिका सोनी, राहुल व्यास, गोपाल सान्दु, राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया सहित भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता विवेक श्रीमाली ने किया।

# मंचीय कलाओं में बढ़ते डिजिटल हस्तक्षेप पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस शुरू

## तीन दिन तक होगा मंथन, नाटक ब्रोकन इमेजेज का मंचन भी होगा

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। भारतीय नाट्य शोध परिषद और एमबीएम यूनिवर्सिटी की साझा मेजबानी में आज से एमबीएम यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस शुरू हुई। एमबीएम यूनिवर्सिटी के पीआरओ आर्किटेक्ट कमलेश




कुम्हार ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन आज सुबह एमबीएम यूनिवर्सिटी परिसर स्थित इंटरनेशनल सेमिनार हाल में विख्यात नाट्यधर्मी, निर्देशक, लेखक, कवि और इप्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रसन्ना द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता एमबीएम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफ़ेसर अजय कुमार शर्मा ने की। स्वागत प्रोफ़ेसर विकास कपूर, प्रोफ़ेसर रवि चतुर्वेदी, प्रोफ़ेसर विभा शर्मा, प्रोफ़ेसर डीएस चौहान द्वारा किया गया। संयोजक एवं आयोजन सचिव प्रोफेसर विकास कपूर ने बताया कि आज जहां विभिन्न सिनेमाई क्षेत्रों के साथ मंच प्रदर्शन कलाओं में भी डिजिटल हस्तक्षेप बढ़ रहा है और मंच प्रदर्शन कला एक नई परिभाषा को गढ़ रही है और इसमें वर्चुअल रियलिटी जैसे आयाम भी शामिल हो रहे है। पारंपरिक कलात्मक प्रथाओं को उन्नत प्रौद्योगिकियों के साथ मिश्रित करने से कलाओं का नया अनुभव जन्म ले रहा है, जो स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म और सोशल मीडिया आदि के जरिए भौगोलिक सीमाओं को पार कर कलात्मक अभिव्यक्ति का प्रदर्शन अब वैश्विक दर्शकों तक पहुंचने लगा है। इस कॉन्फ्रेंस में देश दुनिया के विद्वान, शोध छात्र, रंगकर्मी, कलाकार आदि सहभागिता कर इन्हीं निहितार्थों के उद्देश्य, इसके प्रभाव और भविष्य पर एक विस्तृत चर्चा की जाएगी। तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस में प्रतिदिन चार सत्रों का आयोजन होगा। साथ ही एक फिल्म बॉर्डर लैंड्स की स्क्रीनिंग और एक नाटक ब्रोकन इमेजेज का मंचन भी किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस के आखिर में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

# निगम आयुक्त ने एसटीपी प्लांट के निरीक्षण के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

## दक्षिण निगम के वार्ड संख्या 36 के प्रभारी को चार्जशीट

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। नगर निगम आयुक्त दक्षिण की शुभ मंगला ने गुरुवार को नगर निगम अधिकारियों के साथ शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन करने के साथ ही सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विकास कार्यों को लेकर और सफाई व्यवस्था में सुधार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त टी शुभ मंगला ने सालावास सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और बासनी बेंदा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बासनी बेंदा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदक फर्म को गुणवत्ता के साथ कार्य को निर्धारित समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यूनिवर्सिटी नाले और अंदाराम स्कूल के पास बन रहे ड्रेनेज नाले का अवलोकन किया। आयुक्त दक्षिण ने निर्माण कार्य के दौरान उपयोग में ली जा रही निर्माण सामग्री का निरीक्षण किया और अधिकारियों से इसके प्रगति रिपोर्ट पर जानकारी ली। उन्होंने संवेदक फर्म को कहा कि मानसून सीजन से पूर्व इन दोनों ड्रेनेज नलो का निर्माण कार्य पूरा किया जाए, ताकि बारिश के दिनों में जल भराव की समस्या ना हो। आयुक्त ने शोभावतो की ढाणी स्थित आश्रय स्थल का भी अवलोकन किया। आश्रय स्थल की सफाई व्यवस्था और यहां आने वाले लोगों के लिए दी जाने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। आयुक्त दक्षिण ने वार्ड संख्या 36 में सफाई व्यवस्था का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में जगह-जगह कचरे के ढेर होने और गंदगी फैली होने पर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर की और वार्ड प्रभारी को चार्जशीट देने के निर्देश दिए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता सुधीर माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संपत मेघवाल, एक्सईएन आलोक माथुर उपस्थित थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे आज जोधपुर आएंगी

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया शुक्रवार को जोधपुर आएगी।



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे शुक्रवार को वायुयान से जोधपुर आएगी तथा पूर्व सांसद मानेवंद्र सिंह जसोल के पाबुपुरा स्थित फार्म हाउस जाकर उनकी पत्नी स्व. चित्रासिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। इसके साथ ही वे पूर्व विधायक सूर्यकांता व्यास के निवास स्थान पर भी जाएगी और उनसे भेंटकर उनकी कुशलक्षेम पूछेगी। दोपहर बाद वे वायुयान से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएगी।

# डॉ. राजपुरोहित को शब्द अलंकरण श्रेष्ठ कृति सम्मान

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के छात्र रहे टैक्सास यूनिवर्सिटी ऑस्टिन अमेरिका में हिन्दी के प्रोफ़ेसर डॉ. दलपत सिंह राजपुरोहित को उनके द्वारा लिखी गई पुस्तक



सुंदर के स्वप्न आरंभिक आधुनिकता, दादूपंथ और सुंदरदास की कविता को साहित्य जगत के जाने माने पुरस्कार शब्द अलंकरण श्रेष्ठ कृति सम्मान 2023 से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2022 में प्रकाशित श्रेष्ठ हिंदी कृतियों में से कथेतर वर्ग में राजकमल से प्रकाशित राजपुरोहित की कृति का भी चयन किया गया है। डॉ. दलपतसिंह को पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए, प्रशस्ति पत्र व गंगा प्रतिमा देकर सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार साहित्य के क्षेत्र में अपना विशेष महत्व रखता है। डॉ. दलपतसिंह राजपुरोहित की अंग्रेज़ी में लिखी एक पुस्तक इन द श्राइन ऑफ़ द हार्ट राजस्थान के संत साहित्य पर है जो जर्मनी से प्रकाशित है। अगली पुस्तक हिंदी के रीतिकाल के कवि पद्माकर पर है जो हॉर्वर्ड विश्वविद्यालय प्रेस अमेरिका से शीघ्र प्रकाशित होने वाली है। उनके शब्द अलंकरण पुरस्कार के लिए चयनित होने पर हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. महीपाल सिंह राठौड़, प्रो. केएल रैगर, डॉ. प्रेमसिंह, डॉ. महेन्द्रसिंह, डॉ. फ़त्ताराम नायक के साथ अनेक शिक्षकों एवं शहर के साहित्यकारों ने बधाई दी।

# जिला कलक्टर ने दो स्थानीय अवकाश घोषित किए

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट गौरव अग्रवाल ने एक आदेश जारी कर जोधपुर तथा जोधपुर ग्रामीण जिले में वर्तमान वर्ष 2024 में दो स्थानीय अवकाश घोषित किए है।

आदेश के अनुसार आगामी 2 अप्रैल को शीतला अष्टमी (कागा मेला) तथा 5 सितंबर को बाबा रामदेव मसूरिया मेला का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

# जेडीए दस्ते ने सारण नगर से खोखरिया फाटक तक अतिक्रमण हटाए

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा सड़क मार्गाधिकार के अतिक्रमणों पर कार्यवाही के क्रम में गुरुवार को सारण नगर वीर तेजाजी आरओबी से खोखरिया फाटक तक सड़क मार्गाधिकार के अतिक्रमणों को हटाया गया। प्राधिकरण दस्ते द्वारा सारण नगर वीर तेजाजी आरओबी से खोखरिया फाटक तक मुख्य सड़क मार्ग एवं फुटपाथ का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क भाग व फुटपाथ में निर्मित छप्परे, साईन बोर्ड, दुकानों के आगे रखा गया सामान, चाय के स्टैण्ड, लोहे की फ्रेम, केबिन, तिरपाल, ढेला इत्यादि से अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण पाए गए। दस्ते द्वारा कार्यवाही करते हुए उक्त अवैध अनाधिकृत अतिक्रमणों को हटाते हुए सड़क मार्गाधिकार को अतिक्रमण मुक्त कर आवागमन हेतु सुचारू किया गया। साथ ही दस्ते द्वारा ग्राम खोखरिया के खसरा संख्या 217 भूखंड संख्या 37 के पास 4 गुणा 20 फीट में अवैध रूप से सड़क मार्गाधिकार में किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। दस्ते द्वारा उपस्थित दुकानदारों व संचालकों को सख्त हिदायत दी गयी कि अतिक्रमण मुक्त सड़क मार्ग में किसी प्रकार से पुनः अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण नहीं करें, अन्यथा प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत, पुलिस निरीक्षक दक्षिण जोगेन्द्र सिंह, भू अभिलेख निरीक्षक शैतान सिंह, प्रवर्तन निरीक्षक पश्चिम अनिल शर्मा, पुलिस थाना बनाड़ जाब्ता मय अतिक्रमण दस्ते द्वारा की गई।

# जैन साध्वियों का आध्यात्मिक मिलन

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। सरदारपुरा स्थित मेघराज तातेड़ भवन में आचार्य महाश्रमण की शिष्या साध्वी गुप्ति प्रभा आदि ठाणा 4 का साध्वी कमल प्रभा आदि ठाणा 5 से आध्यात्मिक मिलन हुआ। साध्वी गुप्ति प्रभा सहयोगी साध्वियों के साथ इंदिरा विहार स्थित किरणमल गांग



के निवास से विहार करते हुए सरदारपुरा स्थित मेघराज तातेड भवन पहुंची। जहां साध्वी कमल प्रभा आदि साध्वियों से उनका आध्यात्मिक मिलन हुआ। मार्ग में तेरापंथी सभा से सुदर्शन भंसाली, तेयुप सरदारपुरा से मनसुख संचेती, निरंजन तातेड, अभिषेक संचेती, सौरभ बाफना, सौरभ भंसाली व राहुल छाजेड ने सहभागिता दर्ज करायी। तेरापंथ युवक परिषद के सहमंत्री मनसुख संचेती ने बताया कि चातुर्मास के शेष काल में साधु साध्वियों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर विहार का क्रम प्रारंभ जारी रहता है। उसी के तहत जोधपुर में निरंतर साधु साध्वियों के आने का क्रम चल रहा है। तेयुप सरदारपुरा द्वारा विहार सेवा में सहयोगी बन सेवा के दायित्व का निर्वहन किया जा रहा है। साधु साध्वियों के साथ पैदल सेवा कर तेयुप के सदस्य सेवा में सहयोगी बन रहे है। तेयुप द्वारा साध्वी जिनबाला, साध्वी प्रमिला कुमारी, साध्वी गुप्ति प्रभा, साध्वी कमल प्रभा, साध्वी कुंदन प्रभा आदि साध्वियों के साथ पद विहार कर विहार सेवा में अपनी सहभागिता दर्ज कराई गयी।

# फोरेंसिक साइंस में कैरियर अवसरों की जानकारी दी

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। राजकीय महाविद्यालय जोधपुर की एनएसएस सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं फोरेंसिक साइंस में कैरियर अवसरों के संबंध में जानकारी दी। एनएसएस प्रभारी डॉ. महिमा गुप्ता ने बताया कि यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल हनुमानसिंह ने पीपीटी तथा लघु फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना, महिला प्रकोष्ठ तथा प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में करियर ऑप्शंस एंड स्कोप इन फॉरेंसिक साइंस एंड साइबर सिक्योरिटी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर अर्चना गौड ने बताया कि वर्कशॉप के मुख्य वक्ता डॉक्टर शर्मा ने साइबर क्राइम से बचने के लिए रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में चर्चा की तथा फोरेंसिक साइंस और साइबर सिक्योरिटी में विभिन्न करियर ऑप्शंस के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। प्राचार्य डॉक्टर संतोष जैन ने विद्यार्थियों को करियर के अवसरों की खोज करने के लिए प्रयास करने का सुझाव दिया। एनएसएस जिला समन्वयक डॉक्टर शैलेंद्र गहलोत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सचांलन सूरजमल सैनी ने किया।

# खेजड़ली में बनेगा अमृता देवी विश्नोई देसी प्लांट केंद्र

## देसी वनस्पति को मिलेगी पहचान, शहरी क्षेत्र में चलेगी इलेक्ट्रिकल बसें

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। राजस्थान ने अपना पहला बजट जनता के सामने रख दिया है। जोधपुर में सीधे तौर पर इस बजट में इलेक्ट्रिकल बस चलाने व खेजड़ली गांव में अमृता देवी विश्नोई नाम से देसी प्लांट केंद्र बनाने की घोषणा की गई है। इस प्लांट से पश्चिम राजस्थान के किसानों को काफी फायदा होने वाला है।

राजस्थान का अंतरिम बजट उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में पेश किया। इस बजट में जोधपुर की आम जनता के लिए भी काफी कुछ है। प्रदेश में करीब 70 हजार युवाओं के लिए भर्तिया निकाली जाएगी। साथ ही बुजुर्ग व महिलाओं के पेंशन में 150 रुपए बढ़ाए जाएंगे। अंतरिम बजट में जयपुर, जोधपुर व कोटा में 500 इलेक्ट्रिकल बसें चलने कही घोषणा की है। यह बसें जोधपुर के शहरी क्षेत्रों में सिटी बस के रूप में चलाई जाएगी जिससे की शहर के प्रदूषण को कम किया जा सकेगा। साथ ही लोगों को नई तकनीक से रुबरू करवाया जाएगा।

बजट में जोधपुर के खेजड़ली गांव में अमृता देवी विश्नोई देसी प्लांट केंद्र बनाने की घोषणा की गई है। इस प्लांट में पश्चिम राजस्थान में उगने वाली सभी देशी वनस्पति को बढ़ावा दिया जाएगा जिसमें खेजड़ी, कुमठ, केर के साथ ही कई तरह की घास व अन्य देसी पौधे शामिल होंगे। बता दे कि अभी भी जोधपुर में इन देसी प्लांट पर काफी काम किया जा रहा है। जिससे किसानों को फायदा हो सके। अब सरकार के इस कदम के बाद यहां और ज्यादा बढ़ावा मिलेगा।

# श्री श्रीयादे माता का दो दिवसीय जयन्ती महोत्सव कल से

**शोभायात्रा 11 को, 51 झांकियां होगी शामिल**

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। कुम्हार (प्रजापति) समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि श्री श्रीयादे माता का दो दिवसीय जयन्ती महोत्सव दस फरवरी से शुरू होगा। इसके तहत श्री श्रीयादे माता जयन्ती महोत्सव समिति द्वारा शोभायात्रा सहित कई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष लूणाराम घोडेला ने बताया कि समारोह के अन्तर्गत जोधपुर को 41 प्रखण्डों में विभाजित किया गया है। समारोह में प्रथम दिन दस फरवरी को सायं पांच श्री श्रीयादे माता मन्दिर रातानाडा पर भजन संध्या आयोजित होगी। इस भजन संध्या में कालुराम प्रजापति कमल, पन्नालाल टटवाडिया, चेतन ऐणिया के नेतृत्व में समाज के भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन 11 फरवरी को सुबह 10.30 बजे श्री श्रीयादे माता मन्दिर रातानाडा से शोभायात्रा निकाली जाएगी। महासचिव सुरेश कुमार मनोरिया ने बताया कि शोभायात्रा रातानाडा से प्रारम्भ होकर नई सडक़, घण्टाघर, कन्दोई बाजार, कटला बाजार, सिटी पुलिस, सर्राफा बाजार, आडा बाजार, कुम्हारियां कुआं, जालोरी गेट, गोल बिल्डिंग, सरदारपुरा होते हुए गांधी मैदान पहुंचकर विसर्जित होगी। सचिव राजेश मंगल ने बताया कि शोभायात्रा में 51 सामाजिक, धार्मिक, देशभक्ति से ओतप्रोत झांकियां शामिल होगी जिसमें फाइटर विमान, भारतीय कमाण्डो तोप सहित एवं शैक्षणिक झांकियों के साथ भजन मण्डलियां, पंजाब का अनोखा भांगड़ा डांस, जोधपुर की प्रसिद्ध बैण्डों द्वारा मधुर स्वर लहरियां, सोजतसिटी की सुप्रसिद्ध कच्छी घोड़ी नृत्य आकर्षण का केन्द्र होंगे। संरक्षक केशव कवाडिया व विनोद ऐणिया ने बताया कि शोभायात्रा में झाकियों के साथ ही ऊंट, बग्गी, रथ के अलावा व्यायामशाला के कार्यकर्ताओं द्वारा हैरतअंगेज व्यायाम प्रदर्शन किए जाएंगे। समिति के संयोजक रामनिवास मंगरोला ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि अमराराम घोडावड तथा विशिष्ट अतिथि रामसिंवर सारडीवाल, कैबिनेट मंत्री जोराराम



कुमावत एवं पार्षद रामस्वरुप गुडिया, अनिल गुंगावण, सुगनदेवी बागरेचा, मूमल बनावडिया़, पुखराज बनावडिया़, मंजू देवी चान्दोरा तथा केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, शहर विधायक अतुल भंसाली, सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी, महापौर कुन्ती परिहार व वनिता सेठ, शान्तिलाल लिम्बा, शशिप्रकाश प्रजापत उपस्थित रहेंगे। समिति के मुख्य संरक्षक दशरथकुमार कवाडिया व रामकिशोर सोतवाल ने बताया कि सभी प्रखण्ड प्रमुखों को साफा पहनाकर कार्यभार सौंपा जाएगा। कोषाध्यक्ष मुनाराम मोरवाल ने बताया कि श्री श्रीयादे शक्तिपीठ की बहुआयामी प्रस्तावित योजना को अतिशीघ्र अंजाम दिया जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूरजप्रकाश भोभरिया व श्रीराम लिम्बा ने बताया कि समिति ने इस बार महिलाओं को समुचित प्रतिनिधित्व देने के लिए महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जिसमें महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष लक्ष्मीदेवी सिनाबडिया एवं उपाध्यक्ष संगीता सोतवाल को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है।

# किशोर कुमार निकला बांग्लादेश का मोहम्मद मेहमूद आलम टूलू

## पाकिस्तान भी जा चुका है, जोधपुर में इलाज के दौरान हुआ खुलासा, एटीएस ने जयपुर से दो युवकों को भी पकड़ा

जैसलमेर, 8 फरवरी (निसं)। जिले की एक होटल में किशोर कुमार बनकर काम करने वाले बांग्लादेश के मोहम्मद मेहमूद आलम टूलू को नाम बदलकर फर्जी डॉक्युमेंट्स के साथ भारत में रहने के मामले में एटीएस ने पकड़ा है। एटीएस ने उसके फर्जी दस्तावेज बनाने वाले 2 अन्य युवकों को भी जयपुर से पकड़ा है। इन तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सभी को 5 दिन के रिमांड पर भेजा गया है। एटीएस अब तीनों से फर्जी डॉक्युमेंट्स को लेकर पूछताछ करेगी।

मोहम्मद मेहमूद आलम टूलू बांग्लादेश का नागरिक है। वो लंबे समय से भारत में किशोर कुमार के नाम से फर्जी दस्तावेजों के साथ रह रहा था। इस दौरान उसने दिल्ली, अमृतसर और जैसलमेर में काम किया। जोधपुर में इलाज के दौरान उसके पासपोर्ट के आधार पर किशोर कुमार बने मोहम्मद मेहमूद आलम का खुलासा हुआ। पूछताछ में फर्जी दस्तावेज़ बनाने वाले भी पकड़े गए।

अब एटीएस पूरे गिरोह का भंडाफोड़ करने में लगी है। एटीएस की पूछताछ में ये सामने आया कि मोहम्मद मेहमूद आलम टूलू उर्फ किशोर कुमार बचपन में काम करने के उद्देश्य से पाकिस्तान गया था। वहां पर उसने पाकिस्तानी महिला से शादी की थी। कोरोनाकाल के दौरान अपनी जायदाद को संभालने के लिए बांग्लादेश आया था, जहां से उसने बांग्लादेशी पासपोर्ट और वीजा से भारतीय सीमा में प्रवेश किया। भारत में फर्जी नाम बताकर दिल्ली, अमृतसर और राजस्थान में रहने लगा। इस दौरान उसने होटलों में काम किया।

**जयपुर से बनाए दस्तावेज :** राजस्थान रहने के दौरान मोहम्मद मेहमूद आरोपी परमानन्द भेरवानी उर्फ नन्दू और दीपक यादव से जयपुर में आकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वोटर आईडी कार्ड और आधार कार्ड बनवाया। किशोर कुमार के नाम से उसने जैसलमेर में होटल में चाय बनाने और बर्तन धोने का काम किया। इस दौरान मोहम्मद मेहमूद बीमार हुआ और वो जोधपुर इलाज करवाने गया। जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल में उसके पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों में नाम में गड़बड़ी दिखने से हॉस्पिटल ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस की जानकारी पर एटीएस ने मोहम्मद को पकड़ा। इसके बाद उससे पूछताछ में उसने 2 अन्य युवकों के बारे में बताया जिन्होंने उसके आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनाए थे।

**जयपुर के दो युवक पकड़े :** बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद ने पूछताछ में 2 अन्य युवकों के बारे में बताया। एटीएस-एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि जैसलमेर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद मेहमूद आलम टूलू उर्फ किशोर कुमार (63) के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले जवाहर नगर जयपुर निवासी आरोपी परमानन्द भेरवानी उर्फ नन्दू और बहरोड़-कोटपूतली निवासी आरोपी दीपक यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी भारतीय दंड संहिता, धारा 14 विदेशी विषयक अधिनियम 1946 और धारा 12 पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत पुलिस थाना एसओजी जयपुर में मामला दर्ज किया गया है।

# बकाया यूडी टैक्स वसूलने के लिए नगर निगम उत्तर का अभियान जारी

## दुकानदारों ने मौके पर ही बकाया यूडी टैक्स जमा करवाकर रुकवाई सीज कार्यवाही

जोधपुर, 8 फरवरी (कासं)। शहर में यूडी टैक्स की वसूली को लेकर नगर निगम उत्तर की ओर से चलाया जा रहा विशेष अभियान गुरूवार को भी जारी रहा और राजस्व एवं अतिक्रमण टीम ने मौके पर पहुंचकर बकाया यूडी टैक्स की वसूली की। आयुक्त उत्तर अतुल प्रकाश के बताया कि कई प्रतिष्ठानों के लंबे समय से ड्यूटी टैक्स बकाया है। इसको लेकर नगर निगम उत्तर की ओर से पूर्व में नोटिस जारी कर बकाया यूडी टैक्स जमा करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद भी कई बकायादारो ने यूडी टैक्स जमा नहीं करवाया, जिस पर इन प्रतिष्ठानों को सीज करने के निर्देश दिए थे। आयुक्त के निर्देश पर राजस्व अधिकारी अनिल बिश्नोई और अतिक्रमण प्रभारी रवि प्रकाश बारासा की टीम ने महामंदिर मारवाड़ नगर क्षेत्र में पहुंचकर 1 प्रतिष्ठान को सीज कार्रवाई शुरू की, जिस पर दुकानदार ने मौके पर ही 1,54,629 रुपए का चैक सौंपा।

वही अतिक्रमण प्रभारी गणेश धारू की टीम ने घोड़ा चौक स्थित दो प्रतिष्ठान और तूरजी का झालरा स्थित एक प्रतिष्ठान को यूडी टैक्स जमा नहीं करवाने पर सीज कार्रवाई शुरू की। तीनों दुकानदारों ने मौके पर ही बकाया यूडी टैक्स का चैक सौंपा। अतिक्रमण प्रभारी गणेश धारू की टीम में 6 ,21, 506 रुपए का बकाया यूडी टैक्स वसूल किया। आयुक्त उत्तर अतुल प्रकाश ने बताया कि यूडी टैक्स जमा नहीं करवाने वालों के खिलाफ नगर निगम उत्तर सख्त कार्रवाई करेगा।


स्वतत्वाधिकारी मैसर्स जलतेदीप की ओर से मुद्रक, प्रकाशक पदम मेहता द्वारा मेहता ऑफसेट प्रिंटर्स, मानजी का हत्था, पावटा, जोधपुर से मुद्रित तथा जलतेदीप कार्यालय, मानजी का हत्था, पावटा, जोधपुर से प्रकाशित। फोन : 0291-2546896 संपादक : पदम मेहता। RNI NO. 26443/66